सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-308 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 20 अप्रैल 2024
10 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com

पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म

60 प्रतिशत से ज्यादा हुई वोटिंग

लोकतंत्र

- बंगाल-मणिपुर में हुई हिंसा
- उप्र में 57.61 प्रतिशत, उत्तराखंड में 53.64 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में 63 प्रतिशत मतदान हुआ

नई दिल्ली। लोकतंत्र के महापर्व में मतदान को लेकर देश भर के मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए शुक्रवार को हुए मतदान में छत्तीसगढ़, मणिपुर और पश्चिम बंगाल के कुछ स्थानों पर हुई हिंसक घटनाओं को छोड़ दें तो देश के बाकी हिस्सों में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ।

तेज गर्मी के बाद भी लोगों ने घरों से निकलकर जमकर मतदान किया। पहले चरण की 102 सीटों पर औसतन करीब 60 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग हुई है। इनमें सबसे अधिक वोटिंग त्रिपुरा में करीब 80 व पश्चिम बंगाल में करीब 77 प्रतिशत हुई है, वहीं सबसे कम वोटिंग बिहार में करीब 47 प्रतिशत हुई है। वहीं उत्तर प्रदेश में 57.61 प्रतिशत, उत्तराखंड में 53.64 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ में करीब 63 प्रतिशत मतदान हुआ है। 2019 के कुल चरणों की औसत वोटिंग 67 फीसद थी। मतदान को लेकर मतदाताओं का सबसे खास रुझान जम्मू- कश्मीर से देखने को मिला, जहां अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार आम चुनाव हो रहे है। वहां मतदान को लेकर लोग इस कदर उत्साहित दिखे कि अचानक से सुबह हुई बारिश के बाद भी मतदान केंद्रों में लाइनों में लगे रहे। चुनाव आयोग ने जम्मू- कश्मीर के मतदाताओं के इस उत्साह को जमकर सराहा भी है।

1625
प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद

त्रिपुरा में	80%
पं बंगाल में	77%
बिहार में	47%

पहले चरण में लोकसभा की 102 सीटों के साथ अरुणाचल प्रदेश व सिक्किम विधानसभा के लिए भी मतदान हुए है। इसके नतीजे चार जून को आएंगे। गौरतलब है कि 2019 में लोकसभा चुनाव में कुल 67.40 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक पहले चरण में कुल 1625 प्रत्याशी मैदान में हैं, इनमें 134 महिला उम्मीदवार भी है। इसी चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।

इसके साथ ही लंबे समय से जातीय संघर्ष से घिरे मणिपुर में भी मतदाताओं ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है, जहां करीब 67 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके साथ पहले चरण के इस चुनावी दंगल में मैदान में उतरे 1625 प्रत्याशियों की किस्मत भी ईवीएम में कैद हो गई है।

अब आटा के लिए संघर्ष कर रहा है पाकिस्तान : पीएम मोदी

कटाक्ष

- हमारी सरकार राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के साथ काम करती है : प्रधानमंत्री
- भारत अब दूसरे देशों को उच्च तकनीक वाले हथियार निर्यात कर रहा

दमोह। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पाकिस्तान पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो देश आतंक निर्यात करता था, वह अब आटा के लिए संघर्ष कर रहा है। पीएम मोदी ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के दमोह में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए की। उन्होंने कहा कि दुनिया में कई ऐसे देश हैं जिनकी हालत बेहद खराब हो गई है। कई लोग दिवालिया हो रहे हैं। यहां तक कि हमारा एक पड़ोसी, जो आतंकवाद का आपूर्तिकर्ता था, अब आटा की आपूर्ति के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत, जो विदेशों से हथियार खरीदता था, अब दूसरे देशों को उच्च तकनीक वाले हथियार निर्यात कर रहा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के लोगों को केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के लिए वोट करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत के साथ काम करती है और कभी भी किसी भी तरफ से दबाव के आगे नहीं झुकती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राज्य अमेरिका सहित पश्चिम के दबाव के बावजूद रूस से तेल खरीदने के भारत के कदम का भी बचाव किया। उन्होंने कहा कि देश की जनता को सस्ता तेल और किसानों को पर्याप्त खाद मिले, इसके लिए हमने देशहित में ये फैसला लिया है। हमने पिछले 10 साल में देखा है कि कैसे एक स्थिर सरकार लोगों के हित में काम करती है। मोदी ने कहा कि कोविड-19 संकट के दौरान, दुनिया भर में अराजकता थी, लेकिन एक मजबूत भाजपा सरकार दुनिया भर से अपने नागरिकों को वापस ले आई।

चुनावों में धारा-144 पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

विचार

नई दिल्ली। चुनाव के दौरान समान रूप से धारा 144 (सीआरपीसी) लागू किये जाने को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करते हुए विचार का मन बनाया है। इसके साथ ही शुक्रवार को कोर्ट ने यह भी अंतरिम आदेश दिया कि अगर कोई चुनाव के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से यात्रा या सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने के लिए आवेदन करता है तो सक्षम अथॉरिटी ऐसे आवेदनों पर तीन दिन में निर्णय लेगी। ये आदेश न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ ने चुनाव के दौरान समान रूप से धारा 144 लागू रहने का मुद्दा उठाने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दिये। सीआरपीसी की धारा 144 लागू होने पर किसी भी जगह पांच व्यक्तियों से ज्यादा के एकत्र होने पर रोक रहती है।

बुलंदशहर से सीएम योगी ने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के पक्ष में वोट की अपील की

कांग्रेस ने देश को धारा 370 दिया : योगी

साधा निशाना

- कांग्रेस, सपा और बसपा देश की समस्या तो बीजेपी है समाधान : मुख्यमंत्री

बुलन्दशहर। भारतीय जनता पार्टी ने देश की अस्मिता को बचाने के लिए कई नारे दिये, जिसका कांग्रेस मजाक उड़ाया करती थी। वहीं सपा और बसपा उनका सपोर्ट करती थी। कांग्रेस, बसपा और सपा देश की तमाम समस्याओं की जड़ है, जबकि भारतीय जनता पार्टी इन समस्याओं का समाधान है। कांग्रेस ने देश को धारा 370 दिया, जबकि भाजपा ने इसे समाप्त करके आतंकवाद की ताबूत पर अंतिम कील ठोकने का काम किया है। अब यहां विस्टोफ और आतंकवादी गतिविधियां नहीं होती हैं क्योंकि वह जानते हैं कि उनके साथ उनके आका को भी ठीक कर दिया जाएगा। ऐसे में इस बार आस्था और सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों, विकास से वंचित रखने वालों, युवा पीढ़ी और अन्नदाता किसानों के साथ अन्याय करने वालों और बेटी- व्यापारी को डराने वालों को एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये। उन्हे बोल दीजिये कि जो देश, विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के बारे में सोचेगा उसी को वोट करेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुलंदशहर के शिकारपुर में लोकसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी डॉ. भोला सिंह के पक्ष में वोट की अपील की। कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में आज लोकसभा-2024 के चुनाव के प्रथम चरण का मतदान हो रहा है, जिसके परिणामों को लेकर हम निश्चिंत हैं। इस भाव के साथ पूरा देश एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने के लिए संकल्पित दिखायी दे रहा है।

यूपी बोर्ड का रिजल्ट आज

परिणाम

लखनऊ। नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न कराने के बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् ने यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट जारी करने की तैयारी पूरी कर ली है। माध्यमिक शिक्षा परिषद् के सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने प्रेस रिलीज के माध्यम से बताया की वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल 20 अप्रैल, 2024 को अपराह्न 02 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद्, मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। परीक्षाफल माध्यमिक शिक्षा परिषद् की वेबसाइट upmsp.edu.in और एनआईसी की वेबसाइट upresults.nic.in पर देखा जा सकता है। बोर्ड की ओर से इसकी जानकारी मुख्य निर्वाचन आयुक्त, उत्तर प्रदेश को भी दी गई है। बोर्ड के मुताबिक इस साल 55 लाख से ज्यादा छात्रों ने यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा दी थी। इन सभी का इंतजार आखिरकार महज कुछ घंटों बाद खत्म हो जाएगा।

भाजपा ने नौजवानों को नौकरी देने का झूठा वादा किया: आनंद

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद

भदौरिया ने धुंआधार चुनाव प्रचार करते हुए शुक्रवार को विधानसभा धौरहरा क्षेत्र के ग्राम जसवंतनगर, अल्लीपुर, खमरिया खुर्द, सुर्जनपुर, पैकापुर, पकरिया, जेठरा, त्रिकोलिया, कलुवापुर (हसनापुर) व बसडिया ग्राम में जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाएं की, उन्होंने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहाकि इस चुनाव में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए वोट करें, किसानों, नौजवानों, महिलाओं के जनअधिकारों को बचाने तथा सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए निर्भीक, स्वतंत्र और निष्पक्षता के साथ एक-एक वोट का इस्तेमाल करते हुए भारी संख्या में मतदान अवश्य करें! उन्होंने कहा कि भाजपा समाज में नफरत फैलाती है, भेदभाव करती है, भाजपा लोकसभा चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहती है।

आनंद भदौरिया ने आगे कहाकि भाजपा ने नौजवानों को नौकरी देने का झूठा वादा किया, भाजपा सरकार में भर्ती परीक्षाओं के दस पेपर लीक हुए, भाजपा ने जानबूझकर पेपर लीक कराये जिससे नौकरी और आरक्षण न देना पड़े, आज प्रदेश में पढ़ा लिखा 80-90 फीसदी नौजवान बेरोजगार है, इसी तरह से भाजपा सरकार ने किसानों से उनकी आय दोगुनी करने का वादा किया था लेकिन किसानों को उनकी फसलों का लागतमूल्य भी नहीं मिल रहा है, किसान संकट में है। भाजपा सरकार में गन्ना किसानों का हजारों करोड़ रूपया बकाया है। किसान परेशान है, सरकार ने किसानों को फसलों की एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया, आंदोलनकारी किसानों को अपमानित किया गया। भाजपा सरकार के दस साल में एक लाख से ज्यादा किसानों ने महंगाई और गरीबी से त्रस्त होकर आत्महत्या कर लिया, लोकसभा चुनाव में नौजवानों और किसानों के पास भाजपा को सबक सिखाने का मौका है, नौजवान और किसान इस बार भाजपा को सत्ता से हटाकर अपने अपमान का बदला लेगा!

नुक्कड़ सभाओं में पूर्व एमएलसी शशांक यादव, वरुण चौधरी, पूर्व विधायक शमशेर बहादुर सिंह, उत्तम वर्मा, मुन्ना यादव, अमन बहादुर सिंह, विमल राज, मनीष शुक्ला, यज्ञ प्रताप शुक्ला, पहलवान सिंह, विकास यादव, अजय सिंह, राजू गौतम, संतोष यादव, हरीश मौर्य, मेवालाल यादव, राम औतार भार्गव, लवकुश तिवारी, सूरज मिश्रा, डॉ जसकरन, अरविंद यादव, श्याम बिहारी भार्गव, राजकिशोर शर्मा, दुर्गेश वर्मा, सोने वर्मा व मुंशेर सिद्दीकी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

खीरी पहुंचे धौरहरा लोस क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक, ली अफसरों की बैठक

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए आयोग से नामित व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने निर्वाचन व्यय पर निगरानी रखने के लिए गठित टीमों की बैठक ली और प्रत्याशियों के व्यय पर पैनीनजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने निष्पक्ष रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को व्यय प्रेक्षक

सुमित बेसरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में सीडीओ/रिटर्निंग अधिकारी 29-धौरहरा संसदीय क्षेत्र अनिल कुमार सिंह ने जनपद में निर्वाचन सबंधी अबतक की गई तैयारियों के बारे में बताया। उन्होने जनपद की भौगोलिक स्थिति, मतदेय स्थलों, मतदान केंद्रों की जानकारी दी। प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारियों को निष्पक्ष कार्य करने के साथ आचार संहिता का पूर्ण अनुपालन करने के निर्देश दिए। व्यय प्रेक्षक ने अबतक की गई तैयारियों को संतोषजनक बताते हुए वीडियोग्राफी पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। वीडियो रिकार्डिंग को सुरक्षित रखा जाए। व्यय लेखा टीमों को निर्देश देते हुए कहा कि व्यय लेखा जोखा सुरक्षित और सुव्यवस्थित रखा जाए। प्रत्याशियों के खर्चे का मदवार रिकार्ड रखा जाए। व्यय प्रेक्षक ने प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय से उड़नदस्ता टीम के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि टीमों को जो भी कार्य दिए गए हैं, उन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ के निर्वहन करें। यदि कहीं पर किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तत्काल उच्चाधिकारी को अवगत कराया जाए। एमसीएमसी कमेटी, पेड न्यूज की निगरानी, सोशल मीडिया निगरानी टीम के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (व्यय लेखा) अमित कुमार राय, एआरओ एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, विनीत उपाध्याय, राजेश कुमार, 147ढ्ढहरगांव से एआरओ एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, 145ढ्ढमहोली से एआरओ एसडीएम अभिनव यादव, प्रभारी अधिकारी (एमसीएमसी) एसडीएम रेनू मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

धौरहरा से दो प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए चतुर्थ चरण में खीरी व धौरहरा संसदीय सीट के लिए चल रही नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को 29_ धौरहरा संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नरसिंह और पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार ने रिटर्निंग ऑफिसर सीडीओ अनिल कुमार सिंह के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वही 04 अभ्यर्थियों ने सात सेट नामांकन सेट प्राप्त किया। 28ढ्ढखीरी संसदीय क्षेत्र के लिए कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ। वही चार व्यक्तियों ने सात सेट नामांकन पत्र प्राप्त किए। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्र रिटर्निंग ऑफिसर के न्यायालय कक्ष में जमा करने का समय प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से 03 तक किया जा सकता है। नामांकन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल 2024 आयोग द्वारा निर्धारित है।

खीरी और धौरहरा से चार-चार लोग ले गए नामांकन पत्र

नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन शुक्रवार को खीरी और धौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए निर्धारित आरओ कक्ष से चार-चार व्यक्ति नामांकन पत्र लेकर गए है। दूसरे दिन धौरहरा संसदीय क्षेत्र से दो नामांकन पत्र दाखिल हुए, जबकि खीरी संसदीय क्षेत्र से कोई भी नामांकन दाखिल नहीं हुआ।

कोटेदार कार्डधारको को अपने यहां रखे दूसरे कांटे से तौलकर गल्ला दे देते है

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। एक तरफ जहां केन्द्र एवं प्रदेश सरकार गरीबो को दो वक्त के भोजन के लिये मुफ्त खाद्यान्न देने की बात करती है। वही तहसील क्षेत्र के कोटेदार गरीबो के हिस्से का भी राशन चट करने के नये-नये तरीके अंजाम दे रहे है। जहां एक ओर प्रदेश सरकार सरकारी खाद्यन्न की काला बाजारी को रोकने के लिये नये-नये तरीके अपना रही है। इसी क्रम में प्रत्येक कोटेदार को नई-नई मशीने उपलब्ध करायी गयी है जिसमें कार्डधारको का अंगूठा लगवाने के उपरान्त मशीन में अटैच काटे से ही गल्ला तौला जायेगा। इस मशीन को कोटे की दुकानो पर आने के बाद कार्डधारको ने राहत की सांस ली थी कि चलो अब हमे पूरा गल्ला मिलेगा परन्तु कोटेदारो ने इस मशीन में भी जुगाड़ निकाल लिया। अब कोटेदार पहले कार्डधारक का अंगूठा मशीन पर लगवा लेते है और उसी समय कुछ पूर्ण रूप से तौला गया गेहूं व चालव उस काटे पर रखकर रसीद निकाल लेते है और कार्ड धारको को दूसरे काटे से तौलकर गल्ला देते है वही कुछ कोटेदार अंगूठा मशीन पर लगवाते समय पीपो में बांट भरकर रख देते है इन बाटो भरे पीपो की तौल होने के उपरान्त मशीन पर्ची निकाल देती है उसके बाद यह कोटेदार कार्डधारको पर अपने यहां रखे दूसरे कांटे से तौलकर गल्ला दे देते है जब कार्डधारक अपने घर जाकर यह गल्ला तौलते है तो दो से तीन किलो गल्ला कम निकलता है। ऐसा ही एक मामला नगर के मोहल्ला शुक्लापुर स्थित एक कोटेदार के यहां का सामने आया है जिसमें कार्ड धारको द्वारा जब कोटेदार द्वारा दिये गये गल्ले को कोटेदार के सामने ही दूसरे कांटे पर तौला तो गल्ला ढाई किलो कम निकला जिस पर कार्ड धारको द्वारा कोटे पर काफी हंगामा काटा गया और वीडियो बनाकर सोशाल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब इस सम्बन्ध में पूर्ति निरीक्षक बृजेश मिश्रा के मोबाइल नम्बर 6386679206 पर फोन कर जानकारी चाही गयी तो पहले तो उन्होने कहा कि अब जो मशीने शासन द्वारा भेजी गयी है उन मशीनो पर अगर 50 ग्राम भी गल्ला कम होगा जो पर्ची नहीं निकलेगी। जब हमारे संवाददाता ने कहा कि कोटेदार पहले से भरी गल्ले की बोरी या पीपे में बांट रखकर तौल करते है जिससे पर्ची आ जाती है उसके बाद कोटेदार अपने काटे से गल्ला तौलकर कार्डधारक को देते है के सवाल पर पूर्ति निरीक्षक ने कहा कि हमे जानकारी नहीं है कौन कोटेदार ऐसा कर रहा है जांच करवा कर कार्यवाही की जायेगी

व्यय प्रेक्षक ने सीडीओ के साथ किया इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा निर्वाचन 29 धौरहरा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक व्यय प्रेक्षक सुमित बेसरा ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक ने फील्ड में मौजूद विधानसभावार फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों के लोकेशन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने एफएसटी टीमों की लोकेशन की स्थिति स्क्रीन पर देखी। सी-विजिल एप पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली।

सड़क हादसों में एक की मौत दो लोग घायल

मोहम्मदी-खीरी। तहसील क्षेत्र में शुक्रवार का दिन हादसो के नाम रहा है। पहला हादसा प्रातः दस बजे शाहजहापुर मार्ग पर पावर हाउस के निकट हुआ वही दूसरा हादसा कुछ देर बाद शाहजहांपुर मार्ग पर ही ग्राम बरैंचा में हुआ। दोनो हादसो में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हुए वही एक की मृत्यु हो गयी।

बताते चले कि आज प्रातः दस बजे कांशीराम कालोनी भानपुर निवासी फुन्दन 65 जो मोहम्मदी से कांशीराम कालोनी वापस जा रहे थे जैसे ही फुन्दन रोड क्रास करने लगे तभी मोहम्मदी की ओर से तेज गति से आ रही बिना नम्बर की बाइक ने फुन्दन के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे फुन्दन दूर जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना स्थल पर मौजूद लोगो द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। तब पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गम्भीर रूप से घायल फुन्दन को मां जानकी एम्बुलेन्स से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां डाक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव कब्जे में ले लिया है। वही दूसरी घटना शाहजहांपुर रोड पर ग्राम बरैंचा में रोड निर्माण के लिये लगे प्लांट के सामने हुई। जिसमें बैंगनआर कार ने बाइक के जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक पर सवार हरनाम (50) निवासी ग्राम बरौड़ा थाना पसगवां व राहुल (25) निवास ग्राम खिरिया थाना पसगवां गम्भीर रूप से घायल हो गये। बाइक सवार अपने बच्चे की दवा लेने के लिये मोहम्मदी आ रहे थे जब बाइक सवार ग्राम बरैचा पहुंचे तभी मोहम्मदी की ओर से अनियंत्रित गति से आ रही बैगनआर कार संख्या यूपी-27एएफ-1826 ने स्पेलन्डर बाइक संख्या यूपी-27बीएफ-9706 के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनो व्यक्ति बाइक सहित दूर जा गिरे जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति की दोनो टांगे टूट गयी तथा दूसरे व्यक्ति की एक टांग टूट गयी। घायलो को तत्काल एम्बुलेन्स से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मोहम्मदी लाया गया जहां डाक्टरो द्वारा उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 66.74 फीसदी मतदाताओं ने डाले वोट

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के मतदान में लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करते हुए 66.74 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और अब सभी की निगाहे आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना पर टिक गयी है। लोकतंत्र के महापर्व पर आज राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला किए जाने के लिए आज मतदाताओं ने जिस प्रकार अपने मताधिकार का प्रयोग किया वह समय के साथ-साथ बढ़ता रहा है। आज सुबह नौ बजे तक कैरान लोकसभा की नकुड़ विधानसभा में 16.18 व गंगोह विधानसभा क्षेत्र में 13.71 प्रतिशत वोट पड़े। इसके अलावा बेहट विधानसभा में 16.42, सहारनपुर नगर में 9.80, सहारनपुर देहात में 14.99, देवबंद विधानसभा में 13.83 व रामपुर मनिहारान विधानसभा में 16.32 प्रतिशत वोट पड़े थे। सुबह 11 बजे तक नकुड़ विधानसभा में 30.95 व गंगोह विधानसभा में 27.25, बेहट विधानसभा में 32.05, सहारनपुर नगर में 22.01, सहारनपुर देहात में

14.99, देवबंद में 13.83, रामपुर मनिहारान में 16.32 प्रतिशत मत पड़े। दोपहर एक बजे तक बेहट विधानसभा में 46.56, सहारनपुर नगर में 37.94, सहारनपुर देहात में 45.18, देवबंद में 40.35 व रामपुर मनिहारान में 42.35, नकुड़ में 45.28, गंगोह में 38.87 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर तीन बजे तक मत प्रतिशत ने एक बार फिर गति पकड़ी और कैराना लोकसभा सीट की नकुड़ विधानसभा में 56.25 व गंगोह विधानसभा में 49.75 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इसके अलावा सहारनपुर लोकसभा सीट की बेहट विधानसभा में 58.23, सहारनपुर नगर में 46.57, सहारनपुर देहात में 56.95, देवबंद विधानसभा में 50.22 व रामपुर मनिहारान में 56.41 प्रतिशत वोट पड़े और तीन बजे तक 53.68 प्रतिशत मतदाताओं ने जनपद की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। सायं पांच बजे तक नकुड़ विधानसभा सीट पर 66.33 व गंगोह विधानसभा सीट पर 60.59 प्रतिशत वोट पड़े। सहारनपुर लोकसभा सीट की बेहट विधानसभा में पांच बजे तक 68.22, नगर विधानसभा सीट पर 56.71, देहात विधानसभा सीट पर 66.37, देवबंद विधानसभा सीट पर 61.05 व रामपुर मनिहारान विधानसभा सीट पर 66.07 प्रतिशत वोट पड़े।

जनपद की पांचों विधानसभा सीटों पर 63.69 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। देर शाम 6 बजे तक 66.74 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। जिसमें सर्वाधिक बेहट विधान सभा में 72.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि सहारनपुर नगर में 60.61 प्रतिशत, सहारनपुर देहात में 68.31 प्रतिशत, देवबंद में 64.16 प्रतिशत, रामपुर मनिहारान में 68.01 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि कैराना लोकसभा की नकुड विधान सभा में 70.03 प्रतिशत व गंगोह में 63.88 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और देर शाम 6 बजे तक 66.74 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

डीसीएम व ट्रैक्टर ट्राली भिड़न्त में चालक घायल

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। देहरादून रोड पर लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली व डीसीएम की आमने सामने की भिड़त में ट्रैक्टर ड्राईवर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवक को जिलाअस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार बीती रात हिंडन नदी के पुल के समीप गागलहेड़ी से सहारनपुर की और जा रही लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली डीसीएम से टकरा गई। जिसमें ट्रैक्टर ड्राईवर के ऊपर ट्रॉली में भरी लकड़ियां गिर गई। जिसमें ड्राइवर के गम्भीर चोटे आई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने राहगीरों की मदद से फंसे ड्राइवर को बाहर निकलवाया। हालत गम्भीर देखते हुए जिलाअस्पताल भर्ती कराया। वही डीसीएम चालक के भी हल्की चोटे आई। सड़क के बीचों बीच हुए हादसे के बाद दोनों ओर जाम लगा रहा। काफी प्रयास के बाद हेडरे की मदद से ट्रैक्टर व डीसीएम को वहां से हटाया गया। जिससे बाँधित आवजाही सुचारू कराई गई।

दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

महराजगंज रायबरेली। मोटर साइकिल की आमने सामने की भिड़ंत में एक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।स्थानीय लोगो की मदद से घायल व्यक्ति को सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया वही जिला अस्पताल से एम्स ले जाते समय बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई।

बताते चले की गणेशपुर मजरे कुशमहूरा निवासी काली चरण(60) पुत्र मतई चंदापुर रोड से महराजगंज की ओर मोटर साइकिल से आ रहे थे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगो की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।वही जिला अस्पताल से बुजुर्ग व्यक्ति को एम्स रेफर कर दिया गया और एम्स ले जाते समय रास्ते में बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई मौत की सूचना होते ही परिजनों में कोहराम मच गया,वही मौके से मोटर साइकिल चालक मोटर साइकिल सहित फारिहो गया।कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया की सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों व व्यापारियों ने किया उत्साह से मतदान

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। लोकतंत्र के महापर्व के प्रथम चरण के मतदान में आज उम्मीदवारों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों व व्यापारियों ने अपने-अपने परिजनों के संग अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आज भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा, सपा-कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार इमरान मसूद, बसपा उम्मीदवार माजिद अली, नगर विधायक राजीव गुम्बर ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर जाकर परिजनों के साथ जाकर मताधिकार का प्रयोग किया। इनके अलावा आम आदमी पार्टी की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य योगेश दहिया ने ग्राम सांवलपुर नवादा, योग गुरू पदमश्री भारत भूषण ने अपनी पत्नी समेत नुमाईश में बनाए गए मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला क्षय रोग के लैब टैक्नीशियन एमपी सिंह चावला ने अपनी पत्नी के साथ गुरूद्वारा रोड पर बनाए गए मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। व्यापारी नेता शीतल टंडन ने अपनी पत्नी

श्रीमती सुमन टंडन के साथ एसएएम इंटर कालेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर मताधिकार का प्रयोग किया। रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने हकीकत नगर स्थित मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। कर अधिवक्ता राजेश कपूर ने अपनी मां 90 वर्षीय श्रीमती इंदिरा कपूर के साथ गिल कालोनी में केसीसीपी आर्य कन्या इंटर कालेज में बनाए गए मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला।

पूर्व विधायक मसूद अख्तर ने अपने पैतृक गांव भाऊपुर में अपनी पत्नी व पूर्व ब्लाक प्रमुख समा परवीन, पुत्र बिलाल मसूद के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम ने अपनी मां व पत्नी के साथ मिशन कम्पाउंड स्थित खेमका सदन में बनाए मतदान केंद्र पर वोट डाला। नगर विधायक राजीव गुम्बर ने एसएएम इंटर कालेज में अपना वोट डाला। इसके अलावा प्रदेश के पूर्व मंत्री डा. धर्मसिंह सैनी ने अपने भाई डा. करणसिंह सैनी, चरणसिंह सैनी, पुत्र रवि सैनी, लव सैनी समेत अन्य परिजनों के साथ अपने पैतृक गांव सोना सैद माजरा के प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र पर अपना वोट डालकर लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपना विश्वास जताया। इनके अलावा महापौर डा. अजय सिंह ने परिजनों, पीआरओ अभिषेक सिंह के साथ वोट डाला।

विभिन्न मतदान केन्द्रों पर पर्ची के लिए भटकते रहे मतदाता

सहारनपुर। मतदान को शत-प्रतिशत कराए जाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की गई थी लेकिन इसके बावजूद भी कई स्थानों पर ईवीएम की गड़बड़ी या मत पर्ची न मिलने से मतदान प्रभावित हुआ।

इस कारण कई लोग अपने मताधिकार का प्रयोग किए ही बैरंग लौट गए। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण के हो रहे मतदान में आज प्रशासन की चुस्त-दुरूस्त व्यवस्था उस समय धराशायी दिखाई दी जिस वक्त दिल्ली रोड स्थित गौरीशंकर इंटर कालेज में बनाए गए मतदान केंद्र के चार बूथों पर मतदाता अपनी पर्ची तलाशते हुए इधर-उधर भटकते नजर आए और वह काफी देर तक अपनी पर्ची की तलाशते रहे।

मतदाताओं ने इसके लिए बीएलओ सीमा राणा व वीरवती को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि उनकी लापरवाही के चलते उनके पास मतदान पर्ची नहीं भेजी गई। इस कारण मतदान प्रभावित हुआ।

कम्पोजिट विद्यालय जरैला में एमडीएम का सामान चोरी

- बच्चों को निवाला बनाने के बर्तन, गैस, भगौना आदि सामान चोरों ने किया पार
- आबादी के करीब स्थित विद्यालय में चोरी करके चोरों ने पार किया हजारों का सामान

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। परिषदीय विद्यालय में बच्चों के बनने वाले निवाला और उसको बनाने का सामान भी चोरों से नहीं बचा है। चोर आए दिन एमडीएम का सामान पार कर दे रहे हैं। बीती रात चोरों ने महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में ताला काटकर हजारों रुपये का एमडीएम का सामान पार कर दिया। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को सूचना

दे दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बघई अहलावर ग्रामसभा के कम्पोजिट विद्यालय जरैला में बीती रात चोरों ने रसोईघर का ताला काटकर उसके अंदर रखा हजारों रुपये का सामान पार कर दिया। प्रधानाध्यापक शैल कुमारी ने पुलिस दी गई तहरीर में बताया कि नियमित समय से आज जब विद्यालय पहुँचे तो देखा कि रसोईघर का ताला टूटा और दरवाजा खुला हुआ है। उन्होंने बताया कि रसोईघर में रखा हुआ एक सिलेंडर, चार भगौना, चिमचा, बाल्टी, 70 थाली, 2 जग, लोटा, 35 प्लेट, 15 कटोरी, 100 गिलास आदि हजारों रुपये का सामान उठा ले गए हैं। उन्होंने बताया कि गनीमत यह रही कि चोरों ने अन्य कमरों का ताला नहीं तोड़ा, इसकी वजह से अन्य सामान सुरक्षित रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान शिवकिशोर यादव, एसएमसी अध्यक्ष ननकऊ सहित गांव में अन्य संभ्रांत लोगों ने पुलिस चौकी में पहुँचकर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे चौकी इंचार्ज लक्ष्मी नारायण द्विवेदी ने कहा कि जल्द ही इस चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

विद्यालयों में चोरी की नहीं दर्ज होती एफआईआर

रायबरेली। परिषदीय विद्यालयों में चोरी करना चोरों के लिए बहुत ही आसान होता है। प्रधानाध्यापक भी पुलिस को सूचना देकर कोर्ट के चक्कर लगाने से बेहतर एक सूचना देकर इतिश्री कर लेते हैं तो वही पुलिस भी मामला दर्ज न करके ज्यादा छानबीन नहीं करती है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में यह कोई पहला वाकया नहीं है जब विद्यालय में चोरी हुई है। इससे पहले भी कई विद्यालयों में चोरी हो चुकी है, लेकिन चोरों पर कार्रवाई न होने से उनके हौसले और बुलंद हो गए हैं। चोर लगातार विद्यालयों में चोरी कर रहे हैं और पुलिस इन मामलों से दूर भाग रही है। विभाग के अधिकारी भी चोरों से बहुत ही परेशान हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने बागपत लोकसभा सीट के लिए किया चुनाव प्रचार

अन्नदाताओं का उत्थान ही मोदी सरकार का विजन

अवधनामा संवाददाता

- चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार कर रही मोदी सरकार : योगी
- सपा, बसपा व कांग्रेस पश्चिमी यूपी के लिए खतरा
- सुशासन और सुरक्षा ही मजबूत सरकार का आधार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अन्नदाता किसानों का सम्मान और उत्थान करके प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी भारत रत्न चौधरी चरण सिंह जी के सपनों को साकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अन्नदाताओं के लिए अनेक योजनाएं प्रारंभ की, जिसका परिणाम हम सबके सामने है। चाहे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए अन्नदाताओं का सम्मान हो, या भारत को दुनिया में सम्मान दिलाने का कार्य, सीमाओं की सुरक्षा हो, देश में आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान हो, वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर, 12 लेन का एक्सप्रेसवे, रैपिड रेल, मेट्रो, आईआईटी, आईआईएम सहित तमाम योजनाएं नये भारत की पहचान बन रही हैं। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को मोदीनगर में बागपत लोकसभा सीट के लिए एनडीए प्रत्याशी डॉ राजकुमार सांगवान के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए मतदान चल रहा है। वोटिंग की स्पीड बताती है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार लाने के लिए लोगों में उतावलापन दिख रहा है। ऐसा होना लाजमी है क्योंकि जो हमारे पूर्वजों को सम्मान दें उनका सम्मान होना ही चाहिए। पहली बार चौधरी साहब को मोदी जी ने भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देकर हमारे यूपी का गौरव बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत 80 करोड़ लोगों को 4 साल से फ्री में राशन दे रहा है, वहीं भारत से अलग हुए पाकिस्तान में 23 करोड़ लोग भूखों मर रहे हैं। जब हम अच्छा नेता चुनते हैं तो परिणाम भी अच्छा आता है। आज 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ा जा चुका है, 50 करोड़ जनता का जनधन अकाउंट खुल चुका है, 12 करोड़ अन्नदाताओं को किसान सम्मान निधि और 12 करोड़ घरों में शौचालय के साथ ही 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने रामनवमी के अवसर पर भगवान श्रीराम के सूर्य तिलक को लेकर कहा कि इसने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। वहीं उन्होंने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन पार्टियों ने पश्चिमी यूपी में सुरक्षा के लिए खतरा खड़ा कर दिया था। न बेटी सुरक्षित थी, न व्यापारी, किसान के खेत से उसके ट्यूबवेल ही उखाड़ लिये जाते थे। हमारी सरकार ने 15 लाख निजी नलकूपों को फ्री बिजली देने का प्रावधान किया है। चौधरी साहब के सपने को साकार करने के लिए सरकार ने ये निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारें दंगा कराती थीं, आज दंगा और कर्फ्यू नहीं होते, अब तो शानदार तरीके से कांवड़ यात्राएं निकलती हैं। हमने कह दिया है कि किसी ने बेटी और व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया तो अपराधी का राम नाम सत्य तय है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मजबूत सरकार में ही सुशासन और सुरक्षा का लाभ प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अबकी बार 400 पार के लिए और मोदी सरकार के लिए बागपत में भी एनडीए के प्रत्याशी विजयी होने चाहिए। डॉ राजकुमार सांगवान जैसे कार्यकर्ता को जयंत चौधरी जी ने जनता की सेवा के लिए उतारा है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद। एक सामान्य कार्यकर्ता जिसने चौधरी साहब के समय से उनके मूल्यों और आदर्शों पर कायम रहे, उन्हें जिताने और देश में कमल खिलाने के लिए बागपत में नल आवश्यक है।

महिलाओं में मासिक धर्म की पीड़ा हो सकती है एंडोमेट्रियोसिस

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। एंडोमेट्रियोसिस एक ऐसी बीमारी है जिससे प्रत्येक 10 में से एक महिला प्रभावित रहती है दुनिया भर में लगभग 190 मिलियन महिलाएं इससे पीड़ित है यह आम तौर पर तभी होती है जब किशोरियों में मासिक धर्म की शुरुआत होती है या महिलाओं में मासिक धर्म में होने वाली असहनीय पीड़ा ही अक्सर एंडोमेट्रियोसिस बीमारी का संकेत होती है ऐसे में विशेषज्ञ स्त्री रोग से तुरंत परामर्श की आवश्यकता होती है यह बताया विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान की वरिष्ठ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोनू सिंह ने जोकि हाल ही में फ्रांस के सबसे प्रसिद्ध एंडोमेट्रियोसिस सेंटर में विशेष प्रशिक्षण हासिल करके लौटी है .डॉक्टर सोनू ने जानकारी दी की एंडोमेट्रियोसिस होने की स्थिति में आमतौर पर महिलाओं को गंभीर दर्द गर्भवती होने में दिक्कत, पेशाब व मल त्याग के समय दर्द की शिकायत होती है ऐसे में तुरंत ही बिना देर किए विशेषज्ञ स्त्री रोग से परामर्श लेना चाहिए। शुरुआती स्टेज में तो दवा से भी यह बीमारी ठीक हो सकती है लेकिन मरीज व डॉक्टरों में इस बीमारी को लेकर जागरूकता की कमी है जिसके चलते पर्याप्त इलाज न मिलने से महिला की बीमारी और भी गंभीर हो जाती है और तब सर्जरी ही एकमात्र विकल्प बचता है. विवेकानंद अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्ति नद्यथानंद ने बताया कि एंडोमेट्रियोसिस से पीड़ित महिलाओं के प्रति हमारा चिकित्सालय सफल इलाज देने के लिए प्रतिबद्ध है इसी को ध्यान में रखते हुए लखनऊ में इकलौते एंडोमेट्रियोसिस केयर सेंटर की स्थापना द्वारा महिला रोगियों को बेहतर चिकित्सा न्यूनतम शुल्क पर प्रदान की जा रही है। स्वामी जी ने बताया कि विवेकानंद अस्पताल में विगत 2 वर्षों से लेप्रोस्कोपी के माध्यम से जटिल सर्जरी द्वारा 100 से अधिक महिला मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया है अब डॉक्टर सोनू सिंह को फ्रांस में इस बीमारी को लेकर जो विश्व स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है महिला रोगियों के इलाज में और भी सुविधा होगी .स्वामी मुक्तिनाथा नंद के मुताबिक लखनऊ व आसपास के जिलों से आने वाले मरीजों को एंडोमेट्रियोसिस बीमारी के कुशल प्रबंधन व विश्व स्तरीय उपचार का पूरा लाभ मिलेगा।

डेढ़ करोड़ की लागत से दो साल पहले बनी सड़क गड्ढों में तब्दील

अवधनामा संवाददाता

- मुख्यमंत्री के गड्ढामुक्त सड़क अभियान को मुहं चिढा रही सड़क

महमूदाबाद-सीतापुर। नगर के मुख्य मार्ग की सड़क बने अभी लगभग दो साल ही हुए है, और सड़क में जगह जगह बड़े बड़े गड्ढे हो चुके है। जनता नेता और नगर पालिका दोनो को कोस रही है। विदित हो कि वर्ष 2022 में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ममता सोनी के कार्यकाल में रामकुण्ड से लेकर अमीरगंज तक लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से बनी सड़क में बड़े घोटाले का अंदेशा जताया जा रहा है, अंदेशा जताए जाने के पीछे का मुख्य कारण इस सड़क की घटिया क्वालिटी और जगह जगह बड़े-बड़े गढ्ढे होकर सड़क उखड़ जाना बताया जा रहा है।

जगह जगह गढ्ढे हो जाने के चलते नागरिक और वाहन चालक सहित शरीर से अस्वस्थ लोग काफी परेशान है। जबकि मोटरसाइकिल, कार, ई-रिक्शा चालक और यात्री इस मार्ग पर जो सड़क बनवाई गई थी, वह बिल्कुल जर्जर हो चुकी है, दो साल पहले बनी सड़क में इतने गड्ढे हो जाना ही भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा सबूत है। सड़क को जनहित में दुरुस्त कराया जाना ही ठीक रहेगा।

अतुल वर्मा पूर्व प्रत्याशी नगर पालिका परिषद, महमूदाबाद

गुजरते वक्त घटिया गुणवत्ता की सड़क न होना बताकर लोग नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष को कोसते नज़र आते है। विदित हो कि माह अप्रैल 2022 में एक अखबार के माध्यम से जर्जर सड़क, इंटरलॉकिंग आदि के निर्माण हेतु डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से बनने का हवाला देते हुए पूर्व चेयरमैन ममता सोनी के प्रतिनिधि अम्बरीश गुप्ता द्वारा यह बात कही गयी थी। इसके कुछ नगर की सड़कों में गढ्ढे हो जाने के कारण अक्सर ई-रिक्शा पलट जाते है और दुर्घटना घट जाती है, अभी हाल ही में स्टेट बैंक के पास दुर्घटना भी हो चुकी है। सड़क की मरम्मत कराई जाए।

राजू अंसारी समाजसेवी, महमूदाबाद

दिन बाद ही रामकुण्ड चौराहे से लेकर अमीरगंज तक यह सड़क नगर पालिका परिषद के ठेकेदारों के माध्यम से बनवाई गयी थी, इस सड़क को बने अभी दो साल भी पूरे नही हुए है लेकिन सड़क में जगह जगह गड्ढे होकर सड़क बिल्कुल बेकार होने की कगार पर है। स्थानीय नागरिकों ने सड़क को रोड बनाने वाली मशीन के माध्यम से सड़क दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

गोरखपुर। दहेज में 2 लाख की मांग पूरी न होने पर ससुराल के लोगो ने विवाहिता को पीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी, पति, सास, देवर और ननद के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से श्रद्धा उर्फ वंदना वर्मा पुत्री राम गुलाम वर्मा निवासी बेहिलपार थाना मुंडेरा जिला बस्ती की शादी 19 नंबर 2021में आशीष वर्मा निवासी लुचुई थाना सहजनवा के साथ हुई थी। शादी में उपहार के तौर पर 4 लाख नकद,बाइक करीब तीन लाख का सामान दिए थे। शादी के बाद जैसे ससुराल पहुंची तो स्त्रद्धद्गद्ध के लिया ताना मारने लगे। और प्रताड़ित करने करते हुए मारना पिटना शुरू कर दिए। 15 दिन तक ससुराल में रही। उसके बाद ससुराल के लोग मारपीट कर घर से निकाल दिया। 15 अप्रैल को भाई के साथ ससुराल गई तो देख कर पतिऔर ससुराल के लोग आगबबूला हो गए और पीट कर घर से निकाल दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति आशीष वर्मा, सास माला वर्मा, देवर आनंद वर्मा, ननद अज्ञात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

बसपा ने 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित, वाराणसी व फिरोजबाद के प्रत्याशी बदले

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने शुक्रवार को 11 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी। पार्टी ने वाराणसी और फिरोजाबाद में अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं।

वाराणसी में अतहर जमाल लारी की जगह अब सैयद नेयाज अली (मंजू भाई) और फिरोजाबाद में

63 टिकट दे चुकी बसपा

सत्येंद्र जैन सौली की जगह पूर्व मंत्री चौधरी बशीर चुनाव लड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि कई शादियां करने की वजह से चौधरी बशीर खासे विवादित रह चुके हैं। इसके अलावा हरदोई से पार्टी ने एमएलसी भीमराव अंबेडकर को टिकट दिया है।

भीमराव अंबेडकर का एमएलसी का कार्यकाल 5 मई को समाप्त हो रहा है। वहीं संतकबीरनगर में बसपा ने मोहम्मद आलम को प्रत्याशी बनाया गया है। मछलीशहर से पंजाब काडर के रिटायर्ड आईएएस कृपाशंकर सरोज को टिकट मिला है। सीतापुर में बिसवां से पूर्व भाजपा विधायक महेंद्र सिंह यादव को टिकट मिला है। पिछले विधानसभा चुनाव में उनकी आपत्तिजनक फोटो वायरल होने के बाद टिकट कट गया था। इसी तरह फतेहपुर में मशहूर चिकित्सक डॉ. मनीष सिंह सचान को मिला है। महराजगंज में मोहम्मद मौसमे आलम, मिश्रिख में बीआर अहिरवार, भदोही में अतहर अंसारी और फूलपुर में जगन्नाथ पाल को प्रत्याशी बनाया गया है। बता दें कि बसपा अब तक 63 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, जिसमें 18 मुस्लिम हैं। शुक्रवार को जारी सूची में भी पांच मुस्लिमों को टिकट मिला है। हालांकि पार्टी ने वाराणसी में पहले मुस्लिम नेता को ही मौका दिया था। वहीं फिरोजाबाद में अब मुस्लिम कार्ड खेलने का फैसला लिया है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया

बांसी अवधनामा संवाददाता। मिठवल ब्लॉक के असोगवा गांव में गुरुवार रात भारतीय बौद्ध महासभा की ओर से बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्धाचार्य परशुराम जी ने उपस्थित लोगों को त्रिशरण और पंचशील ग्रहण कराया। कलाकारों ने बाबा साहब के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बाबा तेरा मिशन अधूरा हम सब मिलकर करेंगे पूरा बाबा साहब की अंतिम इच्छा बौद्ध धर्म की ले लो दीक्षा के गगन भेदी नारे भी गूंजे इस दौरान उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ सिद्धार्थ नगर के जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार गौतम जी ने कहा की बाबा साहब सर्व समाज के मसीहा थे। उन्होंने सभी वर्गों को संविधान में शिक्षा हासिल करने का अधिकार दिया। भारतीय बौद्ध महासभा के तहसील अध्यक्ष राधेश्याम बौद्ध ने कहा कि बाबा साहब ऐसे महापुरुष थे जिनकी जयंती पूरी दुनिया में मनाई जाती है ।उन्होंने हमको आपको युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध के रास्ते पर चलने की शिक्षा दी है। जिसमें रामअजोरे गौतम अशोक कुमार गौतम अवध राम गौतम हरीश प्रहलाद महेंद्र पाल ग्रामीण की महिलाएं भारी संख्या में उपस्थिति रही।

अलग अलग विवाद में पुलिस ने 11 पर दर्ज किया केस

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा थाना क्षेत्र के भकसा निवासी सुनीता देवी पत्नी अशोक को पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी 13 अप्रैल की रात्रि 9 बजे के करीब घर पर चढ़ आए और लाठी डंडे से सुनीता और बेटे किशन को मारपीट कर घायल कर दिए। पुलिस ने पवन यादव पटेलू यादव,लालमन यादव,शिवा यादव शेरू यादव के खिलाफ बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक सहजनवा थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र पुत्र अनिरुद्ध निवासी मलऊर उर्फ मुस्तफाबाद के माता के नाम से 2021 में डेढ़ बिगहा भूमि बैनामा कराया गया। तथा उसमे गेहूं की बुआई की गई थी। वृहस्पतिवार को आरोपी गेहूं की फसल काट कर गिरा दिया था। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दयानंद, झीनकू पांडेय उर्फ परमानंद झींकू पांडेय के लड़के के खिलाफ मारपीट,क्षति पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वही मांट निवासी सुनीता पत्नी गोविन्द के पट्टीदार शराब के नशे में भेस पर गाड़ी चढ़ा दिया विरोध करने पर ईट से मारने लगे। जिससे भैंस को चोटवलग गई है। पुलिस ने जितेंद्र साहनी मैना देवी, छाया के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

अलग-अलग विवाद में घर में घुस कर पीटा 6 पर केस

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा थाना क्षेत्र मांट निवासी मैना देवी पत्नी जितेंद्र के दरवाजे के सामने स्थित भूमि को पट्टीदार हड़पना चाह रहे है। आरोपी कई बार मारपीट भी चुके थे। उसी बात को लेकर 16 अप्रैल को रात्रि में 8 बजे लाठी डंडा लेकर घर में घुस आए और मारपीट कर घायल कर दिए। और जान से माफ़ने की धमकी देते हुए फरार हो गए ।पुलिस ने आरोपी नीरज,सुनील,सिकंदर उर्फ भोलू, आकाश के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट करने का केस दर्ज कर लिया है। वही मांट निवासी निखिल पुत्र सत्य प्रकाश के गांव में कुछ लोग झगड़ा कर रहे थे। जिसे जाकर बीच बचाव कर दिया ।रात्रि में 12 बजे के करीब आरोपी लाठी डंडा, रॉड लेकर घर पर चढ़ आए और घर में घुस कर पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर विकास उर्फ गोलू, बाबी, अन्य साथियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

अखिलेश की बेटी अदिति की बढ़ी लोकप्रियता

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव लोकसभा चुनाव के लिए दोबारा मैदान में हैं। इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी मां के लिए जनता के बीच जाकर वोट मांग रहीं हैं। पिछले एक महीने में वह कई बार डिंपल के साथ मंचों पर दिखाई दीं। शुक्रवार को वह एक बार फिर मंच पर दिखाई दीं। शुक्रवार को एक खास बात यह दिखी कि अदिति इस बार मंच पर मां डिंपल के साथ नहीं थीं। वह कार्यकर्ताओं के बीच अकेली दिखीं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह राजनीति में एंट्री लेने की तैयारी में नहीं बल्कि एंट्री ले चुकी हैं। उन्होंने एक नुक्कड़ सभा में हिस्सा लिया। सात मई को होने वाले मतदान में सपा को जिताने की अपील की।

प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित होने पर दर्ज होगी प्राथमिकी : अविनाश सिंह

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर अंबेडकर नगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए हो रहे पीठासीन अधिकारियों एवं अन्य मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान अधिकारी/ पीठासीन अधिकारी अच्छे से प्रशिक्षण ले।जिससे मतदान के समय कोई दिक्कत न हो। ट्रेनर द्वारा मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। दो पालियों में हुए प्रशिक्षण के दौरान मतदान अधिकारियों को ईवीएम सील करने, वीवी पैट से पर्ची निकालने, सभी परपत्रो को ठीक से भरने, मॉक पोल करवाने, हर 2 घंटे पर रिपोर्टिंग करने, वीवी पैट, बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट को आपस में जोड़ने सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं को संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। साथ ही साथ उनके द्वारा यह भी कहा गया कि सभी अधिकारी गंभीरता से प्रशिक्षण ले, यदि उनके मन में किसी प्रकार का प्रश्न है तो वह निःसंकोच होकर मास्टर ट्रेनों से पूछे।प्रशिक्षण के प्रथम दिन 16 पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी प्रथम अनुपस्थित पाए गए। जिसमें पहली पाली में 06 (राजीव,सतीश चंद्र वर्मा, अंकित वर्मा, राजेंद्र पाल, रनजीत यादव,चंद्र सिंह) और दूसरे पाली 10 (सुधीर रंजन सिंह, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद याकूब, मनोज कुमार दुबे, नूर मोहम्मद, कृष्ण कुमार यादव, अरविंद कुमार वर्मा, शमसुज्जमा अंसारी, देवेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार) कुल 16 अनुपस्थित मिले। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्मिक अपना प्रशिक्षण प्राप्त करें,अनुपस्थिति की दशा में एफ. आई. आर. दर्ज कराई जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

पैरामेडिकल के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में रोजगारपरक पैरामेडिकल के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 30 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पैरामेडिकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए परीक्षा 26 मई को होगी। विश्वविद्यालय में पैरामेडिकल विभाग के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव ने बताया कि इच्छुक और अर्हता रखने वाले विद्यार्थी डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एन्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एन्ड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलिसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीशिया एन्ड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डिप्लोमा इन ऑर्थोपेडिक एण्ड प्लास्टर टेक्नीशियन कोर्स पूरे पूर्वांचल में सिर्फ महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में ही संचालित हो रहा है। प्रवेश के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया 1 अप्रैल से जारी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में पैरामेडिकल, मेन मेडिकल स्ट्रीम जितना ही डिमांडिंग क्षेत्र है और इसमें रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। चिकित्सा का कोई भी क्षेत्र पैरामेडिकल के बिना अपूर्ण है। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में पैरामेडिकल के ये कोर्स तीन साल से उपलब्ध होने से अब गोरखपुर व आसपास क्षेत्र के किसी भी विद्यार्थी को गोरखपुर से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार वर्तमान में यहां से प्रथम बैच से निकले विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों के अनुसार गुरु श्री गोरक्षनाथ हॉस्पिटल, गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, शंकर आई हॉस्पिटल, पैथवर्ड आदि प्रतिष्ठित संस्थानों में कार्यरत है । कोर्स एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय के वेबसाइट्स https://mgug.ac.in/ पर ऑनलाइन उपलब्ध है। admissions@mgug.ac.in पर भी जानकारी ली जा सकती है।

पैथलॉजी लैब में मारपीट घटना सीसीटीवी में कैद

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। कालपी नगर की एक पैथलॉजी लैब में 3 युवकों ने लैब संचालकों के साथ ने मारपीट कर दी।

पूरी घटना लैब में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। लैब संचालक ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़कर शांतिभंग की कार्रवाई की है। नगर के मोहल्ला महमूदपुरा में सीएचसी के समीप स्थित एक पैथलॉजी लैब में एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति दाखिल होने की कोशिश करने लगा। जिस पर लैब संचालकों ने उसे बाहर कर दिया। जिसके बाद पड़ोस के ही निवासी रोहित पुत्र रामबाबू निषाद, अजीत व आर्यन पुत्रगण अज्ञात उक्त बात का विरोध करने लगे व लैब संचालकों राहुल सिंह व विशाल तिवारी के ऊपर हमला बोल दिया। तीनों हमलावरों ने लैब संचालकों के साथ जमकर मारपीट की जिससे उन्हें चोटें भी आई हैं। शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोगों ने आकर बीच बचाव किया, तब मामला शांत हुआ। पूरी घटना लैब में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गयी। वहीं लैब में कार्यरत राहुल ने कोतवाली कालपी में तीनों नामजद युवकों के विरुद्ध लैब में गलौच करने व मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने तहरीर व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच पड़ताल की। जिसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया।

पूर्व विधायक हाजी बिट्टन सपा में शामिल

बदायूं। बदायूं जिले में बसपा को झटका लगा है। बिल्सी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हाजी बिट्टन ने शुक्रवार को स्थानीय कोल्ड स्टोरेज में आयोजित कार्यक्रम में सपा का दामन थाम लिया। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के समक्ष उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। कई समर्थक भी सपा में शामिल हुए। हाजी बिट्टन 2012 से 2017 तक बिल्सी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे हैं। साल 2017 में चुनाव हार गए थे। साल 2022 में उन्हें बसपा ने सहसवान विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा था, तब दूसरे स्थान पर रहे। 70 हजार मत मिले थे। उनके बड़े भाई अरशद अली, छोटे भाई हाजी मुशाहिद अली ने भी सपा शामिल होने का एलान किया। समर्थक भी साथ थे। मुशाहिद अली की पत्नी निशात बी इस समय नगर पंचायत इस्लामनगर की चेयरमैन हैं। बदायूं से सपा ने आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। आदित्य शिवपाल सिंह यादव के पुत्र हैं। वह पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं।

जीसीआरजी के होने वाले तीन दिवसीय वार्षिक महोत्सव उड़ान 5.0 में डीजे रिहया ने बांधा समां

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। जी.सी.आर.जी. ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में चल रहे 3 दिवसीय वार्षिकोत्सव में प्रथम दिन सांस्कृतिक और खेल-कूद आयोजन हुए जिसमें 20 से ज्यादा कॉलेज के छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्रों ने विभिन्न खेलं प्रतियोगिताओं का आनंद लिया और उच्च क्षमता वाली टीमों ने ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र जीते प्रथम दिवस में मशहूर थियेटर आर्टिस्ट, फिल्म अभिनेता, रंगमंच के क्षेत्र में संगीत नाटक अकादमी पुरुस्कार, कालिदास सम्मान, यश भारती सम्मान से सम्मानित डॉ अनिल रस्तोगी ने अपनी उपस्थिति दर्ज की जिन्हे दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिक उत्सव के द्वितीय दिन कॉलेज में डीजे नाइट का आयोजन हुआ जिसमें प्रसिद्ध डीजे रिया ने सभी छात्रों के बीच समा बांध दिया, बच्चों ने नाच गाने और खाने पीने का खूब लुफ्त उठाया। इससे पहले दोपहर में उड़ान 5.0 में फैशन शो का आयोजन किया गया जिसमें फैकेल्टी मेंबर और छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस फैशन शो का भी छात्रों ने खूब लुफ्त उठाया । संस्थान के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर फार्मेसी के छात्र आकाश का कहना था कि इस तरह के प्रोग्राम से हम लोगों को लोगों से मिलने जुलने और बातचीत की कला आती है। वही बी टेक कंप्यूटर साइंस के छात्र अभिषेक अवस्थी ने बताया कि हम लोग पिछले कई महीनों से इस प्रोग्राम की तैयारी में लगे थे जिसमें हमारी आज कई महीनों की मेहनत को फलीभूत होता देख बहुत अच्छा लग रहा है। संस्था के महानिदेशक प्रो. ए एन सिंह ने इस अवसर पर कहा कि हम यह कोशिश करते हैं कि जी. सी. आर. जी. में बच्चों को ऐसा माहौल मिल सके जिसमें वह अपनी शिक्षा के साथ साथ जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट रहने की कला नी शिक्षा के साथ से सीख सकें।

जनप्रतिनिधि से लेकर पदाधिकारी सभी बनेंगे पन्ना प्रमुख :ओम प्रकाश

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। पार्टी द्वारा सांगठनिक स्तर पर हर घर-हर मतदाता से तीन बार सम्पर्क को लेकर पार्टी ने वृहद स्तर पर तैयारियां की हैं। तैयारियों को लेकर लोक सभा चुनाव कार्यालय पर कोर कमेटी की बैठक आयोजित की गई। तीन बार सम्पर्क अभियान को लेकर बूथ समिति के 6 सदस्यों को कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है। मतदाता सूची प्रमुख, लाभार्थी सम्पर्क प्रमुख, व्हाट्सअप ग्रुप प्रमुख, महिला सम्पर्क प्रमुख, प्रभावी मतदाता सम्पर्क प्रमुख बनाए गए हैं। 12 से 15 परिवार के वोटरों का एक पन्ना है जिसमें 60 मतदाता है। जिन पर एक पन्ना प्रमुख बनाया गया है। 22 से 25 अप्रैल तक शक्ति केन्द्रों पर बूथ समिति का बैठक किया जाएगा। जिसमें बूथ समिति को उनके कार्य बताए जाएंगे। 3 मई से 7 मई तक पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन किया जाएगा। बूथों पर होने वाले 20 कार्यों के लिए सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को लगाया गया है। विभिन्न मोर्चों को विधानसभा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।लोक सभा सह संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि बूथ समिति तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा हर घर - हर मतदाता से कम से कम तीन बार सम्पर्क अवश्य करना है। इसके लिए बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुखों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। बूथों पर होने वाले 20 कार्यो के बारे में सम्मेलन में बताया जाएगा। जनप्रतिनिधि, जिला व मंडल पदाधिकारियों को भी पन्ना प्रमुख बनाया गया है। जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी ने कहा कि बूथ पर होने वाले 20 कार्यों के बारे में बूथ समिति तथा मोर्चा के पदाधिकारियों से समन्वय के आधार पर पूर्ण करने है। हर बूथ पर पिछले चुनाव से अधिक वोट प्राप्त करना है। बैठक में सियाराम कन्नौजिया, शैलेन्द्र कोरी, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, तिलकराम मौर्या, इंद्रभान सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चित्रगुप्त भगवान के प्रकटोत्सव पर सरयू तट पर हुई महाआरती

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। कल कल करतीं मां सरयू की पावन लहरों के बीच सुगंधित धूप दीप के साथ सजी आरती चित्रगुप्त भगवान के प्रकटोत्सव की आभा को और भी मनोहर बना रही थीं। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुई महा आरती समूचे वातावरण को भक्तिमय बना रही थी। मौका था अयोध्या कायस्थ विकास संस्थान द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर आयोजित महाआरती का। पारंपरिक परिधानों में सजे धजे सजे धजे आचार्यों ने विधिपूर्वक पूजन अर्चन कराया। जिले में पहली बार हुए इस आयोजन में समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी निभाई। महाआरती का श्री गणेश महंत विमल कृष्ण दास ने वैदिक मंत्रोचार के साथ शुरू किया। सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त जी की स्तुति की गई। तत्पश्चात महा आरती का आयोजन हुआ। आरती के उपरांत प्रसाद वितरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे

में समाज के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।प्रकटोत्सव के अवसर पर संस्थान ने विधायक , महापौर,भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, समेत कायस्थ समाज के वरिष्ठ जनों और बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। यही नहीं इस कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सहयोगियों का भी संस्थान ने अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, साकेत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ अजय मोहन श्रीवास्तव, सेवानिवृत्ति जिला पूर्ति अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव, आरसी निगम,भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा , पार्षद अर्चना श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव,पार्षद निखिल श्रीवास्तव,पूर्व नगर अध्यक्ष रवि सोनकर, सचिन सरीन, निशांत गुप्ता चेतन, पार्षद अर्जुन यादव सोमू,विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त जी के प्रकटोत्सव का यह पहला सफल कार्यक्रम है। संगठन का प्रयास रहेगा की प्रत्येक वर्ष भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव और भी भव्यता के साथ मनाया जाए। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में एकता के साथ-साथ आपसी रिश्तों की डोर मजबूत होती है। संगठन के प्रवक्ता जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि महाआरती के माध्यम से भगवान चित्रगुप्त जी की महिमा का बखान किया गया है।

ईवीएम व वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया

अयोध्या। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के विभिन्न प्रक्रियों को सकुशल संपन्न कराए जाने के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन स्थित एनआईसी के वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष में ईवीएम एवम् वीवी पैट का प्रथम रेंडमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासनध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम बीकापुर ध्रुव खाडिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री स्वाति शर्मा, एसडीएम मिल्कीपुर राजीव रत्न सिंह, एसडीएम सोहावल अशोक सिंह, एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित सहित ईवीएम एवम् वीवी पैट के प्रभारी अधिकारी व विभिन्न राजनीतिक दलों यथा समाजवादी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के मौजूद रहे।

डीएम ने चुनाव प्रशिक्षण से गैर हाजिर कार्मिकों के विरुद्ध एफआईआर के दिए निर्देश, दिया प्रशिक्षण

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने जीआईसी ऑडिटोरियम में मतदान कार्मिकों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के सम्बंध में जानकारी ली और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में आप सब मतदान कार्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण रहती है। आप सभी लोग अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें और निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सत्येंद्र कुमार ने कार्मिकों को निर्देशित किया कि वो गंभीरता पूर्वक पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मतदान में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान कोई भी ऐसा कार्य या आचरण ना करें , जिससे आपकी सत्यनिष्ठा पर उंगली उठ सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में गैर हाजिर मतदान कार्मिकों के विरुद्ध सम्बंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने मतदान में पीठासीन अधिकारी की अहम भूमिका बताते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वह अपनी जिम्मेदारी की अहमियत को समझ कर प्रशिक्षण के दौरान मतदान से संबंधित सभी जरूरी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल करें, ताकि सकुशल मतदान संपन्न कराने में उन्हें कोई सुविधा न हो।

प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अ0सुदन ने मतदान प्रक्रिया के बारे में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बारे में पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान प्रक्रिया को बारीकी से समझने के लिए एक नाटक भी दिखाया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आशीष पाठक द्वारा पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान दिवस पर पोलिंग बूथ पर पोलिंग एजेंट की तैनाती, मतदान के लिए ईवीएम तैयार कर सील करने, पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के अलावा मतदान से संबंधित अन्य जरूरी प्रक्रिया एवं अभिलेखों को भरने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जीआईसी ऑडीटोरियम में प्रशिक्षण उपरान्त राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षाओं में पीठासीन एवं मतदान कार्मिकों को मतदान हेतु ईवीएम तैयार करके सील करने तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं के बारे में प्रशिक्षित किया गया और उन्हें रिहर्सल भी कराया गया।

प्रभु श्रीराम से जुड़ी सभी स्थलों की जानकारी रखनी होगी: कुलपति प्रो0 प्रतिभा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में चतुर्थ बैच टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण का शुभारम्भ मुख्य अतिथि संतोष कुमार शर्मा, नगर आयुक्त अयोध्या व विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो0 प्रतिभा ने कहा कि प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में काफी संख्या में टूरिस्ट आने के लिये लालायित हैं। अयोध्या की सांस्कृतिक एवं पौराणिक विरासत से सभी अभिसिंचित कराने के लिए टूरिस्ट गाइड की भूमिका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए टूरिस्ट गाइड को पूरे सप्ताह का प्रोग्राम बनाना होगा। इसके लिए अपने स्किल को विकसित करना होगा। टूरिस्ट क्या चाहता है, उन्हीं की मांग के अनुरूप चीजों को प्रस्तुत करना होगा, यही एक सफल गाइड की पहचान है। कुलपति ने टूरिस्ट गाइड से कहा कि केवल अयोध्या पर फोकस नही करना है बल्कि राम से जुड़े सभी स्थलों की जानकारी रखनी होगी। इसके लिए तंत्र विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि आपकी भूमिका केवल गाइड तक ही नही सीमित है। बल्कि अयोध्या के खाने-पीने खरीदने की वस्तुओं की भी जानकारी रखनी होगी। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि गाइड का उद्देश्य केवल पैसा कमाना नही होना चाहिए बल्कि अपनी निःस्वार्थ सेवाओं से भी पैसा अपने आप खुद आएगा।प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि अयोध्या

केवल शहर ही नही बल्कि भावनाओं का शहर है। टूरिस्ट गाइड अपने शहर का ब्राण्ड अम्बेसडर होता है। सभी को अयोध्या के साहित्य को पढ़ना होगा तभी टूरिस्ट को सही जानकारी दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या अपने विशाल इतिहास को समेटे हुए है। गाइड को अयोध्या के लिये ऐसा पैकेज बनाना होगा जिससे टूरिस्ट कम से कम दो दिन अयोध्या में रूके जिससे अयोध्या की इकोनॉमी डेवेलप होगी। इसका लाभ लोगों के अलावा स्थानीय लोगों को भी मिलेगा। उन्होंने टूरिस्ट गाइड से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए कहा कि नकरात्मक चीजों को सकारात्मकता में बदलने के साथ धर्य रखना होगा जिससे टूरिस्ट को सही जानकारी मिल सके।

12 लाख रुपये लेकर किया बैनामा, मौके पर बदली जमीन निकली घूर गड्ढा

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। दुबई में रोजगार से जुड़े गाजीपुर निवासी व्यक्ति के हाथ घूर गड्ढे की जमीन का बैनामा कर 12 लाख से अधिक रुपये ऐंठ लिए गए। पीड़ित जब अपनी जमीन देखने मौके पर गया तो उसको दिखाई गई जमीन अन्यत्र निकली। पीड़ित की तहरीर पर गाजीपुर निवासी ठग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अजहर हसन खां निवासी मोहल्ला काजी मुहम्मद गाजी, जिला गाजीपुर के अनुसार वह रोजगार के सिलसिले में दुबई में रहते हैं। 2020 में वह गाजीपुर आया था। गाजीपुर में प्रवास के दौरान एक शादी के कार्यक्रम में परिचित मिथलेश कुमार सिंह ग्राम मनिक पुर कोट थाना करण्डा, गाजीपुर के माध्यम से शंभू राजभर थाना सादात, गाजीपुर से जमीन सम्बन्धित बात हुई। शंभु राजभर ने बताया कि मैं लखनऊ तथा बाराबंकी में रागानी रायलिटी कम्पनी बनाकर के जमीन का कार्य करता हूँ। आपको अच्छी जमीन देता हूँ। मैं जमीन देखने हेतु बाराबंकी गया। वहां शंभू राजभर ने मुझे ग्राम सभा अकबराबाद में लेआउट में 64 नम्बर कार्रनर प्लाट दिखाया, जो मुझे पसन्द भी आया, उक्त जमीन को शंभु राजभर ने 1232,000 रुपया लेकर बैनामा किया। 7 जनवरी 2023 को मैं जब छुट्टी पर आया और प्लाट देखने बाराबंकी आया। वहां पर कुछ स्थानीय लोगो से मेरी मुलाकात हुई, जमीन सम्बन्धित दस्तावेज के अनुसार लोगों ने बताया कि वह जिस जमीन को अपनी बता रहे हैं। उस जमीन का गाटा संख्या 202 नही है। तब मैने स्थानीय लेखपाल से सम्पर्क कर उक्त जमीन के बावत जानकारी ली, तब लेखपाल ने बताया कि गाटा संख्या 202 काफी दूर और गढ्?ढे में है। तब मैने शंभु राजभर से सम्पर्क किया, और उसकी जाल साजी के लिए एफआईआर की बात कही।

राजनीतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने आज लोक सभागार में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष ईवीएम के प्रथम रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया सम्पन्न की गयी। बैठक में जिला मजिस्ट्रेट ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रक्रिया के सम्बंध में चर्चा की तथा सुझाव आदि पर भी बात हुई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम अरुण कुमार सिंह सहित समस्त तहसीलों के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, उप जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनर का अन्तिम प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को स्वतंत्र ,निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अनुनय झा के मार्गदर्शन में और मतदान कार्मिक प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय व अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर का अंतिम प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ।?जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी मास्टर ट्रेनरों से मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली गई। उन्होंने बिंदुवार मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक निर्वाचन आयोग के निर्देशों, मतदान प्रक्रिया और ईवीएम संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा रैंडम आधार पर मास्टर ट्रेनर से मतदान के दौरान अपनाई जाने वाली प्रक्रिया का डेमो भी कराया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर वरिष्ठ एवं अनुभवी हैं और निश्चित रूप से सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत होंगे। लेकिन कई बार मतदान के दिन छोटी सी गलती पुनर्मतदान की स्थिति आ जाती है। इसलिए सभी लोग बारीक से बारीक निर्देशों को भी पढ़ व समझ

लें और अगर कहीं कोई समस्या है तो वरिष्ठ अधिकारियों से जानकारी कर लें। उन्होंने कहा कि आप लोगों द्वारा 22 अप्रैल से उन लोगों को प्रशिक्षित किया जाना है, जिनके ऊपर सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया का दारोमदार है। इसलिए कहीं कोई कमी न छोड़ें और ईवीएम सहित मतदान प्रक्रिया को कंठस्थ कर लें, ताकि मतदान कार्मिकों का बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा सके।नोडल अधिकारी कार्मिक व प्रशिक्षण/ मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण संबंधी पीपीटी को अच्छी तरह पढ़ लें। पीपीटी में मतदान संबंधी सम्पूर्ण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी है। इसके बाद भी कोई समस्या है तो हमारे सहायक नोडल अधिकारियों से बात कर उनका समाधान कर लें। इससे पूर्व सहायक नोडल प्रशिक्षण व परियोजना निदेशक श्री रामदरश चौधरी और एई लघु सिंचाई श्री नवीन सहगल द्वारा मतदान और ईवीएम संबंधी क्रियात्मक प्रणाली को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन व डमी ईवीएम के माध्यम से समस्त 50 टीमों के 100मास्टर ट्रेनरों (सामान्य एवं तकनीकी) को प्रशिक्षित किया गया।

अपर स्वास्थ्य निदेशक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

अयोध्या। अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ सुशील प्रकाश चौधरी ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का में निरीक्षण किया। अस्पताल में साफ सफाई दुरुस्त रखने एवं जहां खामियां मिली वहां सुधार करने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी गैर हाजिर मिले। लैब टेक्नीशियन राजेंद्र कुमार और लैब सहायक अमरचंद के बगैर सूचना के गैर हाजिर रहने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा डॉ प्रतीक्षा वर्मा एवं सुरेश चंद्र के अनुपस्थित रहने के संबंध में उन्हें बताया गया कि दोनों लोग अवकाश पर हैं। अपर स्वास्थ्य निदेशक द्वारा गर्मी और बदलते मौसम लू एवं हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए चार बेड का सुरक्षित रूम बनाए जाने का निर्देश दिया। जहां पर आपातकाल स्थिति में हीट स्ट्रोक लू और गर्मी से पीड़ित मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधाओं और राहत उपलब्ध हो सके।

खेतो में तेंदुए की मौजूदगी का वीडियो वायरल, किसानों में दहशत

बाराबंकी। हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर कथित रूप से तेंदुए के मौजूद होने का वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो को देखने के बाद से किसानों में दहशत फैल गई है। वीडियो में दिखने वाले तेंदुए जैसे लगने वाले जानवर को लेकर वन विभाग पुष्टि नहीं कर रहा। हालांकि रेंजर की टीम इलाके के खेतों और जंगल में लगातार कांबिंग कर रही है।

जानकारी के अनुसार हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरसतिया जो कि हाईवे पर पड़ता है के खेतों में कथित रूप से तेंदुए के घूमने की खबर फैली, जिसका वीडियो भी तेजी से वायरल हुआ।

किसानों की शिकायत पर हरकत में आए वन विभाग की टीम देर शाम से ही तेंदुए की तलाश में जुटी है। इलाके के रेंजर उमेश कनौजिया ने बताया कि गुरुवार शाम पेट्रोल पंप कर्मचारी को तेंदुआ टहलते हुए दिखाई पड़ा था, जिसका वीडियो बनाया गया था। रेंजर ने बताया कि जनवरी फरवरी महीने में तेंदुआ देखा गया था, लेकिन तब निगरानी के दौरान वह जंगल में कहीं गायब हो गया था। तेंदुए की सूचना ग्रामीणों से गुरुवार शाम को मिली थी। उसकी जांच में टीम को देर रात नहर पार करते हुए एक जंगली बिल्ली दिखाई दी थी, साथ ही खेत से मिले जंगली जानवर के पग चिन्ह से इलाके में तेंदुए का होना साफ पता नहीं चल सका है। रेंजर उमेश कनौजिया ने बताया कि इलाके में तेंदुआ होने की सूचना पर क्षेत्र में लगातार कांबिंग की जा रही है, साथ ही ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है। हालांकि क्षेत्र में किसी तेंदुए के होने की कोई पुष्टि नहीं है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में अगले 24 घंटे में तेंदुआ भूख और प्यास लगने पर भोजन के लिए शिकार करने जंगल से बाहर आएगा है।

एक वारण्टी, 07 वांछित गिरफ्तार, 95 ग्राम स्मैक भी बरामद

बाराबंकी। संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बाराबंकी पुलिस ने एक वारण्टी, 07 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जबकि 38 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गिरीजा प्रसाद पुत्र महेश, पवन कुमार वर्मा पुत्र नन्हे वर्मा निवासी ग्राम बरौलिया थाना बदोसराय को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से कुल 95 ग्राम अवैध स्मैक जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 10 लाख रुपये है बरामद किया गया। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

400 पार का दावा महज शिगूफा, केन्द्र में नही बनेगी भाजपा सरकार: सुमन

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव में बीस सीटें जीतना मुश्किल है। देश में चार सौ सीट जीतना दिवास्वप्न है।

यह विचार व्यक्त करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि जहां पर पार्टी के प्रत्याशी नहीं है, वहाँ लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का पुरजोर समर्थन करती है। एक दशक से सत्तासीन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार देश के लोकतंत्र और संविधान के लिए गंभीर खतरा बन गई है, इसलिए अब वोट की ताकत से इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के नाम पर सत्ता में आई मोदी सरकार आज सबसे बड़ी भ्रष्टाचारी और अवैध

वसूली करने वाली सरकार साबित हुई है। इलेक्टोरल बॉन्ड के लेनदेन का जो आंकड़ा सामने आया है, उससे साफ है कि इसकी सबसे बड़ी लाभार्थी बीजेपी रही है। ये भी साफ है कि पहले कंपनियों पर एजेंसियां छापा मारती थी, फिर वो कंपनियां करोड़ों के इलेक्टोरल बॉन्ड बीजेपी को देती थी। सेना की नौकरी अस्थायी हो गई तो बाकी नौकरियां कैसे स्थायी रहेंगी? केंद्र सरकार की ओर से हर साल दो करोड़ बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा झूठा साबित हुआ।

अग्निपथ जैसी योजना लाकर न केवल सेना को अस्थायी कर दिया है। इससे यह संदेश है कि जब सबसे बड़ी नौकरी अस्थायी हो सकती है तो फिर बाकी नौकरियां स्थायी कैसे होंगी? अग्निपथ जैसी योजनाओं को अस्थायी कर देश के सुरक्षा से खिलवाड़ करने का काम किया गया है। भारतीय जनता पार्टी को %भ्रष्टाचारी जुटाओ पार्टी% का नया नाम दिया गया। भाजपा भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में शामिल कर ढिंढोरा पीट रही है। अन्य पार्टी के दागदार लोगों को अपने पार्टी में शामिल कर रही है। जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि केंद्र की बीजेपी सरकार पूरी तरह से घबराई हुई है और भ्रष्टाचारियों को भी अपने पार्टी में शामिल कर रही है। 400 पार का शिगूफा भले छेड़ें, केंद्र में नहीं बनेगी बीजेपी की सरकार। जब भाजपा 400 पार का नारा दे रही है तो बाकी पार्टियों के लोगों को अपने पार्टी में शामिल कर कूड़ा कचरा क्यों इकट्ठा कर रही है? उन्होंने कहा कि बीजेपी 400 पार का कितना भी शिगूफा छेड़ दें, लेकिन केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बन रही है।

आग से लाखों की सम्पत्ति जलकर हुई राख

अवधनामा संवाददाता

नौतनवा (महराजगंज)। क्षेत्र के कोल्हुई थाने के अन्तर्गत ग्राम जिगिनिहा व विश्राम पुर में डण्ठल जलाने से लगने वाली आग ने विकराल रूप धारण करते हुए कयी गांव को अपने चपेट में ले लिया। कहीं कहीं तो अधिक नुकसान नहीं हुआ पर जिगिनिहा व विश्राम पुर में लाखों की क्षति हुई है। मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने तहसीलदार व दमकल कर्मियों को बुलाया लेकिन तब तक बहुत कुछ जल चुका था। उन्होंने तहसीलदार से लोगों को उचित मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया जिस पर तहसीलदार ने आश्वासन देते हुए कहा कि हम शासन से अधिक से अधिक मुआवजा दिलाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने हल्का लेखपाल रामबृक्ष व प्रधान राजाराम सहानी को जल्द से जल्द क्षति हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने आवास पाये हुए किसन के घर पर लिण्टर लगाने हेतु निकाले गए किस्त के जलजाने पर लेखपाल से तत्काल सर्वे भी कराया। उन्होंने आग बुझाने में सहयोग करने वाले एकत्रित सैकड़ों लोगों की प्रशंसा भी की।

डीएम ने किया लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए बनाये गये कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा मुख्य विकास अधिकारी / प्रभारी अधिकारी कार्मिक जयेंद्र कुमार साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु विकास भवन स्थित कन्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम/जिला अर्थ एवं सख्याधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी सहित समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी द्वारा मीडिया सेल, डिस्ट्रिक्ट कांटेक्ट सेंटर-1950, CVIGIL पोर्टल एवं सिंगल विन्डों सिस्टम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान CVIGIL पोर्टल पर शिकायतो की संख्या कम पाये जाने पर प्रचार-प्रसार एवं प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जन जागरूकता बढाने हेतु प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम को निर्देश दिया गया। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के शिकायतों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा CVIGIL पोर्टल (आदर्श आचार संहिता का प्रहरी) उपलब्ध कराया है। जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने आमजन से अपील की है कि चुनाव समाप्त होने तक प्रलोभन, भ्रष्टाचार अथवा अन्य शिकायतों को CVIGIL Citizen App के माध्यम से किया जा सकता है। इस एप के माध्यम से शिकायत के साथ केवल मौके की फोटो व वीडियो को ही लगाया जा सकता है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जायेगी तथा शिकायत सही मिलती है तो 100 मिनट के अन्दर कार्यवाही की जायेगी। VIGIL पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के निस्तारण के लिए विकास भवन में स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए संचालित कन्ट्रोल रूम से 24×7 निगरानी रखी जा रही है। शिकायतकर्ता द्वारा CVIGIL पोर्टल पर शिकायत करते ही तत्काल कन्ट्रोल रूम से कार्यवाही की जाती है। CVIGIL पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्रत्येक विधानसभा में गठित एफएसटी (पलांइग स्कवॉयड टीम) द्वारा मौके पर जाकर किया जाता है एवं शिकायत के निस्तारण की आख्या भी CVIGIL पोर्टल के माध्यम से सम्बन्धित एआरओ/ एसडीएम को भेजी जाती है। एआरओ/एसडीएम द्वारा कार्यवाही को अन्तिम रूप दिया जाता है। निस्तारण की रिपोर्ट प्रतिदिन निर्वाचन आयोग को प्रेषित की जाती है। शिकायतकर्ता भी VIGIL Citizen App के माध्यम से शिकायत के सम्बन्ध में कृत कार्यवाही की जानकारी ले सकता है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपद वासियो से अपील किया है कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायत CVIGIL Citizen App के माध्यम से अवश्य दर्ज कराये, जिससे लोक सभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराया जा सके। निरीक्षण के दौरान मीडिया मानीटरिंग सेल को भी देखा तथा इसके बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने रजिस्टर बनाकर प्राप्त होने वाली शिकायतो को दर्ज करने का निर्देश दिया।

डंठल से लगी आग ने मचाई तबाही, चार दर्जन से अधिक घरों व उसमें रखा सामान स्वाहा

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में शुक्रवार को गेहूं के डंठल में लगी आग ने खूब तबाही मचाई। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरा व त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बनकसिया, सेमरी व महुआखुर्द में कुल करीब चार दर्जन से अधिक घरों को अपने चपेट में ले लिया जिससे, उसमें रखा करीब 70 लाख से अधिक का सामान जल कर स्वाहा हो गया। एक साथ लगी कई जगहों पर आग को बुझाने के लिए नही पंहुच पाई फायर ब्रिगेड की गाड़ी ग्रामीणों के घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

सबसे पहले डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरा गांव के पश्चिम करीब 11 बजे गेहूं के डंठल से आग शुरू हुआ। तेज पछुआ हवा के कारण आग ने अपना बिकराल रूप लेकर तांडव मचाना शुरू किया और देखते ही देखते धनोहरा गांव के पश्चिम स्थित बिफई यादव, महेश यादव, सुरेश यादव के घरों को अपने आगोश में ले लिया। सूचना पर पंहुची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझाने में जुट गई।तेज हवा के कारण आग एक घर से दूसरे घरों को जलाना आरंभ कर दिया,इधर आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा तब तक दूसरे घरों को पकड़ लेता। ग्रामीणों व फायर ब्रिगेड के मदद से आग पर काबू पाया गया, तब तक गांव के करीब 35 घरों व उसमें रखा सामान जल कर राख हो गया। करीब तीन बजे डंठल से ही त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बनकसिया, सेमरी व महुआखुर्द में एक साथ आग लग गया, लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया मगर गाड़ी नही पंहच पाई, ग्रामीणों ने तो काफी मेहनत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया मगर तेज हवा के साथ उठती लपटों के बीच लोग असफल हो रहे थे, करीब दो घंटे बाद छोटी फायर ब्रिगेड की गाड़ी पंहुची तबतक लोगों के घरों व उसमें रखा सामान जल चुका था।

- डुमरियागंज व त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में लगी आग में 70 लाख का नुकसान

डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरा गांव में लगी आग में जला घर

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोहरा गांव में डंठल से लगी आग में गांव के साधू, ह्रदय राम, चिनकू, राजकुमार, ऊषा, जगप्रसाद, भुईलोटन, मोल्हू, सुरेश, महेश, गोली, देवकली, नृपति चौधरी, छांगुर आदि सहित करीब 37 लोगों का घर जला। वही त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के सेमरा बनकसिया, सेमरी,व महुआखुर्द में लालमनि, देवानंद व सेमरी में राजिन्द्र, कमलेश, महेश, लवकुश, प्रह्लाद, वहीं सेमरा बनकसिया में मयाराम, तेजई, विजय कुमार, विश्राम आदि सहित कुल चार दर्जन से अधिक लोगों का घर जल कर राख हो गया।

नुक्कड़ नाटक कर शिक्षा के प्रति किया जागरुक

बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय बांसी प्रथम के बच्चों ने शुक्रवार को अकबरनगर वार्ड मे नुक्कड़ नाटक कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरुक किया। बच्चों की प्रस्तुति की लोगों ने सराहना किया है। समग्र शिक्षा अभियान के तहत शिक्षा की आवश्यकता विषय पर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने बहुत ही प्रभावी ढंग से जीवन्त नाटक प्रस्तुत किया जिसकी लोगों मे खूब सराहना किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक मुदित सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक के माध्यम आप लोगों को शिक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। उन्होनें कहा कि हमसब की जिम्मेदारी है कि कोई बच्चा स्कूल जाने से बचना नही चाहिए। उन्होनें कहा कि अविभावकों की जिम्मेदारी है की वह छह वर्ष से ऊपर के बच्चे को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजे। इस अवसर पर राजेन्द्र शर्मा, साधना, सरिता, आलिया सहित काफी संख्या मे अविभवाक मौजूद थे।

डीएम व एसपी ने तत्काल घटना स्थल का किया दौरा

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। तहसील क्षेत्र शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम नौतला सरपतहा में शुक्रवार को आग लगने की सूचना मिलने पर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा तत्काल घटना स्थल पर पहुँचकर जानकारी ली गई। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ को निर्देश दिया कि जले हुए घरो में तत्काल राहत सामग्री/खाद्य सामग्री उपलब्ध कराये। इसके साथ-साथ जले हुए घरो का आकलन कर के रिपोर्ट बनाकर शासन को प्रेषित करे, जिससे शासन द्वारा दी जाने वाली आपदा राहत धनराशि शीघ्र दिलाया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित पूर्ति निरीक्षक को तत्काल खाद्य सामग्री पहुँचाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्थानीय लोगो से वार्ता कर उन्हे सान्त्वना दी तथा हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

अग्निकांड की घटनाओं पर प्रशासन हुआ सख्त

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। इन दिनों बहुत तेज चल रही हवाओ के कारण आये दिन बहुत भयंकर रूप से अग्निकांड की घटनाएं घट रही है, जिसमे व्यापक स्तर पर फसल क्षति व मकानों की क्षति के साथ साथ अन्नदाताओं के ऊपर आग कहर बरपाते हुए उनकी कमर तोड़ दे रही है। अग्निकांड की घटनाओं का मुख्य कारण किसानों द्वारा पराली जलाया जाना है, जिसके कारण आए दिन अग्निकांड की घटनाएं घट रही हैं। प्रशासन के निर्देश के बावजूद किसानों द्वारा धड़ल्ले से पराली जलायी जा रही है। व्यापक स्तर पर अग्निकांड की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन की तरफ से सख्त दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित ने बताया कि जनहित में आम जनमानस की अग्निकांड की सुरक्षा से बचाव हेतु राजस्व कर्मियों एवम पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई भी व्यक्ति पराली जलाता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। जिसके खेत से आग उठेगी उसे भी घटना के लिए जिम्मेदार माना जाएगा तथा उसके विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की है कि आम जनमानस की अग्निकांड जैसी भयानक विपदा से बचाव के लिए आप लोग पराली बिलकुल न जलाएं।

पराली की घटना को रोके जाने हेतु निर्देशित करें

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। गेहूँ फसल अवशेष जलने की घटना का स्थलीय सत्यापन एवं घटनाओं के नियंत्रण हेतु क्षेत्रीय कर्मचारियों के माध्यम से कृषको को जागरूक करने के साथ शासन एवं कृषि विभाग द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराने के लिए संयुक्त निदेशक, कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी ने मण्डल के तीनों उप निदेशक कृषि एवं जिला कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया है। अधिकारियों को लिखें गये पत्र में संयुक्त निदेशक कृषि ने कहा है कि जनपद स्तर पर एक सेल का गठन करते हुए प्रत्येक दिन की घटनाओं का अनुश्रवण किये जाने एवं प्रत्येक गांव के ग्राम प्रधान एवं क्षेत्रीय लेखपाल को प्रत्येक दशा में अपने से सम्बन्धित क्षेत्र में पराली/कृषि अपशिष्ट जलाने की घटना को रोके जाने हेतु निर्देशित करें। उन्होने कहा हैं कि प्रत्येक राजस्व ग्राम अथवा राजस्व ग्राम कलस्टर के लिए एक राजकीय कर्मचारी को नोडल अधिकारी नामित करें, जो कि सभी के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए फसल अवशेष आदि को न जलने के लिए प्रेरित करें।

मंडल अध्यक्ष की अध्यक्षता में युवा सम्मेलन

अवधनामा संवाददाता

शोहरतगढ़। विधान सभा के चिल्हिया मंडल में मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में भाजपा के तत्वावधान में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल तथा विशिष्ठ अतिथि विधायक विनय वर्मा, लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी रहे।

कार्यक्रम तो संबोधित करते हुए लोकसभा प्रभारी ने कहा की भाजपा कार्यकर्ता राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए सदैव कार्य करता है।नरेंद्र मोदी की सरकार को लाने में युवा कार्यकर्ताओं ने तन मन धन सब एक कर दिया था, तब आज पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी बनी, युवा कार्यकर्ताओं के बल पर ही भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के पथ पर अग्रसर हैं। आप लोगों को अपने सांसद जगदंबिका पाल को भारी मतों से विजई बनाना है। सांसद प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने कहा कि कार्यकर्ताओं का योगदान अतुलनीय है, संगठन के हर कार्यो को गाँवों तक आम जन मानस के बीच प्रचारित कर पुनः नरेंद्र मोदी को भारत का प्रधानमंत्री देखना आज देश का हर युवा चाहता है और आपका सांसद आप लोगो के बीच सुख दुःख में आप लोगो के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का कार्य करता है। पूर्व लोकसभा प्रभारी दुर्गा राय ने कहा हम सब यहां अपने प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल को अधिक मतों जिताने के लिए एकत्र हुए है ताकी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के क्रम में अपना योगदान दें सकें। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव ने किया। पूर्व लोकसभा प्रभारी दुर्गा राय पूर्व जिलाध्यक्ष लाल जी त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिलामंत्री अजय उपाध्याय, सहित सभी मंडल के युवा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दीपचंद साहनी, दुर्गेश यादव, जितेन्द्र चौधरी, रोहित गुप्ता, नीलेश चौधरी, राधे बाबा, धीरज सिंह, राघवेंद्र मिश्र सर्वदेव शुक्ल सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

सब रोगों की एक दवाई सफाई-सफाई-सफाई

भनवापुर के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार में बच्चों को दस्तक अभियान को लेकर किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को भनवापुर ब्लॉक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भरवठिया बाजार में दस्तक अभियान को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। स्वास्थ शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को बताया की स्वास्थ जीवन के लिए स्वस्थ मस्तिस्क की अवश्यकता होती है इसके लिए साफ सफाई जरूरी है। दस्तक अभियान को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि अपने घर के आस पास साफ सफाई रखे, इंडिया मार्का हैंडपंप के पानी का उपयोग करे, आस पास गंदा पानी इकट्ठा न होने दें। शौंच के बाद व खाना खाने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह साबुन से धुलें। तेज धूप में सिर ढ़क कर व फुल स्तीन का सर्ट पहन कर निकलें, मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी का उपयोग करें। अंत में राजीव त्रिपाठी ने बच्चों को हाथ धुलने के सही तरीका का डेमो दिखाते हुए बच्चों को जागरूक किया। इस दौरान संगीता, आशा जयसवाल, सूर्यवीर यादव में.अकरम खां, किरन आदि उपस्थित रहे।

आग लगने से शादी का दहेज व नकदी समेत लाखों रुपये का समान राख

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खीरीडीहा में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जल कर राख हो गया।आग लगने का कारण खेत में गेहूं कटे डंढल जलने से निकली चिंगारी को बताया जा रहा। इन्साफ अली पुत्र मैनुद्दीन, हाफिज अली पुत्र अब्दुल्लाह, तबारक पुत्र भक्कल, चिरागुद्दीन पुत्र मजीद जोखु, समशआद पुत्र मैनुद्दीन के घरों में आग लगने से सारा सामान जल कर खाक हो गया साथ मे ही लगभग 100 ट्राली भुसा भी राख हो गया। जिसमे समसाद के लड़की की शादी 15 मई को होना तय था शादी की तैयारी कर रहे थे समान बजार से खरीद कर लाकर रखे थे। ग्रामीणों का कहना है कि मुडिला के सीवान में गेहूं के डंठल जलाया गया था। जिससे निकली चिंगारी उड़कर ग्राम खीरीडीहा में जा पहुंचा और आग लग गयी।जब तक कुछ लोग समझ पाते आग ने भयंकर रुप ले लिया।आग लगने से समसाद का लगभग नकद डेढ़ लाख रुपए व गेहूं दहेज में देने के लिए सामान जल गया कुल तीन लाख रुपए नुकसान होने का अनुमान है। स्वजनों का रोल रो के बुरा हाल है। इसी तरह ग्राम सुसुनहा में आग लगने से गौशाला रह रहे जानवरों के खाने के लिए रखा भुसा करीब पचास ट्राली जल कर राख हो गया। यहां भी आग लगने का कारण डंठल को जलाये जाने से निकली चिंगारी का कारण बताया जाता है। ग्रामीणों ने बताया की सरकार द्वारा जारी नम्बर पर फोन किया गया लेकिन फोन नही उठा। आग की जानकारी होते ही थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गये।

- परिवार वालों का रो-रो के बुरा हाल

किसी भी समस्या के लिए आशा व आंगनवाड़ी से संपर्क करें

भनवापुर के रूद्रौलिया में आयोजित संचार गतिविधि एवं माता बैठक मे एएनएम ने किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर महिलाएं आशा व आंगनवाड़ी से संपर्क करें, अगर समस्या जटिल है तो हमसे संपर्क कर सकती है। यह बाते शुक्रवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के रूद्रौलिया उर्फ रेड़वरिया में आयोजित संचार गतिविधि एवं माता बैठक में एएनएम रेश्मा शर्मा ने कहा। रेश्मा ने कहा कि गर्भवती महिलाएं हर टीकाकरण सत्र पर व सीएचसी पर आयोजित एच.आर.पी.डे पर अपना जांच जरूर कराएं जिससे गर्भ में पल रहे शिशुओं के साथ ही महिलाओ के स्वास्थ के बारे में जानकारी मिल सके और जरूरत के हिसाब से उसका समाधान किया जा सके। इस दौरान मीना पाठक, रेखा, रजनी, संगीता, मांडवी, रोहिणी, कलावती आदि उपस्थित रहे।

दीवार में नकब लगाकर चोरो ने कीमती गहनो पर हाथ किया साफ़

अवधनामा संवाददाता

जलालपुर अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना के कोठीभार गांव में अज्ञात चोरों ने दीवाल में नकबजनी कर घर में घुस गए सो रहे परिजनों के बीच अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखा करधन, पाजेब, झुमकी, बुंदा, सोने की चेन, चार अंगूठी आदि आभूषण चोरी कर फरार हो गये। सुबह जब परिजनों की आंख खुली अलमारी में आभूषण नहीं देख उनके होश उड़ गये यह सभी आभूषण पीड़िता की बेटी का था जो वर्तमान समय में मायके में आई है। घटना मालीपुर थाना क्षेत्र के कोठी भर में बीते गुरुवार रात को घटित हुई पीड़ित कलावती ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि मेरी बेटी शिवानी का आभूषण अलमारी में रखा गया था बीती रात अज्ञात चोर दीवाल में नकब जनीकर उक्त सभी आभूषण के साथ विदाई के लिए रखा 3000 नगद चोरी कर लिए। सीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टिया चोरी संदिग्ध प्रतीत हो रही है मामले की गहराई तक जांच की जा रही है।

डीआईओएस सोमारू प्रधान ने कई कॉलेजों का किया औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। माध्यमिक एवं संस्कृत विद्यालयों में पठन-पाठन सुचारू रूप से होने के साथ ही शिक्षकों, कर्मियों और बच्चों की उपस्थिति जानने के लिए लगातार औचक निरीक्षण कर रहे डीआईओएस सोमारू प्रधान ने शुक्रवार को कई कॉलेजों का निरीक्षण किया। इस दौरान जहां उन्होंने एक कॉलेज में बच्चों की क्लास भी ली, वहीं अनुपस्थित तीन शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोकने का आदेश जारी किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने शुक्रवार को जय किसान इंटर कॉलेज सकतपुर सनई का निरीक्षण किया। जहां कुछ शिक्षक नहीं मिले, पर उसी बीच सभी आ भी गए। उन्होंने प्रधानाचार्य से साफ-सफाई बेहतर रखने, प्रत्येक कक्षा कक्ष में पढ़ाई सुनिश्चित करने, शैक्षिक पंचाग के तहत मासिक टेस्ट कराने समेत अन्य गतिविधियों का शत-प्रतिशत अनुपालन कराने का निर्देश दिया। बच्चों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी जाहिर की। शिक्षकों की टोली बनाकर आसपास के क्षेत्रों में भ्रमण कर नामांकन बढ़ाने का भी निर्देश दिया। शिवपति इंटर कॉलेज शोहरतगढ़ के निरीक्षण में बच्चों की संख्या बेहतर मिली। कक्षा कक्ष में पढ़ाई होती दिखी। इस दौरान डीआईओएस ने कक्षा 10 बी में गणित विषय की पढ़ाई दौरान स्वयं बच्चों से कई सवाल किए। जिनका स्तर न्यून पाया। उन्होंने शिक्षक से शैक्षिक गुणवत्ता स्तर बढ़ाने का निर्देश दिया। जनता विद्या मंदिर इंटर कॉलेज उदयराजगंज चिल्हिया का निरीक्षण किया। जहां पठन-पाठन बेहतर पाया। संस्कृत पाठशाला शोहरतगढ़ के निरीक्षण में प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार मिश्र कई दिन से अनुपस्थित बताए गए। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीबी मकडौर के निरीक्षण में प्रधानाध्यापक टेनिसन, शिक्षक उमेश चंद्र गैरहाजिर पाए गए। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने बताया कि औचक निरीक्षण का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

- अनुपस्थित तीन शिक्षकों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का आदेश

होम्यो रत्न अवार्ड से किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

बढ़नी सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आयोजित होम्योपैथिक सेंटीफिक सेमिनार 2024 में देश के कोने कोने से आए चिकित्सकों में होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने वाले क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डा. खुबैर अहमद खान उर्फ सोनू को होम्यो रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया उनके सम्मानित होने पर क्षेत्रीयजनो ने उन्हें बधाई दी है। एचएमएआई यूनिट कुशीनगर के तत्त्वाधान में नेशनल होम्यो रत्न अवार्ड सेरेमनी 2024 होमियोपैथी सेंटिफिक सेमिनार का आयोजन गत दिवस किया गया जिसमे देश के कोने कोने से आए चिकितिस्को ने प्रतिभाग किया। उक्त कार्यक्रम में प्रोफेसेर डॉक्टर ए के दास , प्रोफेसेर डॉक्टर पी के सिंह,प्रोफेसेर डॉक्टर कमलेन्द्र त्यागी के बीच डॉक्टर के ए खान ने भी होमियोपैथी विषयक संगोष्ठी की वृहद चर्चा में प्रतिभाग किया और इस दौरान बढ़नी क्षेत्र के ढेकहरी निवासी डा. खुबैर अहमद खान उर्फ सोनू को होम्यो रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। उक्त की जानकारी देते हुए डा. के. ए. खान ने कहा कि जटिल से जटिल रोगों का इलाज होमयोपैथ में मौजूद है , रोगों की पहचान कर यदि समय से इलाज हो जाय तो मरीज स्वस्थ हो जाता है । उनके सम्मानित होने डा. अफजल हुसैन, डा. अखलाक, चिक्कू भाई, प्रधान रिंकू चौधरी, रघुनाथ चौधरी आदि को क्षेत्रीय लोगों ने बंधाई दी है।

मतदाता जागरूकता के लिए बनायी गयी मानव श्रृंखला

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में सरदार पटेल पीजी कॉलेज फत्तेपुर बड़ागांव जलालपुर अंबेडकर नगर में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सरदार पटेल पी0जी0 कॉलेज में विद्यार्थियों को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं, एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं जनपद के विभिन्न स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं।

स्कूली बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत और नृत्य के माध्यम से जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक किया जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए अधिक से अधिक वोट डालने के लिए प्रेरित किया जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से अपील किया गया कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-पड़ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को मजबूत बनाना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया।

दूसरा सन्देशखाली

6 मार्च की सुबह पश्चिम में बंगाल के ईस्ट मोदिनीपुर एनआईए की टीम दिसम्बर 2022 में हुये बम ब्लास्ट के जांच के लिये कोर्ट के निर्देश पर पहुची तो भीड़ ने अफ़सरों पर हमलाकर दिया, संदेशखाली का हादसे दोहरा दिया। सन्देशखाली में ईडी टीम पर निशाना बनाया गया था। इन आरोपियों को एनआईए ने समन भेजा था जिसे आरोपियों ने नजरन्दाज कर दिया था। जब की टीम वाजिब वारन्ट के साथ गई थी। सवाल उठता है पश्चिम बगाल में ही इस तरह की वारदाते क्यों हो रही है। वारदात के बाद वहां की सरकार और प्रशासन सरकारी एजेन्सियों के माथे ही तोहमत मढती है कि टीम ने भीड़ पर हमला किया। टीम भीड़ पर हमला क्यों करेगी। वारदात के बाद ममता आदत अनुसार दोष एजेन्सियों और भाजपा पर लगाती है। उनकी पार्टी के लोग कहते है एजेन्सियों यहां के लोगो को धमकाती है, यहां के नेताओं को धमकाती है कि भाजपा के साथ मिल जाओ वरना यू ही परेशान करते रहेगे। निहायत बचकाना आरोप है। ममता खासकर मोदी से नाराज है। राजनीति में असन्तुष्ट होना वो ठीक है पर नाराज होना तो राजनयक नही होता। ममता और उनके प्रशासनिक अधिकारियों ने पिछले अनुभव से कुछ सबक नही लिया। नाईए के अधिकारी तो घायल हुये। टीएमसी के नेता की पत्नी ने नाआईए के अधिकारी पर आरोप लगाया है कि उसने घर में घुसकर हमला करते हुये छेड़छाड़ की। वैसे तो पुलिस ऐसे मामले टरकाती रहती है पर इस मामले में तत्परता से अधिकारी के खिलाफ महिला के छेड़छाड़ का आरोप लगा दिया हैं। आज तक सुनने में नहीं आया है कि कोई एजेन्सी जांच के लिये गई तो महिला से छेड़छाड़ की। मतलब राजनीति कितने निचले स्तर तक पहुच गई है।

ममता दीदी की गिनती बहुत ज़हीन नेताओं में होती रही है। आमजन के हित में इमानदारी से संघर्ष करती रही है। उनके विरोध से सरकारें घबरा जाती थी। पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्ट शासन को खत्म कर दिया था। पर इधर वह अपनी पुरानी लीक के अलग दिख रही है। अपनी पार्टी और अपने लोगो को विजयी बनाने के लिये तरह तरह के हथकन्डे आजमाती रहती है। अपने मंत्री मन्डल और पार्टी भ्रष्ट लोगों को प्राश्रय देने का आभास देती है। यही नहीं उनकी पार्टी का नेता या कार्यकर्ता भ्रष्टाचार में पकड़ा जाता है तो उसे बचाने के लिये कभी ऐजेन्सी पर तो कभी केन्द्र सरकार पर आरोप लगाती रहती है। ममता इन दिनों राजनीतिक बयान बाजी में उलझी रहती है। केन्द्र पर पैसा न देने का आरोप लगाती है पर केन्द्र से प्राप्त पैसों का हिसाब नहीं देती है। मोहीनीपुर जांच के लिये एनआईए को कोलकत्ता हाईकोर्ट का निर्देश मिला हुआ है। पश्चिम बंगाल में जिस तरह से केन्द्रीय एजेन्सी से जुड़े अधिकारियों के कामकाज में हिंसक रूप से बाधा पहुंचाई जा रही है वह बेहद खतरनाक और खेद जनक है। सन्देशखाली के प्रकरणों में राज्य के कानून व्यवस्था पर गम्भीर सवाल उठकर खड़े हो गये थे। उसी से मिलती जुलती स्थिति मोहीनीपुर केस को लेकर पैदा हो गई है। पर ममता इसके बचाव में लगी हुई है बयानबाजी कर रही है दोष भाजपा और केन्द्र सरकार पर मढ़ रही है। ममता और उनके नेता एनआईए के कार्यवाई पर सवाल उठा रहे है। एक नेता कह रहे है हम टूटेगे नहीं। चूकि यह समय चुनाव का है तो चुनाव के नज़दीक ऐसी करवाइयों से परहेज किया जाय तो अच्छा ही सन्देश जायेगा। कि सरकार चुनाव को प्रभावित करने के लिये कोई ऐसी वैसी कोशिश नहीं कर रही है। जुर्म बहुत गम्भीर हो तो तुरन्त कारवाई से कोई नहीं रोक सकता। पर अनियमतताओं के लेकर छापेमारी चुनाव तक रोकी रक्खी जाय तो सन्देश अच्छा ही जायेगा। ऐजेन्सियों पर चुनावी माहौल में उनकी निशपक्षता पर सवाल उठना उनकी विश्वसनीयता और छवि को धूमिल करता है। टीएमसी नेता चुनाव कमीशन के कार्यालय के सामने धरना दे एजेन्सी के हेड को बदलने का दबाव बना रहे है। वे अपने कृत्य नही देख रहे है केन्द्र सरकार और एजेन्सी को दोष निकालने में लगे है अपने दो दोषियों को बचाने में लगे है। ममता अपने भतीजे के राज्यरोहण में लगी है और लोगो को एजेन्सी और केन्द्र सरकार के खिलाफ भड़काने में लगी है। राज्य सरकारों को एजेन्सियों का खुलकर सहयोग करना चाहिये। एजेन्सियों के प्रयासों से उनका प्रशासन स्वच्छ बना रहेगा। उनके द्वारा जो संसाधन जनता के लिये पैदा किये जा रहे है वह जनता तक निर्वाध रूप से पहुचता रहेगा। उनकी सरकार को मजबूती मिलेगी और अगले चुनाव के लिय उनकी स्थिति और मजबूत होकर उभरेगी। निष्पक्ष और स्वच्छ प्रशासन प्रदेश और सरकार दोनो के हित में होगा।

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्तक

संजीव ठाकुर

नवप्रवर्तन राष्ट्र की आर्थिक समृद्धि के दिशा प्रवर्तृक होते हैं। किसी भी देश में समस्त प्रयासों की रचनात्मक भूमिका होनी चाहिए उसी के फल स्वरुप राष्ट्र का आर्थिक तंत्र मजबूत तथा शक्तिशाली होता है। जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नवप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3व्र नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में पेनिसिलिन जैसी प्रतिजैविक (एंटीबायोटिक) के अविष्कार ने रोगों की संभावना को कम कर दिया एवं स्वास्थ्य प्रणाली के भावी विकास को एक गति प्रदान की है। जेनेरिक औषधि, रोबोटिक सर्जरी, जीन एडिटिंग जैसी प्रक्रिया स्वास्थ्य सुधार हेतु एक मजबूत आधार मानी जाती है। सामाजिक विकास आर्थिक समन्वयक और न्याय प्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास नवप्रवर्तन के योगदान से ही आया है। सोशल मीडिया जैसे नवीन प्लेटफार्म ने व्यक्ति की अभिव्यक्ति के अधिकार को स्वतंत्र किया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के ग्रामीण से आधुनिक रूपांतरण में कृषी क्षेत्र से भारी उद्योगों पर बल देने में किसानों के देश को सॉफ्टवेयर उद्योग का सिरमौर बनाने में नवप्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। भारतीय कृषि में भी आधुनिकीकरण और पाश्चात्य उपकरण का प्रादुर्भाव भी नवीन नवाचार के कारण संभव हुआ है। भारतीय राज्य को लोक कल्याणकारी राज्य से लोगों के सशक्तिकरण करने वाले राज्य में बदलने की नवप्रवर्तन की भूमिका अत्यंत सराहनीय है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषतः महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है।

नेताओं के बिगड़े बोल पर सख्ती से नियंत्रण जरूरी

लोकसभा चुनाव का प्रचार उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथियां नजदीक आती जा रही है, प्रचार-अभियान में नफरती सोच एवं हेट स्पीच का बाजार बहुत गर्म है। राजनीति की सोच ही दूषित एवं घृणित हो गयी है। नियंत्रण और अनुशासन के बिना राजनीतिक शुचिता एवं आदर्श राजनीतिक मूल्यों की कल्पना नहीं की जा सकती। नीतिगत नियंत्रण या अनुशासन लाने के लिए आवश्यक है सर्वोपरि राजनीतिक स्तर पर आदर्श स्थिति हो, तो नियंत्रण सभी स्तर पर स्वयं रहेगा और इसी से देश एक आदर्श लोकतंत्र को स्थापित करने में सक्षम हो सकेगा। अक्सर चुनावों के दौर में राजनीति में बिगड़े बोल एवं नफरत की राजनीति कोई नई बात नहीं है। चर्चा में बने रहने के लिए ही सही, राजनेताओं के विवादित बयान गाहे-बगाहे सामने आ ही जाते हैं, लेकिन ऐसे बयान एक ऐसा परिवेश निर्मित करते हैं जिससे राजनेताओं एवं राजनीति के लिये घृणा पनपती है। बिगड़े बोल का दोषी मानते हुए चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला को 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। मथुरा से भाजपा प्रत्याशी एवं सिने अभिनेत्री हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी को अपमानजनक मानते हुए आयोग ने सुरजेवाला के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की एवं कड़ा कदम उठाया है। लेकिन क्या इस एक्शन को सचमुच सख्त कहा जाना चाहिए? क्या आपत्तिजनक बयानबाजी और खास तौर से महिला सम्मान को ठेस पहुंचाने वालों के लिए इतनी ही सजा काफी है? ये सवाल इसलिए भी कि चुनावों को हम लोकतंत्र का महोत्सव कहते आए हैं और ऐसे बयान चुनावी उत्सवप्रियता में खलल डालने वाले साबित होते हैं।

ललित गर्ग

राजनीति में वाणी का संयम एवं शालीनता बहुत जरूरी है, क्योंकि शब्द आवाज नहीं करते, पर इनके घाव बहुत गहरे होते हैं और इनका असर भी दूर तक पहुंचता है और देर तक रहता है। इस बात को राजनेता भी अच्छी तरह जानते हैं इसके बावजूद जुबान से जहरीले बोल सामने आते ही रहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हो या राजद नेता लालूप्रसाद यादव प्रधानमंत्री को लेकर जो कुछ कहा हो भाजपा नेता ने सोनिया-राहुल को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हो, सार्वजनिक रूप से ऐसी टिप्पणियों को हेट स्पीच के दायरे से बाहर नहीं रखा जा सकता। राष्ट्रीय एकता एवं राजनीतिक ताने-बाने को ध्वस्त कर रहे जहरीले भाषणों की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। विशेषतः महिला नेताओं एवं उम्मीदवारों पर की जा रही कथित विवादास्पद एवं अशालीन टिप्पणियां लोकतंत्र पर बदनुमा दाग बन रही है। इसी तरह सुरजवाला को हरियाणा की एक चुनावी सभा में हेमा मालिनी को लेकर की गई टिप्पणी के लिए दोषी ठहराया गया है।

सुरजेवाला हो या कांग्रेस के अन्य नेता- इन सबको अपनी गलती का अहसास नहीं हुआ हो, ऐसा हो नहीं सकता। लेकिन पहले बयानबाजी कर बाद में लीपापोती करने में जुटना नेताओं का शगल होता जा रहा है। ज्यादा विवाद उठने लगे तो ऐसे तीखे एवं कड़वे बयानों के वीर एवं योद्धा यह कहकर पल्ला झाड़ते नजर आते हैं कि उनके बयान को तोड़मरोड़ कर दिखाया गया है। कांग्रेस सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता ऐसे वक्तव्य देते हैं और विवाद बढ़ता देख बाद में सफाई देने से भी नहीं चूकते। आधुनिक तकनीकी एवं संचार -क्रांति के जमाने में हर व्यक्ति पत्रकार की भूमिका में हैं, सोशल मीडिया के दौर में जब हर हाथ में कैमरायुक्त मोबाइल रहने लगा है चुनावी सभाओं में कोई बयान सार्वजनिक हुए बिना रह ही नहीं सकता। बात केवल सुरजेवाला की ही नहीं है, इससे पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व हिमाचल प्रदेश में मंडी से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर ऐसी ही अपमानजनक टिप्पणियां सामने आई थीं। चुनाव आयोग के संज्ञान में यह सब भी सामने आया था लेकिन बयान देने वालों को चेतावनी पत्र देकर ही छोड़ दिया गया। सुरजेवाला को लेकर आयोग के आदेश के बारे में यह जरूर कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के इस दौर में आयोग ने किसी नेता को प्रचार से रोकने जैसा फैसला पहली बार किया है। अड़तालीस घंटे की रोक अवधि पूरी होने के बाद सुरजेवाला फिर चुनाव प्रचार कर सकेंगे, लेकिन इस बात की गारंटी कौन देगा कि आगामी दिनों में वे अपना बर्ताव संयत रखेंगे। वे अक्सर संकीर्णता एवं राजनीति का उन्माद एवं 'हेट स्पीच' के कारण चर्चा में रहते हैं।

राजनेताओं के नफरती, अमर्यादित, उन्मादी, द्वेषमूलक और भड़काऊ भाषणों को लेकर चुनाव आयोग का सक्रिय होना नितान्त अपेक्षित है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समय-समय पर बिगड़े बोलो पर कड़ी टिप्पणियां की है। भाषा की मर्यादा सभी स्तर पर होनी चाहिए। कई बार आवेश में या अपनी बात कहने के चक्कर में शब्दों के चयन के स्तर पर कमी हो जाती है और इसका घातक परिणाम होता है। मुद्दों, मामलों और समस्याओं पर बात करने की बजाय जब नेता एक-दूसरे पर निजी हमले करने लगें तो यह उनकी हताशा, निराशा और कुंठा का ही परिचायक होता है। कांग्रेस पार्टी ने भाषा एवं बयानों की मर्यादा को लांघा है। दरअसल, कांग्रेस में यह रिवाज ही बन चुका है। चुनाव में वह कुछ बुनियादी समस्याओं पर बोलने की बजाय है, कोई न कोई ऐसी नफरती एवं गैरजरूरी बयानबाज़ी कर ही देता है जिसका परिणाम आखिरकार पार्टी को भुगतना पड़ता है। इसी कारण पार्टी लगातार जनआधार खो रही है, रसातल में धंसती जा रही है और सुरजेवाला जैसे नेताओं को सजा भी मिलती है। पार्टी कोई सी भी हो, चुनावी सभाओं में नेता अपने विरोधियों के खिलाफ जहर उगलने से नहीं चूकते। नेता चाहे सत्ता पक्ष से जुड़े हों या प्रतिपक्ष से, अक्सर भाषणों में हदें पार कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के समय-समय पर दिए गए निर्देशों की भी इन्हें परवाह नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले दिनों ही चुनाव आयोग को मजबूत करने के प्रयास करते हुए उसे अपनी ताकत का अहसास भी कराया है। कोर्ट ने यहां तक कहा कि कुछ गलत होने पर उसे प्रधानमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकना चाहिए। चुनाव आयोग सख्ती दिखाए तो किसकी मजाल कि भरी सभाओं में जहर उगलती भाषा का इस्तेमाल कर जाए। दरअसल, इस तरह के प्रकरणों में आचार संहिता से ज्यादा नेताओं की आचरण संहिता की जरूरत रहती है। महिला हो या पुरुष, किसी के लिए भी अभद्र भाषा का इस्तेमाल कतई नहीं होना चाहिए। होना तो यह चाहिए कि राजनीतिक दल आगे आकर पहल करें। आयोग से पहले खुद अपने ऐसे नेताओं पर सख्ती करे, जिनके विवादास्पद बयान चुनावी माहौल में जहर घोलने का काम करते हैं एवं नारी अस्मिता एवं अस्तित्व पर आघात करते हैं। लोकतंत्र का महापर्व चुनाव राजनीतिक दलों एवं नेताओं के भविष्य को निर्धारित करने का दुर्लभ अवसर है। ऐसे में सोचने की बात तो यह है कि राजनीतिक भावनाओं एवं नफरती सोच को प्रश्रय देने वाले राजनीतिक दल भी खतरे से खाली नहीं हैं। उनका भविष्य कालिमापूर्ण है। उनकी नफरती कोशिशों पर दुनिया की नजरे टिकी हैं। वे क्या बोलते हैं, क्या सोचते हैं, इसी से भारतीय लोकतंत्र की गरिमा दुनिया में बढ़ सकती है।

मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं

स्व. काका जोगिंदर सिंह धरती पकड़ की करें तो, वे 300 से ज्यादा चुनाव लड़े और हारे। वैसे धरती पकड़ नेता अब कम ही मिलते हैं। फिर भी कुछ विभूतियां हैं जो हर चुनाव में आ जाती हैं ताल ठोकने उनके लिए हारना भी एक तरह की कला बन गया है। ये पैदा तो अखंड भारत में हुए थे, लेकिन मुल्क ने सरहदें बना दीं तो इस पार चले आए। लाहौर की गलियों से भागलपुर तक पहुंचने में मीलों धरती नापी। फिर अपनी जिद और अक्खड़ बिहारीपन के लिए मशहूर हुए तो नगरपालिका से लेकर देश के राष्ट्रपति पदतक के चुनावमें हिस्सा लेकर अपनी मौजूदगी की धमक बरकरार रखी।

वैश्विक स्तरपर आज दुनियां का हर शख्स,चाहे वह पुरुष महिला या फिर ट्रांसजेंडर हो अपने जीवन के हर पड़ाव पर केवल सफ़ल होना चाहता है,जीत हासिल करना चाहता है।अपनी सफलता के रिकॉर्ड गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स या फिर लिम्का एशिया और दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज करना चाहता है,जो सही भी है उनके इस जज्बे, हिम्मत और चाहत को मैं सेल्यूट करता हूं। परंतु चूंकि अभी लोकसभा चुनाव 2024 का महापर्व 19 अप्रैल से 1 जून 2024 तक शुरू हो रहा है, जिनका प्रचार व प्रसार काफी जोरों पर है, इसलिए ऐसे कुछ व्यक्तियों की हमें याद आ गई जो अपने जीवन में चुनावी असफलताओं और सबसे कम वोट पाने तथा हारने का रिकॉर्ड बनाने के लिए अपना जीवन निश्चयावर कर दिए हैं, जिसको रेखांकितकरना जरूरी है, क्योंकि जहां एक और एक उम्मीदवार जीत दर्ज करने के लिए साम दाम दंड भेद सहित आर्थिक तिजोरी खोल देता है,वहीं दूसरी ओर यह व्यक्तित्व चुनाव हारने के लिए ही चुनाव लड़ते हैं और लिम्का एशिया तथा दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर चुके हैं। मीडिया में रिसर्च करने पर मुझे ऐसे पांच-सात व्यक्तित्व मिले परंतु क्योंकि मैं उनसे मिला नहीं हूं,इसलिए इसकी सटीकता का को प्रमाणित नहीं किया जा सकता। इन सब में सबसेसीनियर उम्मीदवार क़रीब 100 वर्षीय याने बिहार के काका जोगिंदर सिंह जिनका जन्म अखंड भारत वर्तमान में पड़ोसी मुल्क में हुआ था वह करीब 300 से अधिक बार चुनाव लड़ चुके हैं,जिनका अभी हाल ही में देहांत हो चुका है।दूसरे इलेक्शन किंग तमिलनाडु के पद्मराजन जो करीब 281 बार चुनाव लड़े हैं। तीसरे मध्य प्रदेश के परमानंद तोलानी चौथे राजस्थान के शंकरलाल और पांचवें हैदराबाद के रविंद्र तथा छठवें धनुराम अंबेडकर जिनके बारे में हम नीचे पैरा में चर्चा करेंगे,क्योंकि इनमें से कुछ का कहना,मैं चुनाव जीतना नहीं चाहता बल्कि केवल हारना चाहता हूं,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकसभा चुनाव 2024 धरतीपकड़ उम्मीदवारों द्वार अपनी उम्मीदवारी का शतक लगाकर रिकॉर्ड बनाने के जज्बे को रेखांकित करना होगा।

किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम स्वर्गीय काका जोगिंदर सिंह धरती पकड़ की करें तो,वे 300 से ज्यादा चुनाव लड़े और हारे। वैसे धरती पकड़ नेता अब कम ही मिलते हैं। फिर भी कुछ विभूतियां हैं जो हर चुनाव में आ जाती हैं ताल ठोकने उनके लिए हारना भी एक तरह की कला बन गया है।ये पैदा तो अखंड भारत में हुए थे, लेकिन मुल्क ने सरहदें बना दीं तो इस पार चले आए। लाहौर की गलियों से भागलपुर तक पहुंचने में मीलों धरती नापी। फिर अपनी जिद और अक्खड़ बिहारीपन के लिए मशहूर हुए तो नगरपालिका से लेकर देश के राष्ट्रपति पदतक के चुनावमें हिस्सा लेकर अपनी मौजूदगी की धमक बरकरार रखी।कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक चुनावी समर का हिस्सा

बन चुके हैं।लोकतंत्र की मर्यादा बताने के लिए लड़ते रहे हर बार चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड दर्ज कर चुके धरती पकड़ अपने जीवन एक बार भी चुनाव नहीं जीत सके। लेकिन, हार कभी इन्होंने माना ही नहीं। हर चुनाव हारने के बाद फिर अगले चुनाव की तैयारी। अपनी हार के सिलसिले पर धरती पकड़ कहते हैं, मैं लोकतंत्र में एक आम आदमी की अहमियत को बताना और उसे साबित करना चाहता हूं। जीत-हार की मेरी जिंदगी अहमियत नहीं है, मैं सोसायटी को ताउम्र यह मैसेज देने की कोशिश में जुटा रहा कि, देश और लोकतंत्र में सबकी अहमियत बराबर है, इसलिए नाम पड़ा धरती पकड़ 100 बसंत गुजार चुके।

साथियों बात अगर हम इलेक्शन किंग के पद्मराजन की करें तो, तमिलनाडु के सेलम जिले के मेट्टूर के रहने वाले के. पद्मराजन किसी भी चुनाव में जीतने के लिए नहीं बल्कि हारने के लिए खड़े होते हैं। लेकिन फिर भी दुनियां इन्हें इलेक्शन किंग के नाम से जानती है।65 वर्षीय टायर मरम्मत की दुकान के मालिक के. पद्मराजन 1988 से यानी 36 सालों से चुनाव लड़ रहे हैं, वह अब तक 238 चुनाव लड़ चुके हैं। के. पद्मराजन के नाम भारत में सर्वाधिक चुनाव लड़ने का रिकॉर्ड है,इसमें से वह अब तक एक बार भी जीते नहीं हैं।चुनावी हार को देखते हुए उन्हें जनता वर्ल्ड बिगेस्ट इलेक्शन लूजर का भी तमगा दे चुकी है।वे साइकिल मरम्मत की दुकान चलाते हैं। उनकी स्कूली शिक्षा भी पूरी नहीं हुई थी, तब से वह साइकिल मरम्मत का काम कर रहे हैंहालांकि बिना कॉलेज गए उन्होंने डिस्टेंस एजुकेशन से इतिहास में ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। इनका परिवार भी उनके साथ हैं। इन्होंने 2004 में लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ चुनाव लड़े थे। 2007 और 2013 में असम में मनमोहन सिंह के के खिलाफ चुनावी मैदान में थे। 2014 में वडोदरा में मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी वह चुनौती दे चुके हैं। इन्होंने 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ वायनाड से भी चुनाव लड़े चुके हैं। इनके नाम सबसे ज्यादा चुनाव लड़ने का एक असाधारण ट्रैक रिकॉर्ड है, उन्होंने पंचायत चुनाव और यहां तक कि राष्ट्रपति चुनाव सहित 238 चुनावों में हिस्सा लिया है, लेकिन कभी जीत नहीं पाए। वे अब तक 12 अलग अलग राज्यों में, अलग-अलग निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ चुके हैं। वे अब फिर से इस लोकसभा चुनाव 2024 में भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। इस बार के. पद्मराजन धर्मपुरी निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में होंगे, इनका नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और दिल्ली बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में चुनावी इतिहास के सबसे असफल उम्मीदवार के रूप में दर्ज है। उन्होने कहा है कि,अब तक, मैंने अटल बिहारी वाजपेयी, पीवी नरसिम्हा राव, जे जयललिता, एम करुणानिधि,ए के एंटनी वायलार रवि, बीएसयेदियुरप्पा, एस बंगारप्पा, एसएम कृष्णा, विजय माल्या, सदानंद गौड़ा और अंबुमणि रामदास के खिलाफ चुनाव लड़ा है। मैं कुल मिलाकर छह बार राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का चुनाव भी लड़ चुका हूं। मैं जीतना नहीं चाहता, बल्कि केवल हारना चाहता हूं, क्योंकि आप जीत का स्वाद केवल एक निश्चित समय के लिए ही चख सकते हैं, लेकिन आप हमेशा के लिए हार झेल सकते हैं।उन्होने कहा उसका सारा खर्चा साइकिल मरम्मत की दुकान से जो कमाई होती है, वे अब तक चुनाव लड़ने में लगभग 1 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं यहां तक कि 1991 में नरसिम्हा राव के खिलाफ चुनाव लड़ते समय आंध्र प्रदेश में अपहरण की घटना ने भी उनके उत्साह को कम नहीं किया था।वेलोकतांत्रिक प्रक्रिया के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाने की कोशिश में हैं।

साथियों बात अगर हम परमानंद तोलानी की करें तो, 63 वर्षीय रीयल एस्टेट कारोबारी परमानंद तोलानी ने आगामी चुनाव के लिए फिर से पर्चा भर दिया है। गैर राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले परिवार की दो पीढ़ियों से लगातार चुनावी लड़ने की अनूठी परंपरा के कारण इस कारोबारी ने इस बार भी नामांकन दाखिल किया है।इस परिवार ने एक बार भी चुनावी जीत का स्वाद नहीं चखा है और हर बार के चुनावों में इस परिवार के सदस्यों की जमानत जब्त हुई है। हालांकि हौसले अब भी बुलंद हैं और इरादे मजबूत हैं।

गंभीर जवाब की मांग करता है कांग्रेस का न्यायपत्र

योगेन्द्र यादव

कांग्रेस का मैनिफेस्टो युवाओं के लिए केंद्र सरकार में और केंद्र सरकार द्वारा समर्थित योजनाओं में 30 लाख नई नौकरियां देने का वादा करता है। सरकारी नौकरी में चल रहे भर्ती के घोटालों को खत्म करने के वायदे के साथ इसमें हर ग्रैजुएट या डिप्लोमाधारी को एक साल की अप्रैंटिसशिप में एक लाख रुपए के मानदेय की गारंटी का कानूनी प्रावधान करने का वादा है जो बेरोजगारी पर चल रही बहस में एक बड़ा और सार्थक कदम हो सकता है। दूसरी बड़ी घोषणा किसानों के लिए है। कांग्रेस ने बिना किंतु-परंतु के किसान आन्दोलन की प्रमुख मांग को शब्दश- स्वीकार कर लिया है। यानी सभी किसानों को सभी फसलों पर स्वामीनाथन आयोग के फॉर्मूले के हिसाब से फसल की लागत की डेढ़ गुना एम.एस.पी. की कानूनी गारंटी।

राजनीति में कभी-कभी आपका धुर विरोधी भी अनजाने में ही आपकी मदद कर जाता है। ऐसा ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी से साथ किया। कांग्रेस ने अपना मैनिफेस्टो जारी किया। मीडिया इस चुनाव में विपक्ष की हर खबर को दबा रहा है, यही उसने कांग्रेस मैनिफैस्टो के साथ भी किया। लेकिन मोदी जी के एक बयान से इस मैनिफैस्टो को उतना प्रचार-प्रसार मिल गया जो उसे मीडिया देना नहीं चाहता था। बयान अजीब था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि इस मैनिफैस्टो के हर पेज पर मुस्लिम लीग की छाप है। उन्होंने न इस बात का खुलासा किया, न ही इसके पक्ष में कोई प्रमाण दिया। बस मुस्लिम परस्त होने का लेबल चिपका दिया। सच यह है कि कुल 48 पेजों के इस दस्तावेज में मुस्लिम समुदाय का नाम तक नहीं लिया गया है। भाजपा के पुराने मैनिफैस्टो की तरह केवल एक पेज भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को दिया गया है। इस पृष्ठ पर भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, बिना भेदभाव के उन्हें अवसर उपलब्ध करवाने जैसी अमूर्त बातें लिखी गई हैं।

पारिवारिक कानून जैसे नाजुक मुद्दे पर कांग्रेस ने सिर्फ इतना लिखकर काम चला लिया कि अल्पसंख्यक समुदाय को विश्वास में लेकर इन कानूनों में सुधार किया जाएगा। इस पर यह आपत्ति तो हो सकती थी कि यह दस्तावेज मुस्लिम समाज के साथ जो बीत रही है उस सच को दर्ज नहीं करता, उसे सुधारने के ठोस उपाय नहीं बताता। लेकिन उलटे इस पर मुस्लिम लीगी होने का आरोप समझ से परे है। ऐसा लगता है कि लिफाफा खोलने से पहले ही मोदी जी ने मजमून के बारे में अपनी धारणा पक्की कर ली थी। वैसे हमारे प्रधानमन्त्री सत्य और वाणी की मर्यादा का ज्यादा लिहाज नहीं करते हैं, चुनाव के समय तो बिल्कुल नहीं। फिर भी उनका यह बयान अतार्किकता का नया कीर्तिमान बनाता है। देखना है कि चुनाव आयोग इस मुद्दे पर कांग्रेस की शिकायत पर कुछ करता है या नहीं। जो भी हो, इस प्रकरण ने कांग्रेस के मैनिफैस्टो को चर्चा में जरूर ला दिया है। 'न्यायपत्र' नामक यह दस्तावेज चर्चा के काबिल भी है। कांग्रेस चाहे तो इस मौके का फायदा उठाकर अपने दस्तावेज के उन 5 पहलुओं को देश के सामने रख सकती है जो राजनीतिक बहस की धारा मोड़ सकते हैं।

कांग्रेस का मैनिफैस्टो युवाओं के लिए केंद्र सरकार में और केंद्र सरकार द्वारा समर्थित योजनाओं में 30 लाख नई नौकरियां देने का वादा करता है। सरकारी नौकरी में चल रहे भर्ती के घोटालों को खत्म करने के वायदे के साथ इसमें हर ग्रैजुएट या डिप्लोमाधारी को एक साल की अप्रैंटिसशिप में एक लाख रुपए के मानदेय की गारंटी का कानूनी प्रावधान करने का वादा है जो बेरोजगारी पर चल रही बहस में एक बड़ा और सार्थक कदम हो सकता है। दूसरी बड़ी घोषणा किसानों के लिए है। कांग्रेस ने बिना किंतु-परंतु के किसान आन्दोलन की प्रमुख मांग को शब्दश-स्वीकार कर लिया है। यानी सभी किसानों को सभी फसलों पर स्वामीनाथन आयोग के फॉर्मूले के हिसाब से फसल की लागत की डेढ़ गुना एम.एस.पी. की कानूनी गारंटी।

साथ में फसल बीमा योजना में बुनियादी सुधार कर 30 दिन के अंदर मुआवजा देने की गारंटी तथा किसानों का कर्ज माफ करने के लिए एक स्थायी ऋण मुक्ति आयोग बनाने की बात भी दूरगामी सोच दिखाती है। तीसरी बड़ी घोषणा महिलाओं के लिए है। मोदी सरकार द्वारा भविष्य में अनिश्चितकाल में महिला आरक्षण देने वाले कानून के बरक्स कांग्रेस का घोषणा पत्र महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव करता है। इस देश में सबसे बड़ी संख्या में महिलाकर्मियों यानी आशाकर्मियों, आंगनबाड़ी कर्मियों और मिड-डे मील कर्मियों का वेतनमान दोगुना करने का वादा किया गया। साथ ही हर गरीब परिवार में एक महिला को सालाना एक लाख रुपए देने की महालक्ष्मी योजना की घोषणा भी की गई है।

चौथी घोषणा सैंकड़ों साल से सत्ता के हाशिए पर धकेल दिए गए दलित, आदिवासी और पिछड़े समाज के बारे में है। यह घोषणा पत्र उन्हें सत्ता में बराबरी का हिस्सा देने का आश्वासन ही नहीं देता बल्कि इसे मूर्त रूप देने के लिए भी जातिवार जनगणना और आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की दीवार को हटाने का वादा भी करता है। जो भी वर्ग न्याय के इन चार उपायों के बाहर है उनके लिए पांचवां प्रस्ताव है जो समाज से सभी वर्गों के लिए सामाजिक सुरक्षा का आश्वासन देता है। इसके तहत बुजुर्ग, विधवा और विकलांगों की पैंशन को दोगुना करना, मनरेगा की तर्ज पर शहरी रोजगार गारंटी योजना तथा मनरेगा का न्यूनतम मानदेय 400 रुपया प्रतिदिन करने का वादा है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव है राजस्थान की चिरंजीवी योजना की तर्ज पर देश भर में सरकारी या प्राइवेट अस्पतालों में मुफ्त दवाई और इलाज की योजना। ऐसी कोई भी योजना देश में सामाजिक सुरक्षा के लिए मील का पत्थर साबित हो सकती है। हालांकि कांग्रेस का यह घोषणापत्र चुनाव से सिर्फ दस दिन पहले आया है लेकिन इस बार राजनीतिक समझदारी दिखाते हुए कांग्रेस ने ये सभी बड़ी घोषणाएं 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान चुनाव से कोई एक या दो महीने पहले ही कर दी थीं।

आशा करनी चाहिए कि 'इंडिया' गठबंधन इनमें से कुछ प्रस्तावों को अपना सकेगा। लोकतांत्रिक राजनीति की मर्यादा यह मांग करती है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी या तो इन प्रस्तावों की खामियां बताए या फिर अपने घोषणा पत्र में इन प्रस्तावों के जवाब में कुछ ठोस विकल्प लेकर आए। अगर भाजपा इन प्रस्तावों का जवाब सिर्फ अनर्गल आरोपों से देती है तो इसे लोकतांत्रिक मर्यादा से एक और पलायन ही माना जाएगा।

यूपी में विपक्ष का सूपड़ा साफ हो जाएगा : पाठक

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद/लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शुक्रवार को पार्टी के फिरोजाबाद लोकसभा प्रत्याशी श्री ठाकुर विश्वदीप सिंह के नामांकन में पहुँचे। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का धरातल खिसक चुका है। आज तक वह संयुक्त रैली नहीं कर सके हैं, सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर औपचारिकता पूर्ण कर ली है। प्रथम चरण में जिन 102 सीटों के लिए मतदान हो रहा है, उनमें जनता जाति, धर्म और मजहब से उठकर भारतीय जनता पार्टी को वोट कर रही है और कमल का बटन दबा रही है। यूपी में विपक्ष का सूपड़ा साफ़ हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में लोगों का भाजपा के प्रति उत्साह है। हमारी जनता और कार्यकर्ताओं से बात हुई है। भाजपा को अपार जन समर्थन मिल रहा है।

श्री पाठक ने कहा कि जो राम के अस्तित्व को नकारते थे आज वे भी राम राम की रट लगाये हुए हैं। इनसे सतर्क रहने की ज़रूरत है क्योंकि, ये चुनावी राम भक्त बने हुए हैं। केवल चुनाव तक ही ये भजन गायेंगे। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के दलदल में डूब चुके इंडी गठबंधन के हर एक नेता पर घोटाले का आरोप है। ये 12 लाख करोड़ के घपले में आरोपी हैं, जो जेल जा रहा है उसे जमानत भी नहीं मिल रही है। इंडी गठबंधन के बाहर घूम रहे ज़्यादातर लोग बेल पर हैं। जनता को ये केवल बरगलाकर वोट लेना चाहते हैं, लेकिन 2014 में इनकी विदाई कर चुकी जनता 2024 में

■ कहा, जो राम के अस्तित्व को नकारते थे आज वे भी राम राम की रट लगाये हुए हैं

भी इन्हें आने नहीं देगी।

उपमुख्यमंत्री ने कहा सपा, बसपा और कांग्रेस अपने परिवार की समृद्धि के लिए चुनाव मैदान में है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का परिवार देश के 140 करोड़ नागरिक है। जिनकी समृद्धि के लिए मोदी जी काम कर रहे है। परिवारवाद और जातिवाद को देश की जनता नकार चुकी है। उत्तर प्रदेश में खिलने वाले 80 कमल 400 कमल की मजबूत माला बनाने का काम करेंगे। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और गारंटी के साथ देश को आर्थिक महाशक्ति बनायेंगे, सभी को आत्मनिर्भर बनाएगें और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण करेंगे।

अब तक 31250.54 लाख कीमत की शराब व नकदी जब्त की गयी

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक कुल 31250.54 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2923.61 लाख नकद धनराशि, 4014.89 लाख की शराब, 20996.69 लाख की ड्रग, 2156.05 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1159.30 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा : स्वतंत्र देव

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की उपस्थिति में भाजपा प्रदेश मुख्यालय में शुक्रवार को विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण की नीति से प्रभावित होकर भाजपा को समर्थन की घोषणा की। इस अवसर पर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान, प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य प्रमुख नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने वाले दलित शोषित पिछड़ा वर्ग अधिकार दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री बलवीर प्रजापति, अपनी पार्टी सेकुलर के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह चौहान, पूर्वांचल मुक्ति फाउन्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुन्दर स्वामी उर्फ श्यामानन्द महाराज, राष्ट्रीय निषाद संघ के प्रदेश अध्यक्ष कैलाशनाथ निषाद, हिस्सेदारी मोर्चा के संयोजक कृष्ण गोपाल सिंह कश्यप, राष्ट्रीय लोनिया चौहान एकता परिषद के राष्ट्रीय संयोजक छविराम सिंह लोनिया, राष्ट्रीय जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय संयोजक हरवंश सिंह, अखंड जलवंशी सेवा संस्थान अखंड जलवंशी सेना के अध्यक्ष अजय कश्यप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अपने संगठनों का समर्थन पत्र सौंपते हुए अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता प्रकट की।

भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक व प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। साथ ही गांव, गरीब, किसान, महिला, मजदूर तथा युवाओं की आर्थिक व सामाजिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मोदी सरकार में सबको घर, नल से जल, शिक्षा, चिकित्सा तथा सुरक्षा की गारंटी है। देश के सांस्कृतिक केन्द्रो के विकास से देश का गौरव भी बढ़ा है तथा पर्यटन के रूप में विकास से रोजगार के अवसर भी सृजित हुए है। उन्होंने भाजपा को समर्थन देने वाले सभी संगठनों का अभिनंदन करते हुए कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी देश के आर्थिक, सामरिक तथा सांस्कृतिक उत्थान के साथ देश के प्रत्येक नागरिक की आत्मनिर्भरता का लक्ष्य लेकर सतत कार्य कर रहे है।

अब पिछला रिकार्ड तोड़ने का समय आ गया : डिप्टी सीएम

अवधनामा संवाददाता

उन्नाव। मौरावां के मेला मैदान में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। यहां एक देश एक चुनाव हो तो सबका विकास होगा। 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ रहे थे तो 272 प्लस का नारा था, लेकिन उन्नाव के सांसद को जोड़कर 283 दिला दिया।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से 17 तक सपा कि सरकार थी, लेकिन जब 2017 का चुनाव हुआ तो 40 विधायकों वाली पार्टी को प्रदेश की जनता ने 300 प्लस विधायक देकर सरकार बना समाजवादी मुखिया के अहंकार को गिरा दिया। 2024 का चुनाव वह हार चुके हैं, भाजपा 400 सीटें पाकर चुनाव जीत चुकी हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि टुकड़े-टुकड़े समूह को सबक सीखाने के लिए 400 पार चाहिए।

भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए 400 पार चाहिए। 300 सौ करोड़ दीदियों को लखपति बनाने के लिए 400 पार चाहिए। भारत के वैज्ञानिक हर गृह पर यान भेज सके, इसलिए चार सौ पार चाहिए। उन्होंने कहा कि कमल का फूल सुशासन व मोदी कि गारंटी हैं।

सुलझा हुआ, सेवाभावी नेता राम नाईक : सुमित्रा महाजन

90 वर्ष पूर्ति पर राम नाईक का अभिनंदन समारोह

अवधनामा संवाददाता

मुंबई, लखनऊ। अत्यंत सुलझा हुआ, सेवाभावी संघ प्रचारक, जनता का काम कैसे करें, उसे निर्णयात्मक स्थिति तक कैसे ले जाएं इसके प्रति पूर्ण संवेदनशील, विचारी व कर्मठ नेता याने राम नाईक इन शब्दों में लोकसभा की पूर्व अध्यक्षा श्रीमती सुमित्रा महाजन ने उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक का उनके 90 वर्ष पूर्ति पर आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में गौरव किया। श्रीमती सुमित्राताई ने कहा, स्वयं मैंने राम नाईक से कई बातें सीखी। उन्होंने मुझे चुनाव जितने का फ़ॉर्म्युला दिया। अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए काम और जीवंत संपर्क रखने के उनके फ़ॉर्म्युले का इस्तेमाल करके ही मैं स्वयं एक ही निर्वाचन क्षेत्र से लगातार आठ बार लोकसभा चुनाव जीती हूँ। इसी ऋषिनिर्देश के लिए रामभाऊ के 90 वर्ष पूर्ति के सुअवसर मैं मध्य प्रदेश से मुंबई आयी हूँ। श्रीमती सुमित्राताई ने विशेष जोर देते हुए कहां कि जो बात हम महिला सांसदों के भी ख्याल नहीं आयी वो राम नाईक ने कर दिखाई। आज उनके कारण ही स्तनपान प्रोत्साहन व नवजात शिशुआहर इश्तेहारों पर प्रतिबंध है।

तुंगारेश्वर के बालयोगी सदानंद महाराज के पवित्र सानिध्य में संपन्न राम नाईक के भव्य अभिनंदन समारोह में मुंबई के सैंकड़ो नागरिक के साथ ही महाराष्ट्र के दूर इलाकों में बसे कुष्ठपीडित, दादरा नगर हवेली के वयोवृद्ध स्वातंत्र्यसेनानी भी सम्मिलित हुए थे। इस अवसर पर 'पद्म भूषण' से मनोनित श्री राम नाईक के जीवनी पर लघुपट दिखाया गया। श्री राम नाईक जिस उत्तर मुंबई निर्वाचन क्षेत्र से लगातार पांच बार सांसद चुने गए वही क्षेत्र के विद्यमान भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री श्री पियुष गोयल इस समय बोलते हुए काफी भावुक हो गए। श्री गोयल ने कहा, मेरे पिताजी और भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रहे वेदप्रकाश की और रामभाऊ की मित्रता और सहयोग मैं बचपन से देखता आया हूँ। व्यक्तिगत तौर पर तो वो मुझे पितृतुल्य है ही, मगर उनकी संपूर्ण जीवनी की हर छोटी-मोटी बातों से हमें केवल सामाजिक कार्य के लिए ही नहीं तो व्यक्तिगत जीवन के लिए भी सीखने जैसा बहुत कुछ है। राम नाईक आदर्श कार्यकर्ता, नेता तो है ही मगर एक पति और पिता की भूमिका के लिए भी आदर्श हैं। इसलिए आज के इस सुखद अवसर पर मेरी चाचीजी अर्थात उनकी धर्मपत्नी कुंदा जी की याद भी आ रही है।

पद्म भूषण के लिए मनोनित, जन्मभूमि (गुजराती) के संपादक श्री कुंदन व्यास ने तो इस समारोह में बोलते वक्त नाईक के अनेकानेक कामों की यादें उजागरकिया। पिछले 50 वर्षों से राम नाईक की राजनीति करीब से देख रहे कुंदन व्यास ने कहा, एक पत्रकार होने के नाते कईयों को करीब से देखा है और इसलिए राम नाईक बहुत प्रिय है। 1978 में विधायक राम नाईक जितना पारदर्शी थे, उतनेही पारदर्शी मैंने उन्हें राज्यपाल के रूप में भी पाया है। एक बार कोई काम राम नाईक ने हाथ में लिया तो उसे पूर्ण करे बगैर वें रुकते ही नहीं, फिर उसके लिए कितने भी दिन, महीने, साल क्यों न लगे? पिछले 20 वर्षो से तारापुर अणु ऊर्जा प्रकल्प पीडितों के लिए वें स्वयम् मुंबई उच्च न्यायलय में लड़ रहे हैं। कोई दूसरा ऐसा नेता नहीं मिलेगा। अपने अभिनंदन को उत्तर देते हुए पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने कहा, मैं कृतार्थ हूं। 18-19 की उम्र में जब कश्मिर के मुद्दे को लेकर डॉ। श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने सत्तात्याग कर भारतीय जनसंघ की स्थापना की तो उससे प्रभावित हो कर मैं जनसंघ से जुड़ा। फिर वहां पंडित दीनदयाल जी ने 'अंत्योदय' के लिए राजनीति की सीख दी और मैं काम करता रहा। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की सरकार ने कलम 370 हटाया तो इसका आनंद पुरे देश को है लेकिन मेरे जैसे कार्यकर्ता को तो वह तपस्यापूर्ति का पल है।'

लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2191 मामलों में हुई कार्रवाई

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1,07,05,176 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 64,90,712 तथा निजी स्थानों से 42,14,464 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,01,341, पोस्टर के 30,31,470, बैनर के 18,38,823 एवं अन्य 9,19,078 मामलों में कार्यवाही की गयी।

आज का दौर एआई का है : प्रो. जेपी पांडेय

अवधनामा संवाददाता

■ भाषा विवि में हुआ इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में इंजीनियरिंग संकाय द्वारा इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन अटल हॉल में किया गया. बायोवर्स टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ और ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में क्वॉलिटी कन्फ्लूएंस ऑफ बायोटेक, बीफार्मा, इंजीनियरिंग एंड एआई सॉल्यूशंस तो ग्लोबल प्रॉब्लम्स नामक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन विश्वविद्यालय के अटल हॉल में माननीय कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में उदघाटन सत्र का आयोजन हुआ। जिसमें इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रो. आरके दीक्षित ने कहा कि हम सभी इंटर डिसिप्लिनरी के साथ मिलकर ही डेवलपमेंट किया जा सकता है। प्रो. जेपी पांडेय, कुलपति, एकेटूयू ने भी उदघाटन में सभा को सम्बोधित करते हुए कहा है कि आज का दौर एआई का है। भारत को एआई के साथ मिलकर हम भारत को और आगे ले जा सकते है। भारत को प्रॉडक्शन बढ़ाने पर भी बल दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने एआई की महत्ता को समझाते हुए अपनाने की सलाह दी। प्रो. सिंह ने कहा कि इस तरह की कॉन्फ्रेंस से ज्ञान का अर्जन कर विद्यार्थी अपना जीवन संवार सकते हैं। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के समन्वयक प्रो. सैयद हैदर अली रहे। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र का संचालन डॉ. दोआ नकवी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. नीरज शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में बायोवर्स टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड से डॉ. आकाश सिंह, भाषा विश्वविद्यालय के दिन अकादमिक प्रो. सौबान सईद, प्रो. शालिनी त्रिपाठी, प्रो. एहतेशाम, अहमद, डॉ. राजेंद्र त्रिपाठी और डॉ. शान ए फातिमा सहित विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कट से टर्न हो रहे ट्रक में पीछे से घुसी पिकअप, चालक की मौत

■ पांच गंभीर घायल

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईगंज के गंगागंज में बृहस्पतिवार देर रात सुल्तानपुर हाइवे पर स्थित उजमा हाउस के पास बने कट से टर्न हो रहे ट्रक में तेज रफ्तार में आ रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पीछे से जा घुसी। हादसे में चालक समेत पिकअप सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पाकर गंगागंज चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आननफानन घायलों को सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पिकअप चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य पांच लोगों की हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

उधर, हादसे के बाद ट्रक लेकर भाग रहे चालक को एसआई चंद्रशेखर सिंह ने पीछा कर पकड़ लिया। ट्रक को कब्जे में लेने के साथ ही चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इंस्पेक्टर ब्रजेश त्रिपाठी के मुताबिक बृहस्पतिवार रात करीब दो बजे हैदरगढ़ की ओर से आ रहा ट्रक गंगागंज स्थित उजमा हाउस के पास बने कट से टर्न लेकर दूसरी साइड जा रहा था तभी पीछे से आ रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर ट्रक में घुस गई।

हादसे में कॉजी खेड़ा निवासी चालक गंगादीन (20) समेत पिकअप सवार आधा दर्जन लोग बुरी तरह चोटिल हो गये। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी। राहगीरों ने पुलिस कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टर ने पिकअप चालक गंगादीन को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके साथ गाड़ी में सवार 5 लोगों की हालत गंभीर देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

लोकतंत्र का महापर्व : मंडप से सीधे मतदान करने पहुंची दुल्हन, फिर गई ससुराल

बहेड़ी, बरेली। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में पीलीभीत-बहेड़ी में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान जारी है। मतदाताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकतंत्र के महापर्व की कुछ खूबसूरत तस्वीरें भी सामने आई हैं, जो लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करती हैं। बहेड़ी में शादी के बाद दुल्हन मंडप से सीधे मतदान करने पहुंची। उसने ससुराल जाने से पहले मतदान किया। मतदान के बाद दुल्हन ने लोगों से मतदान करने की अपील की।

बहेड़ी के गांव बंजरिया में बृहस्पतिवार रात सपना की बरात आई थी। शादी की रस्में पूरी होने के बाद शुक्रवार सुबह दुल्हन बनी सपना मंडप से सीधे बूथ संख्या 23 कंपोजिट विद्यालय बंजरिया पहुंची। उसने मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में आहुति दी। मतदान केंद्र पर दुल्हन को देखकर हर कोई हैरान रह या।

दुल्हन के पिता राजवीर सिंह ने बताया कि विदाई के बाद सपना ने मतदान करने की इच्छी जताई। इस पर उन्होंने दूल्हा पक्ष से बात की। वे भी तैयार हो गए। ससुराल जाने से पहले सपना ने मतदान किया। इसके बाद विदा होकर शेरगढ़ के गांव पहाड़पुर में अपनी ससुराल चली गई।

पीलीभीत में बुजुर्ग, युवा व महिलाएं सभी वर्ग के मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी निभाने के लिए सुबह सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे। पोलिंग बूथों पर लंबी-लंबी कतार लग गईं। कोई अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंचा तो कोई दोस्तों के साथ। मतदान को लेकर बुजुर्ग मतदाताओं का हौसला जवान दिखा। दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई।

अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये

अवधनामा संवाददाता

■ 4288 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1853 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 18 अप्रैल, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 492 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4288 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,35,630 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 18,91,002 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 7012 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7055 कारतूस, 2853.5 किलोग्राम विस्फोटक व 368 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 2719 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 135 केन्द्रों को सीज किया गया। 18 अप्रैल, 2024 को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 05 लाइसेंसी शस्त्र जब्त तथा 8 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये।

'हर चीज किताबों से या घर पर नहीं सीखी जा सकती'

प्रख्यात हस्तियों तलत अजीज, सादिया सिद्दीकी, दिव्या भट्टाचार्य एवं पार्थसारथी दास ने बढ़ाई समारोह की रौनक

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव में 91 देशों की बेहतरीन शिक्षात्मक व प्रेरणादायी फिल्मों से प्रेरणा लेने छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों ने एक स्वर से कहा कि सी.एम.एस. का यह बाल फिल्मोत्सव अनूठा है जो किशोर व युवा पीढ़ी को स्वस्थ मनोरंजन प्रदान करने के साथ ही जीवन मूल्यों व चारित्रिक उत्कृष्टता की शिक्षा भी दे रहा है। अभिभावकों का कहना था कि हर चीज किताबों से या घर पर नहीं सीखी जा सकती। देश-विदेश की इन बाल फिल्मों में जीवन के विविध आयाम समाये हुए हैं जो छात्रों को सही व गलत का चुनाव करने की योग्यता प्रदान करेंगे। इस सात-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव में 91 देशों की 500 से अधिक शिक्षात्मक बाल फिल्में निःशुल्क प्रदर्शित की जा रही हैं।

बाल फिल्मोत्सव के पाँचवे दिन का शुभारम्भ आज मुख्य अतिथि श्री अशोक शर्मा, वाइस प्रेसीडेन्ट, मीडिया सल्यूशन्स, अमर उजाला, नई दिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर किया जबकि फिल्म से जुड़ी प्रख्यात हस्तियों श्री तलत अजीज, सादिया सिद्दीकी, दिव्या भट्टाचार्य एवं पार्थसारथी दास ने अपनी उपस्थिति से समारोह की रौनक में चार-चांद लगा दिये और छात्रों का खूब उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री अशोक शर्मा ने कहा कि यह बाल फिल्मोत्सव अपने आप में ऐतिहासिक है,

■ अनूठा है सीएमएस का बाल फिल्मोत्सव-छात्रों, शिक्षकों व अभिभावकों की आम राय

जहाँ शैक्षिक फिल्मों के माध्यम से बच्चों का चरित्र निर्माण किया जा रहा है। प्रख्यात गायक श्री तलत अजीज ने कहा कि बाल फिल्मों के प्रति बच्चों का उत्साह इस महोत्सव की अभूतपूर्व सफलता की कहानी स्वयं बयां कर रहा है। अभिनेत्री सुश्री सादिया सिद्दीकी का कहना था कि बच्चों के नैतिक व चारित्रक विकास के लिए इतना बड़ा आयोजन लखनऊ में हो रहा है, जिसके लिए सी.एम.एस. प्रबन्धन वास्तव में बधाई का पात्र है। इसी प्रकार, अभिनेत्री दिव्या भट्टाचार्य ने कहा कि यहाँ दिखाई जा रही शिक्षात्मक फिल्में बच्चों के मन-मस्तिष्क पर अमिट छाप छोड़ेगी, इसमें कोई दो राय नहीं है जबकि लेखक श्री पार्थ सारथी दास ने छात्रों को अच्छी पुस्तकें पढ़ने व अच्छी शिक्षात्मक फिल्में देखने की सलाह दी।

बाल फिल्मोत्सव में आज बाल फिल्मों का प्रदर्शन इल्या मित्रोफ़नोव द्वारा निर्देशित रूस की बाल फिल्म 'चाइल्डहुड' से हुआ। सी.एम.एस. कानपुर रोड के मेन ऑडिटोरियम के साथ ही अन्य सात मिनी आडिटोरियम में भी देश-विदेश की अनेक फिल्मों का आज प्रदर्शन हुआ, जिनमें द वेदर विदिन, ताज का डिनर, एबीसी इन द हास्पिटल वार्ड, द लैप ऑफ काइंडनेस, बड़े काम की चीज, ए डे ऑफडिसएबिलिटी, वाटर - स्टार मेडिसिन, बियोन्ड द स्ट्रीट, स्पेस स्टेशन विलेज, द ब्लू व्हेल चैलेन्ज, गॉड्स पॉवर हाउस, डिफेन्डर ऑफनेचर, एन्जल्स नेवर बैक ऑन अर्थ, आस्था का आधार हमारा परिवार, सही राह, पछतावा आदि प्रमुख हैं। विभिन्न देशों की अलग-अलग भाषाओं में बनी फिल्मों का अंग्रेजी व हिन्दी अनुवाद भी फिल्म के साथ-साथ ही चलता रहता है।

प्रेमी के साथ भाग गई युवती, घरवालों को बताने पर डॉक्टर के पल्ले पड़ गए परिजन

मोदीपुरम। रोहटा रोड के एक चिकित्सक पर युवती को उसके प्रेमी संग भगाने का आरोप लगा है। पीड़ित परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा पीड़ित परिजनों को दिया।

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र की रोहटा रोड स्थित एक कालोनी निवासी युवती तीन दिन पूर्व अपने प्रेमी संग चली गई थी। युवती के परिजनों ने उसको काफी तलाश किया, मगर कहीं सुराग नहीं लगा। बाद में पता चला कि प्रेमी जोड़े ने मंदिर में शादी रचा ली है। युवती के पड़ोस में रहने वाले एक चिकित्सक को जब शादी की बात पता चली तो उन्होंने युवती के परिजनों से बताया, जिसके बाद युवती के परिजनों को शक हुआ कि जिस चिकित्सक को शादी के बारे में पता है, उसी ने उनकी बेटी को प्रेमी के साथ भगाने में मदद की होगी। इसी आधार पर युवती के परिजनों ने पुलिस से शिकायत कर चिकित्सक पर कार्रवाई की मांग की, ताकि बेटी और आरोपी युवक का पता चल सके।

अटेवा ने किया सेवा निवृत्त शिक्षकों का सम्मान

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। ऑल टीचर्स इम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन अटेवा भरथना इटावा के तत्वावधान में आयोजित सेवानिवृत्त शिक्षक विदाई समारोह का भव्य आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र भरथना के सभागार में हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अटेवा जिला अध्यक्ष अजय कुमार यादव ने कहा बेसिक शिक्षकों का सेवानिवृत्ति के बाद विदाई समारोह न होना यह प्रश्न हम सभी को बहुत कचोटता था अतःसर्वसम्मति निर्णय के अनुसार अब प्रतिवर्ष अटेवा द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सेवानिवृत्त शिक्षक श्री महेश चन्द्र शुक्ल, कमलेश कुमार यादव, राजेन्द्र सिंह, असित पाल, श्रीमती उर्मिला पाल, श्रीमती रेखा सक्सेना, श्रीमती सत्यरूपा गुप्ता, आनन्द बाबू का अटेवा पदाधिकारियों द्वारा माल्यापर्ण कर, शाल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।ब्लाक अध्यक्ष पवन दीक्षित ने कहा यदि बुजुर्ग शिक्षकों का सम्मान हम खुद नहीं करेंगें तो कौन करेगा इसीलिये यह कार्यक्रम उनके सम्मान में आयोजित किया गया है सभी सहयोगियों का उन्होंने आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में महामंत्री राहुल कुमार जिला कोषाध्यक्ष रईश अहमद ब्लाक सह मीडिया प्रभारी शिवसंगी कमल विष्णु यादव राकेश कुमार प्रमोद कुमार विनोद चौहान गौरव गुप्ता प्रवीण यादव कीर्तिवर्धन सिंह सन्दीप त्यागी रंजना द्विवेदी एआरपी जौली शाक्य सहित समस्त बीआरसी स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया मंच संचालन एआरपी श्री सलीम अशरफ द्वारा किया गया।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर। शराब के नशे में युवक ने दो महीने के बेटे कि कुआं पूजन कार्यक्रम के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिससे युवक के परिवार में कोहराम मच गया और मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना जरिया थाना जिटकिरी की है। जिटकिरी निवासी बृजेंद्र के परिजनों ने बताया कि उसके दो महीने के पुत्र कार्तिक के कुआं पूजन का कार्यक्रम चल रहा था। शराब के नशे में धुत होकर बृजेंद्र कार्यक्रम में पहुंच गया और वहां पर मौजूद रिश्तेदारों से लड़ाई झगड़ा करने लगा। जब उसकी पत्नी शकुंतला ने उसे समझाने का प्रयास किया तो बृजेंद्र अपनी पत्नी शकुंतला के साथ भी झगड़ा करता रहा। जिसके बाद उसने आज सुबह आंगन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मथुरा लोकसभा चुनावों में प्रत्याशी बहा रहे पसीना

अवधनामा संवाददाता

- मतदाता ने साधी चुप्पी
- इस चुनाव में बसपा सुप्रीमो ने लगाया उधार के प्रत्याशी पर दाव

मथुरा। लोकसभा चुनाव की तिथि जैसे जैसे नजदीक आती जा रही है प्रत्याशी अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं, एक दूसरे से आगे दिखने के लिए छपास प्रेमी नेता खेत में फसल काटने की नौटंकी से लेकर कुछ प्रत्याशी तो ईट भट्टा पर मजदूरों के साथ फोटो बाजी में लगे है। कोई किसान का बेटा कोई मजदूर का भाई बन जनता को लुभाने की हर संभव कोशिश करते नजर आ रहे हैं। मथुरा की जनता इस बार चुप्पी साधे बैठे है, जनता के मन की वात अगर समझें तो बदलाव का मूढ़ है पर मजबूरी है कि विपक्ष ने मैदान में राजनीत मैं मझे नेताओं को ना उतारकर केवल नौसिखिए नेताओं को मैदान मै उतार दिया है। बसपा का कोर वोटर तो आज तक इस बात से चिंतित हैं कि बसपा के पास अपने खुद के नेताओं का टोटा हो चुका है हर बार दूसरो के फैंके नेताओं पर भरोसा करना पड़ रहा है बसपा का वोटर जानता है कि सुरेश सिंह की भाजपा के साथ कितनी गहरी दोस्ती रही है। पार्टी के द्वारा प्रत्याशी घोषित होने के दो दिन बाद बसपा प्रत्याशी फेसबुक पर योगी मोदी की भक्ति करते नजर आए पूर्व मांट विधानसभा चुनाव मैं भी बसपा ने ऐसे ही प्रत्याशी पर दाव लगाया चुनाव हारने के चंद दिनों बाद बसपा से मोहभंग हो गया, इस लोकसभा चुनाव मैं भी बसपा ने वही इतिहास दोहराया, बसपा के कोर वोटर का दावा है कि सुरेश सिंह भी मौका परस्ती कर चुनाव बाद बसपा मै अपनी सकल नही दिखाएंगे।

राजनीति मैं शून्य के शिखर पर पढ़ी कांग्रेस के प्रत्याशी का भी हाल वही है। कांग्रेस मथुरा की सीट को क्या पूरे उत्तर प्रदेश में चुनाव सिर्फ नाम को लड़ रही है। ना कोई नेताओ मैं जोश है ना चुनाव की रणनीति, ऐसी परिस्थिति में जनता मजबूरी बस हेमा की ओर देख रही है। चुनाव मैं जनता के जमीनी मुद्दो को उठाने वाला एक भी प्रत्याशी मैदान मै नही है । मथुरा जैसे महत्वपूर्ण लोकसभा सीट पर विपक्ष की भूमिका हमेशा नदारत रही है इस बार भी विपक्ष केवल नाम का है जनता को गुमराह करने के लिए मैदान मै उतरा है। स्थानीय मुद्दे लोकसभा चुनाव मैं नदारत है। मथुरा के शहरी क्षेत्रों में सफाई, आवारा पशु, बंदर और यमुना प्रदूषण, बिजली बिल की बढ़ोत्तरी, हाउस टैक्स के नाम पर जनता की जेब मै डाका डालने पार्किंग के नाम पर जबरन वसूली, ट्रैफिक व्यवस्था का खस्ता हाल, शिक्षा माफियाओं का शिक्षा के नाम पर लूट जैसे मुद्दे लोकसभा चुनाव का इंतजार करते रहे, वही ग्रामीण इलाकों में छाता शुगर मील, पराली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न, खेतो में आवारा पशु द्वारा खड़ी फसल बरबाद करना, जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे विपक्ष का इंतजार करते रहे। पर नेतृत्व विहीन विपक्ष सत्ता दल के आगे अपने आप को असहज महसूस करते हुए जनता के बीच से नदारत हो गया। विपक्ष की भूमिका को देखते हुए जनता पर केवल हेमा मालिनी को संसद मैं ना चाहते हुए भी भेजना पड़ेगा।

व्यय प्रेक्षकों ने ली बैठक

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। विवेकानंद सभागार में व्यय प्रेक्षकों व जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में चुनाव में व्यय के सम्बन्धी मामलों पर बैठक हुई। प्रेक्षकों ने एफएसटी टीमों द्वारा अब तक की गयी कार्रवाई की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अब तक हुए सीजर के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने सी विजिल पर अब तक प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में बताया। व्यय प्रेक्षक श्रीकांत ने कहा कि कैश लाने व ले जाने के सम्बन्ध में चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन किया जाये। अवैध मदिरा के मामले में तत्काल कार्रवाई की जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि उनकी टीम पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। जनपद में चुनाव पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

राशन डीलरों की मनमानी, डीएसओ को घेरा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। महानगर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ द्वारा वर्षो से जमे राशन माफिया राशन डीलरों की खाद्य सामग्री वितरण में मनमानी तथा नकली मसाले, साबुन, सर्फ खरीदने को मजबूर करने तथा नागरिकों को ना खरीदने पर राशन आपूर्ति रोकने की गैर कानूनी धमकी देने वाले राशन डीलरों की संपत्ति की जांच एवं ठोस कार्रवाई को लेकर 4 सूत्रीय ज्ञापन सतीश कुमार मिश्रा जिला पूर्ति अधिकारी मथुरा को राजीव भवन स्थित कार्यालय पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के मथुरा महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में सौंपा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में राशन डीलर उक्त खाद्य सामग्री के साथ जबरन अवैध तरीके से निर्मित खाद्य मसाले, साबुन, सर्फ खरीदने की धमकी प्रोफेसर कालोनी, कृष्णा नगर (अंबेडकर कालोनी) सदर, मनोहरपुरा , जयसिंहपुरा, लक्ष्मी नगर, वृंदावन, राया, महावन, औरंगाबाद, डैंपियर नगर, जमुना पार, अडूकी, बिरला मंदिर, राधेश्याम कालोनी, सलेमपुर, मुकुन्दपुर, पाली खेड़ा के साथ लगभग राशन डीलरों द्वारा दी जा रही है

नागरिकों को मजबूरी में अशुद्ध मसाले मिलावटी साबुन , सर्फ खरीदने को मजबूर किया जा रहा है।

मिलावटी नकली मसाले, साबुन, सर्फ आपूर्ति करने वाली कंपनी, कारखाने एवं व्यक्ति की जांच कर कठोर कानूनी कार्रवाई हो

, मिलावटी नकली मसाले जबरन बेचकर धन अर्जित कर जीवन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ में शामिल अधिकारी कर्मचारी एवं राशन माफियाओं के घट जोड़ के खिलाफ कार्रवाई हो , घटतोली की शिकायत को लेकर शासन द्वारा की गई इलैक्ट्रिकल कांटे नई व्यवस्था से राशन उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना भीषण गर्मी व धूप में घण्टों लाइन में लगकर करना पड़ रहा है। राशन डीलरों के यहां न धूप से बचाव की कोई व्यवस्था है। न पीने के पानी की ऐसी स्थिति में आने वाली भीषण गर्मी में राशन उपभोक्ताओं को बीमारी का भी सामना करना पड़ सकता है।

अतः उक्त 4 सूत्रीय ज्ञापन राशन उपभोक्ताओं के साथ हो रहे खिलवाड़ एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ निष्पक्ष एवं ठोस कार्रवाई हेतु प्रस्तुत है कृपया जनहितकारी कार्रवाई कर दोषी राशन माफियाओं को निलंबित कर, दोषी अधिकारियों व कर्मचारीयों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो

इस मौके पर मथुरा-वृंदावन महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, मथुरा-वृंदावन प्रभारी देवकीनंदन कश्यप, मथुरा वृन्दावन विधानसभा अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग ओमपाल सिंह, अखिल भारतीय समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही, महानगर अध्यक्ष किसान यूनियन सलीम खान, चित्र सेन मौर्य, महेंद्र, जितेंद्र सिंह, आकाश बाबू, विवेक कुमार, जसवंत सिंह, पीतम सैनी, आकाश सैनी आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

एसएमजीआई में आयोजित जेनरो रंगोली प्रतियोगिता बीबीए ने जीती

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। एसएमजीआई इटावा में चल रहे जेनरो 2024(स्पोर्ट वीक)में कालेज के विभिन्न छात्र छात्राओं ने नर्सिंग कॉलेज के कैंपस में सुंदर मनमोहक रंगोली बनाई।रंगोली प्रतियोगिता में मैनेजमेंट , फार्मेसी, नर्सिंग एवं बीएड-बीटीसी के विभाग के विभिन्न छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।सभी छात्रों ने अपनी अपनी रंगोली में कुछ ना कुछ अच्छा सामाजिक संदेश दिया।रंगोली प्रतियोगिता में सभी टीमों को 2 घंटे का निर्धारित समय दिया गया था।निर्धारित समय के बाद निर्णायकों में अंजलि सिकरवार एवं कंचन ने अपना निर्णय दिया।रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीबीए प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान बीटीसी बीएड तथा तृतीय स्थान बी फार्मा तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।सभी विजेताओं तथा उपविजेताओं को ग्रुप के निदेशक डॉ. उमाशंकर शर्मा द्वारा प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए।रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को एसएमजीआई के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव ने बधाई दी।

सपा से जितेन्द्र दोहरे ने किया नामांकन

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। लोक सभा चुनाव के लिए शुक्रवार को कुल तीन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र खरीदे गए, जिसमें सुधीर सिंह यादव पुत्र अतर सिंह लोहिया नगर ककराही बाजार औरैया, सारिका सिंह बघेल बहुजन समाज पार्टी, जसकरन सिंह पुत्र राम चरन सिंह जोत मधुपुरी, मैनपुरी सर्वजन सुखाए पार्टी शामिल हैं।शुक्रवार को ही जितेंद्र कुमार ने समाजवादी पार्टी से चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

बच्चों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

इटावा, अवधनामा ब्यूरो। स्वीप कार्यक्रम के तहत भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में प्राथमिक विद्यालय नगला भग्ग, बढ़पुरा इटावा के स्काउट/गाइड के बच्चों के द्वारा घर-घर संपर्क कर, मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमें मतदाताओं से अपील की गई कि वो अपने मिलने जुलने वालों से , मित्रों, सहयोगियों तथा सेवित क्षेत्र की जनता से 13 मई 2024 को अधिक से अधिक मतदान कराए।इस अवसर पर ग्राम प्रधान विमलेश कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य, प्रधानाध्यापिका /जिला संगठन कमिश्नर गाइड स्वीटी मथुरिया, कंचन राठौर, पूजा, पूनम, दिलीप कुमार उपस्थिति रहे।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने मतदाताओं को किया अधिक मतदान को लिए प्रेरित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जनपद में लोकतंत्र का महापर्व का समय नजदीक आता जा रहा है प्रशासन लगातार अपने स्तर से अधिक से अधिक मतदान मथुरा में कराने को प्रयासरत है। इसी क्रम मैं प्रशासन का सहयोग करने के लिए राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने भी अपनी कमर कस ली है। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा ने एक बैठक आहूत कर लोकतंत्र के महा पर्व को सफल बनाने के लिए प्रशासन के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर कार्य करने की रणनीति बनाई। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा संरक्षक और जिला उपाध्यक्ष द्वारा मथुरा जनपद के युवा वोटरों से अपील करते हुए कहा युवा भारत का भविष्य है उसको देश के विकास कार्यों में रुचि लेते हुए सर्वप्रथम अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने का महान कार्य मै बढ़ चढ़ कर भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। भारत का संविधान लोकतंत्र से चलता है। और लोकतंत्र भारत के भाग्य विधाता वोटर है जिनको अपनी जिम्मेदारी मानते हुए सर्वाधिक मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा ने कहा कि महिलाओं को भी अपने सारे कामों को छोड़ कर पहले मतदान करने जाना चाहिए और अपने परिवार के सदस्यों को भी वोट डालने भेजना होगा। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष दिनेश आचार्य ने कहा चुनाव आयोग लगातार मतदान को सफल बनाने का प्रयास कर रहा है वह सराहनीय कार्य है हमें भी एक जिम्मेदारी नागरिक और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ होने के नाते अपनी जिम्मेदारी मानते हुए लोगों को जागृत करने में चुनाव आयोग का सहयोग करना चाहिए। ठाकुर तेज सिंह ने बताया अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने जाना चाहिए। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने गर्मी का समय है प्रशासन को भी मतदाताओं के लिए मतदान स्थल पर धूप से बचाने और ठंडे पानी पंखे आदि के साथ साथ ग्लूकोस जैसी व्यवस्था भी मतदान केंद्रों पर करनी होगी। जिन केंदो पर मतदाताओं की संख्या ज्यादा है उन केंद्रों पर वोटर की लंबी कतारें ना लगे उनको धूप से बचाने के लिए खाली कमरे में बैठने का इंतजाम कर वारी वारी से वोट डालने भेजने का प्रबंध करना चाहिए। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को पोलिग वूथो से दूर रख कर साफ सुथरा मतदान कराने का प्रयास करना होगा। मतदान जागरूकता बैठक मैं वरिष्ठ पत्रकार गिरधारी लाल, वी एस खुरान,नंद किशोर शर्मा, शैली अग्रवाल, प्रवीण कुमार, मोहन श्याम, बंटी कुमार, प्रतीक चतुर्वेदी, निर्भय यादव, अभिषेक सिंह, गणेश माहोर, राजकुमार गुप्ता, रवि वर्मा, आशीष चतुर्वेदी, सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

चुनाव ड्यूटी में वाहन देने से मना करना पड़ा भारी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। लोकसभा चुनाव के द्वितीय चरण के अंतर्गत मथुरा में होने जा रहे मतदान की व्यवस्था के लिए वाहन देने से मना करने वाले दो दर्जन वाहन स्वामियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने जा रही है। अब तक जिला प्रशासन ने जनपद में 5743 वाहनों के अधिगृहण की कार्यवाही को अंजाम दे दिया है। मथुरा संसदीय क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को मतदान होने जा रहा है। इसके लिए चुनावी व्यवस्थाओं को अब अंतिम रूप देने का काम शुरू हो गया है। इसमें मतदान के लिए रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों के लिए 6043 वाहनों के अधिगृहण की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया था लेकिन अब तक जिला प्रशासन 5743 छोटे और बडे वाहनों के अधिगृहण की व्यवस्था को ही अंजाम दे सका है। इसमें 1866 छोटे वाहन तथा 3881 बडे वाहन शामिल है। इसके अलावा करीब 450 वाहनों के तकनीकी कारणों से अधिगृहण नहीं किया जा सका है। इसमें से अधिकांश वाहनों को ढूंढा ही नहीं जा सका है। इस दौरान दो दर्जन ऐसे भी वाहन स्वामी सामने आए हैं, जिन्होंने अपने वाहन चुनावी व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराने से साफ मना कर दिया है।

ऐसे वाहन स्वामियों के खिलाफ जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

वृन्दावन का अत्यंत प्राचीन व दिव्य स्थल है श्रीकृष्ण काली पीठः विनोद अग्रवाल

अवधनामा संवाददाता

वृन्दावन (मथुरा)। गोपीनाथ बाज़ार स्थित श्रीकृष्ण काली पीठ में चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में चल रहे दस दिवसीय श्रीशतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति श्रीकृष्ण काली पीठाधीश्वर डॉ. केशवाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य सम्पन्न हुई।जिसमें सैकड़ों वैदज्ञ विप्रों एवं भक्तों व श्रद्धालुओं ने अत्यंत विधि विधान से अपनी आहुतियां दीं।साथ ही सैकड़ों कन्याओं-लांगुराओं का पूजन-अर्चन करके उन्हें भोजन प्रसाद ग्रहण करा कर उपहार वितरित किए गए। इस अवसर पर श्रीकृष्ण काली पीठाधीश्वर डॉ. केशवाचार्य महाराज ने मुख्य अतिथि मथुरा वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल का पटुका ओढ़ाकर एवं ठाकुरजी का चित्रपट भेंट कर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया। श्रीकृष्ण काली पीठाधीश्वर डॉ. केशवाचार्य महाराज ने कहा कि वृन्दावन में कृष्णोपासना के अलावा मां दुर्गा की उपासना भी अत्यंत श्रद्धा के साथ की जाती है।इसका प्रमाण यहां आने भक्तों व श्रद्धालुओं की असंख्य संख्या स्वयं प्रगट करती है। मुख्य अतिथि मथुरा वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष मुकेश गौतम ने कहा कि श्रीकृष्ण काली पीठ वृन्दावन का अत्यंत प्राचीन व दिव्य स्थल है।यहां प्रतिवर्ष दोनों नवरात्रों में विश्वकल्याणार्थ शतचंडी महायज्ञ आयोजित किया जाता है। जिसमें दूर-दराज के असंख्य भक्त श्रद्धालु अत्यंत श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ भाग लेते हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी व आचार्य पीठाधीश्वर यदुनंदनाचार्य महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण काली पीठ श्रीधाम वृन्दावन का गौरव है।यह स्थान ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व का है।इस स्थान से तमाम प्रख्यात संत, धर्माचार्य व राजनेता जुड़े हैं।जिनकी इस स्थान के प्रति अपार आस्था है। महोत्सव में पद्मश्री कृष्ण कन्हाई चित्रकार, यश भारती सम्मान से सम्मानित गोविन्द कन्हाई चित्रकार, पण्डित योगेश द्विवेदी, धर्मेंद्र मिश्रा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति विशेष रही।

गृहमंत्री हेमा के पक्ष में करेंगे सभा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। देश के केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह कल शनिवार को वृंदावन के वैष्णों देवी मंदिर के समीप मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। मथुरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में होने वाली जनसभा की तैयारी के लिए भाजपा मथुरा प्रभारी अशोक कटारिया के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारीयों ने शुक्रवार को सभास्थल पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान वहां प्रशासन के आला अधिकारी भी मौजूद रहे। भाजपा मथुरा जनपद प्रभारी अशोक कटारिया ने बताया कि जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। प्रत्येक मंडल से संख्या निर्धारित की गई है। रैली में 2 लाख से अधिक लोगों के रहने की संभावना है जिसमें से 1 लाख मथुरा महानगर से पहुंचेंगे। आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनसभा में शामिल होंगे। दोपहर करीब दो बजे गृहमंत्री का आगमन होगा।

मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा ने सभास्थल पर प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ व्यवस्था की समीक्षा की। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की अपील कार्यकर्ताओं एवं भाजपा समर्थकों से की। महानगर महामंत्री प्रदीप गोस्वामी ने बताया कि जनसभा को सफल बनाने के लिए मथुरा की सभी विधानसभाओं में बैठक कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। करीब 2000 निजी वाहनों से 2 लाख से अधिक कार्यकर्ता और समर्थक अपने अमित शाह का सम्बोधन सुनने पहुंचेंगे। इस दौरान राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह, गोवर्धन विधायक मेघश्याम सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, लोकसभा चुनाव प्रभारी श्याम भदौरिया, लोकसभा संयोजक डॉ देवेंद्र शर्मा, सह-संयोजक मुकेश खंडेलवाल, विधानसभा संयोजक राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता संजय गोविल, महानगर महामंत्री सुनील चतुर्वेदी, क्षेत्रीय मंत्री विनोद चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष श्याम सिंघल आदि पदाधिकारी एवं पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बुजुर्ग विधवा से अबेध वसूली, रसीद मांगने पर भगाया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। लाख कोशिशों के बावजूद भी विद्युत विभाग प्रदेश भर मैं सुधरने का नाम नहीं ले रहा विभाग छोटे से लेकर बड़ा अधिकारी भी मौका मिलने पर भ्रष्टाचार के समुद्र में गोता मारने से नही चूक रहा गरीब हो या अमीर हर वर्ग से जम कर हो रही वसूली, जवकी विद्युत विभाग की वसूली की आग मैं इतनी तपन होती है जिसका जीता जागता उदाहरण मथुरा मैं एक कद्दावर नेता राजनीत के हासिये पर सिमट कर रह गया।

मथुरा में बिजली विभाग के कर्मियों की गुंडागर्दी सामने आई है। 1306 रुपए की रसीद कटती है। बुजुर्ग महिला से जबरन 1800 रुपये की उगाही की। 1800 की रसीद मांगने पर उसे धमकाकर भगाया। जेई ने कहा कि बिजली की सप्लाई ग्रामीण से टाउन में होने वाली है। इसलिए लिए फालतू पैसे लिए जा रहे हैं।

मामला नौहझील थाना क्षेत्र स्थित नौहझील विद्युत उपखंड का है। यहां संविदा कर्मियों द्वारा गुंडागर्दी कर उपभोक्ताओं से जबरन उगाही की जा रही है। थाना क्षेत्र के व्यापारी टोली मोहल्ला निवासी बुजुर्ग विधवा महिला अपने घर का एक किलोवाट का कनेक्शन कराने ऑफिस पहुंची थी। यहां लाइनमैन योगेश संविदा पर तैनात है। वह सीएससी पर बैठा मिला। उसने कनेक्शन की रसीद के नाम पर 1800 रुपये लिए। महिला ने जब इसकी रसीद मांगी तो उसे 1306 रुपये की रसीद दी। महिला ने 494 रुपये फालतू लेने का कारण पूछा तो उसने उसे फटकारा। फिर धमकाकर वहां से भगा दिया। महिला ऑफिस पहुंची तो वहीं भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। घटना से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं में रोष है।

उपखंड पर तैनात जेई अशोक शर्मा ने कहा कि बीच में विद्युत सप्लाई ग्रामीण में दी जा रही थी। उस समय 1306 की रसीद थी। अब विद्युत सप्लाई टाउन में होने वाली है, इसलिए 1800 रुपये लिए गए हैं। वहीं 1306 की रसीद क्यों दी गई, इस पर जेई भी चुप्पी साध गए।

हमाओ हमीरपुर जरूर कियो वोट

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। आज स्वीप कार्यक्रम में राहुल पाण्डेय जिलाधिकारी हमीरपुर के निर्देशानुसार स्काउट गाइड एनसीसी पीआरडी जवानों की रैली को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त स्काउट और गाइड ने कहा कि इस बार एक ही नारा हमाओ हमीरपुर, सब किओ वोट के साथ सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में जाएं और चाचा चाचा दादा-दादी मामा मामी भैया भाभी को अपना-अपना वोट डालने के लिए प्रेरित करें। आज स्काउट गाइड एनसीसी एवं पीआरडी जवानों की रैली को राजकीय इंटर कॉलेज से रवाना करते हुए मुख्य विकास अधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी युवा कल्याण अधिकारी समन्वयक नेहरू युवा केंद्र प्रधानाचार्य जीआईसी एवं अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर ने हरी झंडी दिखाकर शहर के अस्पताल रोड सुभाष बाजार रेमेडी तिराहा विद्या मंदिर आकिल तिराहा किंग रोड होते हुए मतदाताओं को जागरूक किया तथा उनके मत का अधिकार बताया। रैली में जनपद के सीनियर स्काउट गाइड एनसीसी तथा पीआरडी के जवान नारे लगाते हुए चल रहे थे जिसमें पुलिस एवं यातायात द्वारा उच्च सुरक्षा व्यवस्था रखी गई । शहर के मतदाताओं एवं बाजार के व्यापारियों को जागरूक करने के लिए ई-रिक्शा पर माइक के माध्यम से उनको उनके वोट का महत्व बताया जा रहा था। रैली का संचालन अकबर अली लीडर ट्रेनर स्काउट एवं स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर ने किया।

बांकेबिहारी मंदिर में सजाया गया भव्य फूल-बंगला

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में शुक्रवार को कामदा एकादशी धूमधाम से मनाई जा रही है। इस अवसर पर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भगवान के दर्शन के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारी भीड़ के कारण मंदिर की व्यवस्थाएं ध्वस्त नजर आई। धक्का-मुक्की के बीच श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश मिल पाया। शुक्रवार को चैत्र शुक्ल की एकादशी पर ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में पहला भव्य फूल बंगला सजाया गया। आज से मंदिर में निरंतर 107 दिन तक सुबह और शाम की बेला में फूल बंगले सजेंगे। इन फूल बंगलों के लिए देश के कई शहरों से तरह-तरह के फूल लाए जाएंगे। श्रीबांकेबिहारी मंदिर की प्राचीन धर्म परंपरा के अनुसार, हिंदी माह चैत्र की कामदा एकादशी से ठाकुर जी को शीतलता प्रदान की जाएगी। इसके लिए तरह-तरह के पुष्पों, मेवा, फल आदि की दिव्य झांकियां और बंगले बनाए जाएंगे। इससे ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने की सेवा शुरू की जाएगी। पुष्प और लता-पताओं से सेवित करने की परंपरा देवकाल से चली आ रही है। अब इस परंपरा ने फूल बंगलों का रूप ले लिया है। 19 अप्रैल शुक्रवार को कामदा एकादशी से लेकर सावन मास की अमावस्या चार अगस्त तक प्रभु को सुगंधित पुष्पों से सुसज्जित किया जाएगा। सुबह दर्शन के लिए मंदिर के पट खुलने के साथ ही जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर के प्रवेश द्वार से लेकर निकास द्वार तक लोगों की भीड़ ही भीड़ दिखाई दी। जैसे-जैसे दिन चढ़ा मंदिर के पहुंच वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं की भीड़ के दबाव के कारण जाम हो गए। फूल बंगले की सेवा के साथ ही सेवायत गोस्वामी अपने लाडले ठाकुर बांकेबिहारी महाराज को पद गायन कर खुश करने की कोशिश करने के लिए। इन पदों में चरणन की सेवा भई तुलसी चंदन फूल, श्री स्वामी हरिदासजी गए प्रेममय भूल...। प्रभु को फूल बंगलाओं की सेवा करने के लिए देश-विदेश के भक्तजन छह माह पहले से ही इंतजार करने लगते हैं। वह अपनी सेवा के लिए बुकिंग करा रहे हैं।

नवजात बच्चे को 6 माह से पहले नहीं देना चाहिए ठोस आहार, जानिए इसके पीछे का कारण

नवजात बच्चों को अक्सर 6 महीने बाद ठोस आहार खिलाए जाने की सलाह दी जाती है। लेकिन कई बार दादी-नानी बच्चों को महज 4 महीने की उम्र से चावल को मसलकर या दाल का पानी और फल आदि खिलाना शुरूकर देते हैं। डॉक्टर के अनुसार, बच्चे के संपूर्ण विकास के लिए उन्हें कम उम्र से ठोस पदार्थ खिलाना शुरूकर देना चाहिए। लेकिन डॉक्टर कम से कम 6 माह तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध पिलाने की सलाह देते हैं।

ऐसे में पेरेंट्स कंफ्यूज हो जाते हैं कि बच्चों को किस उम्र से ठोस आहार देना शुरू करना चाहिए। ऐसे में बतौर पेरेंट्स आपके मन भी यह सवाल है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि 6 माह की उम्र से पहले बच्चे को ठोस आहार देने से क्या होता है।

6 महीने से पहले क्यों न खिलाएं ठोस आहार

बता दें कि डॉक्टर 6 माह से कम उम्र वाले बच्चों को ठोस आहार खिलाने से बचने की सलाह देते हैं। क्योंकि 6 माह से कम उम्र के बच्चों को ठोस आहार खिलाने से उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। क्योंकि इस उम्र के बच्चों का पाचन तंत्र पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाता है। जिस कारण उन्हें ठोस आहार पचाने में समस्या होती है। इसलिए उन्हें कब्ज, दस्त या पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है। वहीं 6 महीने से कम उम्र के बच्चों को ठोस आहार देने से उनमें एलर्जी का खतरा भी बढ़ जाता है। क्योंकि इस दौरान उनकी इम्यूनिटी विकसित हो रही होती है।

कुछ खाद्य पदार्थ ऐसे होते हैं, जो बच्चों की इम्यूनिटी पर बुरा असर डाल सकते हैं। साथ ही ठोस आहार खिलाने से फॉर्मूला फीडिंग या स्तनपान करने में समस्या आ सकती है। क्योंकि स्तनपान से बच्चों में पोषक तत्वों की कमी पूरी होती है। इसलिए 6 माह तक बच्चे को सिर्फ मां का दूध पिलाए जाने की सलाह दी जाती है। इससे बच्चे की इम्यूनिटी मजबूत होती है और वह स्वस्थ रहते हैं।

कब और कैसे खिलाएं ठोस आहार

जब बच्चा 6 महीने का पूरा हो जाए, तो उसको ठोस आहार खिलाना शुरूकर देना चाहिए। बच्चों की डाइट में आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। ठोस आहार में आप उन्हें आयरन-फोर्टिफाइड अनाज, जैसे- जई, चावल या जौ आदि खिला सकते हैं। इसके अलावा फलों में आप केला, नाशपाती और सेब आदि डाइट में शामिल कर सकते हैं। बता दें कि इस तरह का खाना पचने में आसान होते हैं और इस तरह की डाइट से एलर्जी की भी संभावना कम होती है। बच्चों को खाद्य पदार्थ खिलाने के लिए छोटी मात्रा से शुरूआत करें। फिर धीरे-धीरे यह मात्रा बढ़ाएं। इसके साथ ही बच्चों पर भी नजर रखनी चाहिए कि उनको किसी तरह के एनर्जी के लक्षण तो नहीं हैं।

क्या आपके दोस्त या परिजन मानसिक समस्याओं से गुजर रहा है? जानें इससे बाहर लाने का तरीका

खराब लाइफस्टाइल और भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव होना आम बात है। आजकल हर उम्र के लोगों में तनाव देखने को मिल रहा है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक तनाव की समस्या से परेशान है। वहीं बच्चे आज के प्रतिस्पर्धा वाली पढ़ाई और भविष्य को लेकर चिंता करते हैं। वहीं युवाओं में नौकरी को लेकर काफी तनाव रहता है। कोई इस तनाव से बचने के लिए नया जीवन जीने की कोशिश करता है, तो किसी के मन में आत्महत्या करने का विचार आने लगता है। अगर आपका दोस्त या परिजन तनाव से गुजर रहा है, तो आप इन तरीकों से बाहर लाने में उनकी मदद जरुर करें। साइकोथेरेपिस्ट और लाइफ कोच, एनएलपी स्पेशलिस्ट, हीलर, संस्थापक और निदेशक-गेटवे ऑफ हीलिंग की एम.डी डॉ चांदनी तुगनैत से जानें इस समस्या से कैसे निकले।

उनकी परेशानी को जानने की कोशिश करें

अगर आपका कोई करीबी या दोस्त मानसिक समस्याओं से परेशान हैं या उसके मन में बार-बार सुसाइड करने का ख्याल आता है, तो आप उनसे बात करें उनकी समस्या जानने की कोशिश करें। इसके बाद उनकी समस्या का हल निकालने का प्रयास करें। इससे आपके दोस्त या परिजन को सहारा मिलेगा।

योगा और मेडिटेशन करने को कहें

योग और मेडिटेशन करने से मेंटल हेल्थ स्ट्रॉन्ग बनती है। मेडिटेशन करने से स्ट्रेस और तनाव कम होता है। तनाव कम होने से समस्या दूर हो जाती है। तो सुसाइड के विचार खुद ही दूर हो जाते हैं।

हॉबीज पर ध्यान दें

डॉ चांदनी तुगनैत के मुताबिक, सुसाइड के विचार को दूर करने के लिए आप पीड़ित व्यक्ति के हॉबीज को जानकर, उन्हें कामों को करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वहीं डांस, पेंटिंग और सिंगिंग करने से तनाव कम होता है।

साइकोथेरेपिस्ट और हीलर से बातचीत करें

अगर आपका कोई करीबी सुसाइड करने का विचार कर रहा है, तो ऐसे में आपको उन्हें साइकोथेरेपिस्ट से मिलने के लिए मोटिवेट कर सकते हैं। क्योंकि साइकोथेरेपिस्ट उनकी मानसिक स्थिति को समझकर ऐसे विचारों को काबू करने की कोशिश करते हैं।

अगर आपको भी मधुमेह या प्री-डायबिटीज है तो खाली पेट खाने के लिए तीन सबसे खराब फूड्स हैं

अधिकांश लोगों के नाश्ते में मक्खन लगा हुआ टोस्ट और फल या फलों का रस शामिल होता है। लेकिन अगर आप स्वास्थ्य के प्रति थोड़ा भी सचेत हैं, तो आपको पता होना चाहिए कि विशेषज्ञों के अनुसार दिन की शुरुआत करने के लिए फल तीन सबसे खराब खाद्य पदार्थों में से एक हैं। सुबह-सुबह, हार्मोनल परिवर्तनों के कारण रक्त शर्करा आमतौर पर अनियंत्रित होती है। इसलिए, फल, शहद और बिस्कुट आपके दिन की शुरुआत करने के लिए सबसे खराब फूड्स हैं, हेल्थ हैच इंस्टाग्राम पेज पर एक रील में उल्लेख किया गया है।

लेकिन सिर्फ ये ही नहीं, यहां तक कि ब्रेड, टोस्ट/खारी, फलों का रस आदि भी रक्त शर्करा के स्तर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं और इनसे बचना चाहिए। सहमत होते हुए, डॉ नीति ए पटेल, मधुमेह विशेषज्ञ, थायरॉयड विशेषज्ञ, स्कोप प्रमाणित मोटापा चिकित्सक, ऐस ऑर्थो-डायबिटो केयर, मुंबई ने कहा कि कोई भी भोजन जो इसमें मौजूद चीनी को तेजी से जारी करता है (उच्च ग्लाइसेमिक इंडेक्स भोजन) से बचना चाहिए, खासकर खाली पेट। यह शरीर में शुगर को बढ़ा देगा और शुगर नियंत्रण को अव्यवस्थित कर देगा।

डॉक्टर के मुताबिक

-सफेद या साबुत ब्रेड में उच्च जीआई सूचकांक होता है, और ये अत्यधिक प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ होते हैं जिनमें कोई पोषक तत्व और फाइबर नहीं होता है।

- फलों के रस (ताजा या पैक) प्राकृतिक शर्करा से भरपूर होते हैं। इनमें बहुत सारे विटामिन, खनिज और फाइबर होते हैं लेकिन खाली पेट ये बिल्कुल भी वर्जित हैं। डॉ. पटेल ने कहा, दिन में बाद में पूरे फल को मध्य भोजन नाश्ते के रूप में लिया जा सकता है।

- डॉ. पाटिल ने कहा, कॉर्न फ्लेक्स/अनाज बार/म्यूसली- हालांकि इन खाद्य पदार्थों को प्रोटीन से भरपूर/बिना अतिरिक्त चीनी/बाजरा आधारित के रूप में लेबल किया गया है, फिर भी हमें सामग्री सूची की पूरी तरह से जांच करनी चाहिए। आमतौर पर, इन उत्पादों में चीनी की मात्रा अधिक होती है (व्यावसायिक ब्रांड इस तथ्य को छिपाने के लिए शर्करा के विभिन्न रूपों या नामों का उपयोग करते हैं)

-हालांकि साबुत फलों में फाइबर होता है, रस निकालने की प्रक्रिया इसे खत्म कर देती है, जिससे चीनी की एक केंद्रित आपूर्ति रह जाती है जो रक्त शर्करा के स्तर को तेजी से बढ़ा सकती है। मारेंगो एशिया हॉस्पिटल, गुरुग्राम की वरिष्ठ सलाहकार, पोषण और आहार विज्ञान, डॉ नीति शर्मा ने कहा, फलों के रस से रक्त शर्करा के स्तर में अचानक वृद्धि हो सकती है क्योंकि इसमें चीनी के अवशोषण को धीमा करने के लिए फाइबर की कमी होती है।

- इसके अलावा, जब खाली पेट खाया जाता है, तो पेस्ट्री और मीठे बेक किए गए सामान जैसे क्रोइसैन, मफिन और मीठे रोल मधुमेह या प्री-डायबिटीज वाले लोगों के लिए विशेष रूप से खतरनाक होते हैं क्योंकि उनमें अतिरिक्त शर्करा और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है। डॉ. शर्मा ने कहा, समय के साथ, ये भोजन इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बन सकता है, जिससे रक्त शर्करा को नियंत्रित करना और भी मुश्किल हो जाएगा।

आप कौन से विकल्प चुन सकते हैं?

धर्मशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल में आंतरिक चिकित्सा के वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. गौरव जैन ने कहा, सूचित आहार विकल्प चुनकर, मधुमेह या पूर्व-मधुमेह वाले व्यक्ति अपने रक्त शर्करा को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं और अपने समग्र कल्याण का समर्थन कर सकते हैं।

1) मेवे और बीज

2) कोई भी वस्तु जो दाल आधारित हो। जैसे- दाल अप्पम

3) भारी नाश्ता करने वालों के लिए कार्ब्स के साथ प्रोटीन एक अच्छा विकल्प होगा। उदाहरण के लिए, दही के साथ सब्जी भरवां परांठा।

पूरे दिन ब्लड प्रेशर के स्तर को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए संतुलित भोजन और स्नैक्स का चयन करना महत्वपूर्ण है जिसमें दुबला प्रोटीन, स्वस्थ वसा, फाइबर युक्त कार्बोहाइड्रेट और भरपूर सब्जियां शामिल हों। डॉ. शर्मा ने कहा, साबुत अनाज, कम चीनी वाले अनाज, कम मात्रा में साबुत फल, या नट्स और बीज जैसे स्वास्थ्यवर्धक स्नैक विकल्प बेहतर हैं क्योंकि इनमें पोषक तत्व अधिक होते हैं और रक्त शर्करा के स्तर में तेज बदलाव की संभावना कम होती है।

खाने में सोडियम-पोटेशियम की ज्यादा मात्रा बिगाड़ सकती है आपकी सेहत, जानिए एक्सपर्ट्स की राय

हर भारतीय खाने-पीने का बहुत शौकीन होता है। भारतीयों में स्वाद के प्रति ऐसी दीवानगी होती है कि कई बार यह उनकी सेहत पर बुरा असर डालती है। अधिक मसालेदार व तला-भुना खाना खाने में तो बहुत अच्छा लगता है। लेकिन इस तरह के खानपान की वजह से हमारे शरीर में सोडियम व पोटेशियम का बैलेंस बिगड़ जाता है। जिससे हमारा स्वास्थ्य खराब होने लगता है। आमतौर पर लोग दाल-मखनी, पराठे, बटर नान या फिर कटहल आदि खाते हैं। अगर यह या फिर इनसे मिलती-जुलती चीजें आपकी डाइट का हिस्सा है, तो आपको दूसरों की तुलना में अधिक ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। साथ ही ऐसा खाना खाने से मोटापा बढ़ने के भी आसार होते हैं।

एक हेल्थ स्टडी के मुताबिक अधिक तलेभुने या मसालेदार खाने में ढेर सारा नमक और फॉस्फोरस होता है। जो किसी का भी हाइपरटेंशन बढ़ा सकता है। साथ ही इनमें प्रोटीन और पोटेशियम की भी कमी होती है। इसलिए अगर आपको भी इस तरह का खाना पसंद है, तो आपको अपनी सेहत के प्रति सतर्क होने की जरूरत है। बता दें कि आमतौर पर नॉर्थ इंडिया के खाने में सोडियम और फॉस्फोरस की मात्रा जरूरत से अधिक पाई जाती है। जबकि इस तरह के खाने में प्रोटीन और पोटेशियम कम पाया जाता है। इस तरह की डाइट को असंतुलित आहार कहा जाता है। यदि आप इस तरह का खाना खाते हैं, तो शरीर को सेहतमंद बने रहने में समस्या आती है और आपको कई तरह की गंभीर बीमारियां घेर सकती हैं। वहीं ह्ल्लाह्र भी सोडियम, पोटेशियम, फॉस्फोरस और प्रोटीन खाने के लिए स्वस्थ मात्रा में सेवन करने की सलाह देता है। क्योंकि इससे बहुत कम या फिर बहुत ज्यादा मात्रा हमारी सेहत को मुश्किल में डाल सकता है।

कैसी होनी चाहिए डाइट

बता दें कि एक वयस्क रोजाना 2 ग्राम सोडियम का सेवन करने की सलाह दी जाती है। जबकि करीब 65 फीसदी से अधिक नॉर्थ इंडियन लोग रोजाना 8 ग्राम से अधिक सोडियम का सेवन कर रहे हैं।

वहीं एक वयस्क को रोजाना कम से कम 3.5 ग्राम पोटेशियम का सेवन करना चाहिए।

शरीर में पोटेशियम की कमी के लक्षण

यदि आपके शरीर में पोटेशियम की कमी होने पर पेशान में अजीब सी झनझनाहट होने लगती है। इसकी कमी से कब्ज, थकान और मसल्स में दर्द की समस्या शुरू हो जाएगी। शरीर में इसका लेवल अधिक घटने से हार्ट रेट में असामान्य बदलाव देखने को मिल सकता है। इसको %एरिथमिया% कहा जाता है। ऐसी स्थिति में दिल की धड़कन कम होती जाती है। जिसका असर न सिर्फ आपके चेहरे पर दिखने लगता है, बल्कि आप समय से पहले 5-7 साल बूढ़े दिखने लगते हैं।

पोटेशियम की पूर्ति के लिए करें इन चीजो का सेवन

अगर आप रोजाना सही मात्रा में पोटेशियम का सेवन करते हैं। तो आप कई बीमारियों से खुद का बचाव कर सकते हैं। डा0 के अनुसार, आपको रोजाना कम से कम 3.5 ग्राम पोटेशियम तो जरूर खाना चाहिए। पोटेशियम की पूर्ति के लिए आपको अधिक से अधिक फल व सब्जियों का सेवन करना चाहिए।

प्रोटीन की कमी कर सकती है बीमार

प्रोटीन की कमी होने से शरीर थकान महसूस करने लगता है। प्रोटीन की कमी होने पर बाल झड़ने लगते हैं, नाखून सफेद और हड्डियां कमजोर होने लगेंगी।

प्रोटीन है जरूरी

हमारी हड्डियों, स्किन, मसल्स, बाल और यहां तक शरीर का हर टिश्यू प्रोटीन से बना होता है। इसके साथ ही यह खास तरह का एंजाइम भी बनाता है। बता दें कि ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा अच्छी बनी रहने के लिए शरीर में प्रोटीन बेहद जरूरी है। प्रोटीन के पर्याप्त सेवन के लिए फलियां, मोटे अनाज, नट्स और सीड्स, दाल-बीन्स, अंडा, मछली, पनीर और मशरूम आदि का सेवन कर सकते हैं।

सोडियम से हार्ट स्ट्रोक का खतरा

अधिक नमक का सेवन करने से ब्लड प्रेशर तेजी से बढ़ जाता है। वहीं जब आपका ब्लड प्रेशर अधिक होता है तो दिल की सेहत को यह अधिक खतरा होता है। क्योंकि नमक में सोडियम पाया जाता है। जैसे ही इसको हम खाते हैं तो शरीर इसको पतला बनाने के लिए पानी का सहारा लेता है। अधिक नमक के सेवन से कोशिकाओं के आसपास तरल पदार्थ और खून की मात्रा बढ़ जाती है। जब खून ज्यादा होता है, तो इसे पंप करने में हार्ट का काम बढ़ जाएगा। जिसके परिणामस्वरूप दिल जल्दी थकने लगता है। जो हार्ट स्ट्रोक की वजह बन सकता है।

ज्यादा फॉस्फोरस है जानलेवा

आपको बता दें कि नॉर्थ इंडियन खाने में फॉस्फोरस की मात्रा ह्ल्लाह्र की सुझाई मात्रा से अधिक होती है। क्योंकि अधिक फॉस्फोरस हड्डियों से कैल्शियम को खींच लेता है, जिसके कारण हड्डियां कमजोर होने लगती है। कैल्शियम की पूर्ति के लिए आप इसे अधिक खाएंगे, तो यह फेफड़ों, ब्लड वेसल्स, आंखों और हार्ट में जमा होने लगता है। इसके साथ ही स्ट्रोक और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

बॉडी में रक्षा कवच की तरह काम करता है यह खास प्रोटीन, इन 8 आदतों को अपनाकर खुद को रखें हेल्दी

हमारे शरीर की रक्षा के लिए एक बड़ी फौज तैयार रहती है। इस फौज को मेडिकल की भाषा में व्हाइट ब्लड सेल्स कहा जाता है। यह हमारे शरीर को तमाम तरह की बीमारियों से बचाने का काम करती है। यह सेल्स जितनी अधिक बहादुर होती हैं, उतनी ही अधिक तेज दिमाग की भी होती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जब एक बार यह किसी दुश्मन बैक्टीरिया को पहचान लेती हैं, तो फिर यह उनको नहीं भूलती हैं। हांलाकि यह हर समय हमले के मूड में नहीं रहती हैं। लेकिन जब इनको किसी रोगाणु के हमले पर खास मैसेज मिलता है, तो यह सेल्स एक्टिव हो जाते हैं। एक स्टडी के मुताबिक खास प्रोटीन -1 हमारे शरीर के इम्यून रिस्पॉन्स को बेहतर बनाने का काम करता है। जैसे हमारे शरीर में कोई खतरनाक रोगाणु, बैक्टीरिया या जीवाणु पहुंचता है, तो यह तेजी से एक्टिव हो जाता है। साथ ही यह मैसेज पहुंचाने का जरिया भी बन जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको प्रोटीन से इम्यूनिटी पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि1 प्रोटीन क्या होता है और कैसे काम करता है। इम्यून सिस्टम को कैसे मजबूत किया जाए और खानपान से कैसे हम खुद को बीमारियों से बचा सकते हैं।

जानिए क्या कहती है स्टडी

हमारे शरीर में 1 प्रोटीन पाया जाता है। जो टी सेल्स को एक्टिव करने का काम करता है। यह पूरी तैयारी के साथ बुरे जर्म्स पर हमला करता है। इसके अलावा1 प्रोटीन नाम का हरकारा दुश्मन के बारे में सटीक जानकारी देता है। जोकि शरीर को लड़ाई से बचाने में मददगार होता है। बता दें कि यह हरकारा हाल ही में खोजा गया है।

जानिए इससे क्या फायदा होगा

वैज्ञानिक की मानें, तो खासकर ऑटो इम्यून जैसी बीमारियों में अधिक फायदा होगा। यह एक ऐसी बीमारी है, जो शरीर की रक्षा करने वाले सैनिक अपने ही लोगों पर हमला कर देते हैं। ऐसा इन्हें गलत संदेश मिलने से होता है। हांलाकि अगर आप 1 प्रोटीन नाम के हरकारे को हटा देते हैं, या कमजोर हो जाता है तो ऐसा होना बंद हो जाएगा।

इसके अलावा बीमारियों से भी लड़ने में मदद मिलेगी। बता दें कि दुनिया में दवाइयां पहले दिन से नहीं बनी थीं। बीमारियां पहले भी थी, लेकिन इम्यून सिस्टम इन बीमारियों से हमारी रक्षा करता था। वहीं दवाइयां हमारे शरीर के अच्छे सेल्स को बड़ा नुकसान पहुंचाती है। ऐसे में आप इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत बनाकर शरीर की बीमारियों से रक्षा कर सकते हैं।

खराब इम्यूनिटी के कारण

आज के समय में लोग फिजिकल एक्टिविटी की तरफ कम ध्यान देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़े पर ध्यान दें तो दुनिया भर में 80 फीसदी युवा जरूरत से कम फिजिकल एक्टिविटी करते हैं। जिसके कारण मौत का जोखिम 20 फीसदी तक बढ़ जाता है। क्योंकि इम्यूनिटी को मजबूत करने के लिए फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी होती है। नशे के कारण भी हमारी इम्यूनिटी कमजोर हो रही है। एक रिसर्च के मुताबिक स्मोकिंग इम्यूनिटी पर बुरा असर डालती है और इससे निमोनिया व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। शराब और खराब डाइट भी धीरे-धीरे हमारी रक्षख फौज को कमजोर कर देती है। इससे हार्ट संबंधी बीमारी और डायबिटीज की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। जो इम्यूनिटी को बुरी तरह से प्रभावित करता है। अधिक तलाभुना और अनहेल्दी चीजें खाने से हमारी सेहत खराब होती है। साथ ही यह हमारी गट हेल्थ को भी नुकसान पहुंचाता है। इस तरह के खाने से हेल्दी सेल्स कमजोर हो जाते हैं। इसलिए अपने खानपान पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

अच्छी सेहत की आदतें

हम सभी अच्छी आदतें अपनाकर अच्छी सेहत पा सकते हैं। दुनिया में कई ऐसी कई जगहें हैं, जहां पर 100 साल से ऊपर जी रहे हैं। यहां पर औसत इंसान 90-100 साल तक जीता है। इसके पीछे कुछ अच्छी आदतें होती हैं।

एक्सरसाइज

सप्ताह में कम से कम आधा घंटा पांच दिन कसरत जरूर करना चाहिए। इसके अलावा सुबह-शाम वॉक भी करें। इससे इम्यूनिटी भी बढ़ती है।

मेंटल हेल्थ

अच्छी सेहत में सिर्फ शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक हेल्थ भी जरूरी है। क्योंकि आधा मामला तो स्ट्रेस से ही खराब कर रहा है। ऐसे में मेंटल हेल्थ को सही रखने के लिए हर दिन कम से कम पांच मिनट ध्यान लगाना चाहिए।

अच्छा खानपान

अच्छी सेहत के लिए डाइट का भी अच्छा होना बहुत जरूरी है। इसलिए अपने खानपान को संतुलित बनाए रखें। इसके अलावा अपनी डाइट में बायो फ्लैवोनॉयड, फाइटोकेमिकल, विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट को शामिल करें। यह हमारी इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।

घर का खाना खाने में बच्चा दिखाता है नखरे, तो जरूर फॉलो करें ये टिप्स

बच्चों को जंक फूड खाना बेहद पसंद होता है। लेकिन घर का खाना खाने में बच्चा हजार तरह के बहाने बनाते हैं। ऐसे में पेरेंट्स बच्चों को जबरदस्ती खाना खिलाते हैं। ऐसे में कई बार जबरदस्ती करने पर बच्चा रोने लगता है। लेकिन पेरेंट्स के पास भी अन्य कोई ऑप्शन नहीं था। क्योंकि अगर बच्चे को पोषक तत्वों से भरपूर खाना खिलाना है, तो उन्हें जबरदस्ती करनी पड़ेगी। ऐसे में कई पेरेंट्स के मन में यह सवाल भी आता है कि बच्चा खाना नहीं खा रहा है, तो वह क्या करें। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं। जिनको फॉलो करने से बच्चे जल्दी खाना खत्म कर लेंगे।

अच्छे से परोसें खाना

पेरेंट्स को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आप प्लेट में दाल-चावल, रोटी और सलाद ऐसे ही रखकर देंगे। तो बच्चे को खाने का प्लेट अच्छा नहीं लगेगा। बल्कि इसकी बजाय बच्चे के खाने को कलरफुल बनाने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आप उनकी खाने की प्लेट में अलग-अलग रंगों की सब्जियों का सलाद शामिल करें। आप टमाटर और खीरा को अच्छे से शेप में काटें। जब बच्चों को खाना देखकर अच्छा लगेगा, तो वह बड़े चाव से खाना खत्म कर लेंगे।

बच्चों के साथ मिलकर परोसे खाना

जब भी आप खाना परोसने की तैयारी करें, तो फलों को काटने, सलाद को अरेंज करने आदि में बच्चों को भी शामिल करें। आप सलाद काटने के बाद बच्चों से इसको अरेंज करवा सकते हैं। ऐसे में जब आपका बच्चा खाने की तैयारी में साथ होगा, तो उसको खाने के प्रति लगाव भी होगा। इस कारण वह अधिक खाना खाएगा।

खाने में शामिल करें वैरायटी

आप यदि खाने में वैरायटी को शामिल करेंगे तो इससे बच्चे को अलग-अलग फल और सब्जियों से भरपूर पोषण मिलेगा। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि उनको आयरन, विटामिन के साथ कई अन्य तरह के न्यूट्रिएंट्स से भरपूर खाना दें। अगर आप हर दिन बच्चे को एक जैसा खाना देते हैं, तो वह बोर हो जाएगा। वहीं बदल-बदलकर खाने के आइटम परोसने पर बच्चे के अंदर खाने को लेकर क्रेज दिखेगा और वह बड़े चाव से खाना मिलेगा।

लगातार डेस्क पर बैठे रहकर करते हैं जॉब, तो यह बोतल से की जानी वाली एक्सरसाइज करें

अगर आप ऑफिस में घंटो डेस्क जॉब करने के बाद अधिकतर लोगों को पीठ, कमर और गर्दन में दर्द की समस्या रहती है। दरअसल, ऑफिस में डेस्क जॉब करते हुए लोगों की शारीरिक गतिविधियों में कमी आने लगती है। शरीर में मोटापा बढ़ने लगता है। इसके कारण कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का खतरा अधिक होता है, जबकि जिन लोगों को पहले से ही डायबिटीज या हाई ब्लड प्रेशर होता है, उनके लक्षण मोटोपे का कारण गंभीर रुप ले सकते हैं। इस स्थिति से बचने के लिए आप पानी की बोतल से ऑफिस के छोटे ब्रेक में एक्सरसाइज कर सकते हैं। चलिए आपको इसके फायदे



डेस्क जॉब करने वालों के लिए बोतल से की जाने वाली एक्सरसाइज के फायदे

रीढ़ की हड्डी के एलाइनमेंट को ठीक करें

गलत तरीक से बैठने की वजह से लोगों को पीठ दर्द की समस्या हो सकती है। दरअसल, काम करते समय लोग गलत तरीके से बैठे रहते है। हांलाकि, कुछ दिन बाद यह पीठ और कमर दर्द का कारण बन सकता है। ऐसे में आप पानी की बोतल से एक्सरसाइज कर गलत पोश्चर की वजह से होने वाली समस्या से खुद का बचाव कर सकते हैं। इससे पीठ का पुराना दर्द भी दूर हो जाता है।

कोर मांसपेशियों को करें मजबूत

बॉडी की कोर मांसपेशियों में रीढ़ की हड्डी को सहरा देने और पीठ को सपोर्ट करने का कार्य करती हैं। पानी की बोतल से आप कोर मांसपेशियों को मजबूत बना सकते हैं। इससे पीठ का दर्द कम होता है और कमर दर्द में भी आराम मिलता है।

फ्लैक्सिब्लिटी को बेहतर करें

घंटों सीट में बैठने की वजह से अकड़न की समस्या हो सकती है। ऐसे में आपकी रीढ़ की हड्डी को मुड़ने में दर्द और परेशानी होने लगती है। इस समस्या में आप पानी की बोतल से की जाने वाली एक्सरसाइज कर सकते हैं। इससे शरीर के ऊपरी हिस्से का लचीलापन बेहतर होता है और रीढ़ की हड्डी की फ्लैक्सब्लिटी बेहतर होती है।

इस तरह से करें पानी की बोतल से एक्सरसाइज

- सबसे पहले आप कुर्सी पर बैठे रहे और खाली पानी की बोतल को दाएं हाथ से उठाएं।

- बोतल को घुमाते हुए पीठ के पीछे ले जाएं और बाएं हाथ से इसे पकड़े।

- इसी तरह से बाएं हाथ से बोतल को घुमाते हुए पीठ के पीछे ले जाएं।

- इसके बाद बोतल को दाएं हाथ से पकड़े।

- इसके आप 5 से 7 सेट कर सकते हैं।

- वहीं ये करने से हाथों और पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव आता है।

मेरे पति जेल से बाहर होते तो चुनाव का नजारा कुछ और होता: श्रीकला

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। बसपा प्रत्याशी श्रीकला धनंजय सिंह ने शुक्रवार को पूरे लाव लश्कर और भारी संख्या में पार्टी के नेताओं व समर्थको के साथ जिले में पहुंचकर अपने चुनाव प्रचार का आगाज कर दिया। जनपद सीमा में दाखिल होते ही पार्टी प्रत्याशी का जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया। श्रीकला का कारवां नगर में पहुंचकर जेसिज चौराहे के पास एक मैरेज लॉन में एक जनसभा में तब्दील हो गया। यहां पर पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों ने सभा को सम्बोधित करते हुए लोकसभा उम्मीद्वार श्रीकला को भारी मतो जीताने का आवाह्न किया। सभा के बाद श्रीकला धनंजय सिंह ने एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित किया। उन्होने कहा कि मेरे पति पिछले 25 वर्षो से जनता की सेवा किया हैं वे निःस्वार्थ भाव से गरीबों मजलूमों का वगैर भेदभाव के कार्य करते रहे है। जिसके कारण मुझे इस चुनाव हर वर्ग समुदाय का आर्शीवाद मिलेगा। श्रीकला ने कहा कि हम शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, सड़क पानी के मुद्दे पर चुनाव लड़ रही हूं। यही उद्देश्य मेरे पति धनंजय सिंह और ससुर राजदेव सिंह का रहा है। आज भी मैं पूरे परिवार के साथ गांव में ही रहूती हूं मुझे अच्छी तरह से जनता का दुःख दर्द पता है। हमारे के घर के दरवाजे हमेशा जनता के लिए खुले रहते है। श्रीकला ने बताया कि मैं मैजूदा समय में जिला पंचायत की अध्यक्ष हूं मै इस पद रहते हुए जिले का विकास कर रही हूं। उन्होने कहा कि जब मैं चुनाव प्रचार में एक गांव में गयी थी उस गांव में पिछले 40 वर्षो से सड़क ही नही था महिलाओं ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को डिलेवरी के लिए अस्पताल ले जाने में काफी परेशानी होती है। मै चुनाव जीतने के बाद पहले उस गांव की रोड बनवायी है साथ पूरे जिलें में सड़क नाली पीने के पानी लाइट समेत अन्य विकास कार्य प्राथमिकता पर कर रही हूं। श्रीकला इस दरम्यान भावुक होते हुए कहा कि यदि मेरे पति जेल से बाहर होते तो चुनाव का नजारा कुछ और होता। फिलहाल जनता मुझे अपना आर्शीवाद देगी जिसका पता चार जून को चुनाव परिणाम के बाद सामने आयेगा। इस मौके पर बसपा के वराणसी मण्डल प्रभारी बुझारत राजभर,अमरजीत गौतम, रामफेर गौतम अजय कुमार भारतीय, पूर्व एमएलसी प्रभावती पाल, विरेन्द कुमार चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश टण्डन, बरिष्ठ बसपा नेता डा0 लालबहादुर सिध्दार्थ, जिला प्रभारी ओमप्रकाश गौतम, शोभनाथ चौधरी, जिलाध्यक्ष संग्राम भारतीय समेत भारी संख्या में बसपा के नेता कार्यकर्ता और श्रीकला धनंजय सिंह के समर्थक मौजूद रहे।

नीरज त्रिपाठी को घेरने के लिए कांग्रेस ने बिछाई बिसात

प्रयागराज। प्रयागराज की इलाहबाद लोक सभा सीट के लिए चुनाव दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा ने अपने कद्दावर नेता केशरी नाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को यहां से उतारा जिनका यह पहला चुनाव है। सियासी जोड़तोड़ से अंजान नीरज को घेरने के लिए इंडी गठबंधन ने पूरी ताकत झोंक दी है। इंडी गठबंधन से कांग्रेस के उज्ज्वल रमण यहां चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे उज्जवल रमण का इस क्षेत्र से यह चौथा चुनाव है। जिसमे वह दो बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। उज्ज्वल के पिता रेवती रमण सिंह खुद यहां से दो बार लोक सभा के लिए निर्वाचित हुए हैं। लेकिन रेवती भूमिहार बिरादरी से है। जबकि यह सीट ब्राह्मण वोटर्स बाहुल्य सीट है। ब्राह्मण वोटर्स को रिझाने के लिए कांग्रेस के सीनियर लीडर प्रमोद तिवारी ने अब यहां से मोर्चा संभाला है। प्रमोद तिवारी ने उज्ज्वल रमण से मुलाकात कर ब्राह्मण वोटर्स के लिए बड़ा संदेश दिया है।

आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ना ही योग है: मनोरमा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में धन देवी माता जी की प्रथम पुण्यतिथि शांति सद्भावना, वसुधैव कुटुंबकम के साथ मनाई गई। उपस्थित लोगों ने माता धन देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही उनके बताए हुए रास्ते व विचारों पर चलने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान प्रयागराज संस्था की संचालिका बीके मनोरमा दीदी ने कहा कि आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ने के लिए पहले स्वयं की व परमात्मा की पहचान जरुरी है। परमात्मा सर्वशक्तिमान होने के साथ सभी शक्तियों का स्रोत है। आत्मा का संबंध परमात्मा से जुड़ने पर शांति व शक्ति प्राप्त होती है। इसकी आवश्यकता वर्तमान में सभी को है। यही आत्मा का संबंध परमात्मा से जोड़ना ही योग है। विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी कहा कि श्रेष्ठता को जीवन में सदैव अपनाना चाहिए। ब्रह्माकुमारी में आने पर मन में एक अलग ही शांति मिलती है। विशिष्ट अतिथि आलोक गुप्ता पिंटू ने कहा कि माताजी 32 वर्षो से आध्यात्मिक ज्ञान को अपने जीवन में पिरोने वाली, सदैव कटनी करनी को एक करने वाली उदाहरण की प्रतिमूर्ति थी। संचालिका अनीता दीदी ने कहा कि माता धन देवी जीवन की विशेषताएं बताती है उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम दीपा बहन ने किया। इस अवसर पर बिंदु दीदी, विजय भाई, रजनी बहन खुशबू बहन, ज्योति, ममता, शोभा, पंकज व भाई आदि लोग उपस्थित रहे।

पृथ्वी के उदय एवं विकास पर वृहद मनन

- पृथ्वी दिवस पर जगत तारन गर्ल्स पीजी कॉलेज में विशिष्ट व्याख्यान

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स पी जी कॉलेज के भूगोल एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे पृथ्वी दिवस के पूर्व संध्या पर %पृथ्वी की उत्पत्ति के बारे में हमारी समझ को आकार देने वाली हालिया खोज और घटनाएँ% पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुपम पांडेय रहे। उन्होंने अपने संबोधन में सारगर्भित रूप से अल्बर्ट आईस्टीन के द्रव्यमान- ऊर्जा समतुल्यता सिद्धान्त, स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग और ब्लैक होल सिद्धान्त एवं गॉड पार्टिकल प्रयोग के विभिन्न आयामों के सहायता से हमारी पृथ्वी के उदय एवं विकाश को विशाल ब्रह्मांड के परिपेक्ष्य में समझाया। प्रो अनुपम पांडेय ने प्राचार्या को पुस्तकालय के लिए स्टीफन हॉकिंग की एक पुस्तक भी भेंट की।

संचालन भूगोल विभाग की संयोजिका डॉ अर्चना पॉल ने किया। मुख्य वक्ता का परिचय डॉ दर्शन कुमार झा तथा स्वागत प्राचार्या प्रो आशिमा घोष ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की संयोजिका डॉ शिखा दीक्षित ने किया।

इस अवसर पर डॉ रीना यादव, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, सुश्री भावना शर्मा, श्रीमती प्रीति राय आदि उपस्थित रहे। प्रस्तुत व्याख्यान में बड़ी संख्या में भूगोल एवम अर्थशास्त्र के स्नातकोत्तर छात्राएं एवं शोध छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया।

कछार में मजदूर का मिला शव, इलाके में सनसनी

प्रयागराज। कोतवाली नैनी के महेवा स्थित विद्यापीठ स्कूल के पास कछार में एक बालू मजदूर की लाश मिली। इससे हड़कम मच गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महेवा स्थित विद्यापीठ स्कूल के पास युवक की लाश लोगों ने देखी तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते लोगों की वहां भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी वहां पहुंची और छानबीन शुरू की। मृतक की पहचान मिर्जापुर के विंध्यांचल थानांतर्गत नौगांव निवासी प्रदीप निषाद (30) पुत्र कमलेश के रूप में हुई। वह महेवा मे रहकर नाव से बालू निकालने का काम करता था। बताया जाता है कि मृतक को मारा पीटा गया था। पुलिस ने मौके की औपचारिकताएं पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गेंहू की खरीद के लिए किसान के द्वार पहुंच रही है सरकार

- प्रयागराज में बनाए गए 293 गेहूं क्रय केंद्र , पिछले साल से 5 गुना हुई खरीद
- 150 प्रति क्विंटल बढ़ाया गया गेहूं का समर्थन मूल्य

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिले प्रदेश सरकार इसके लिए निरंतर प्रयास कर रही है। प्रदेश सरकार किसानों की फसल का उचित मूल्य तय करने के बाद इस बार किसानों के घर से ही उनकी फसलों की खरीद भी कर रही है। इससे किसान एक तरफ जहां बिचौलियों के चंगुल में नहीं फस रहे हैं तो वहीं उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा भी बच रहा है।

किसानों को सहूलियत देने और उनका ट्रांसपोर्ट का खर्चा कम करने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने गेहूं क्रय नीति में कई बदलाव किए हैं जिसके बेहतर नतीजे सामने आए हैं। सरकार ने गेहूं की खरीदारी बढ़ाने के लिए इस वर्ष क्रय केंद्रों के साथ ही मोबाइल क्रय केंद्र की व्यवस्था की है। प्रयागराज के संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम बताते हैं कि सरकार के निर्देश पर इस बार गेहूं की खरीद उनके घरों से ही की जा रही है। जनपद में अब तक की गई गेहूं की कुल खरीद का 60 फीसदी किसानों के घर से मोबाइल वैन के जरिए की है। कई मोबाइल वैन इसके लिए पूरे दिन इलाके में भेजी जा रही हैं। सरकार ने जिले में 293 गेहूं क्रय केंद्र बनाए हैं। इसके लिए 9 एजेंसियां लगाई गई हैं।

संभागीय खाद्य विपणन नियंत्रक बीसी गौतम के मुताबिक विपणन विभाग के अधिकारी गेहूं क्रय केंद्रों के साथ ही गांवों में जाकर किसानों का रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। सरकार की तरफ से इस बार जनपद में 3 लाख 54 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा गया है जबकि पिछली बार तीन लाख दो हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य था। मार्च से अब तक 6 हजार 526 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है। जो पिछले साल इसी महीने हुई खरीद का 5 गुना है। निर्धारित लक्ष्य पूरा करने के लिए सभी क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं और निरंतर इसकी मॉनिटरिंग हो रही है।

प्रदेश की योगी सरकार ने इस बार 2275 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। यह पिछले साल की तुलना में 150 रुपये ज्यादा है। पिछली बार समर्थन मूल्य 2125 रुपये था। निर्देश जारी हुए हैं कि किसानों से खरीद के 48 घंटे के अंदर उनके आधार से जुड़े खाते में भुगतान कर दिया जाएगा। इस साल 100 कुंतल तक गेहूं विक्रय के लिए सत्यापन से छूट दी गई है। क्रय केंद्रों पर प्रति कुंतल 20 रुपये तौलाई के पैसे भी अब किसानों को वापस कर दिए जाएंगे। गेहूं के प्रति कुंतल 2275 रुपये के साथ ही तौलाई की रकम भी किसान के खाते में भेज दी जा रही है।

किसी भी समस्या के समाधान हेतु विभाग ने टोल फ्री नंबर 18001800150 जारी किया है। जिससे किसान जिला खाद्य विपणन अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

भाजपा का बूथ विजय अभियान का मंत्र बूथ जीता चुनाव जीता- राजेश केसरवानी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज संगठन ने जिले के लोकसभा फूलपुर एवं इलाहाबाद की दोनों सीटो पर प्रचंड बहुमत के साथ जीतने की मजबूत तैयारी की है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया भारतीय जनता पार्टी बूथो पर बूथ विजय अभियान के अंतर्गत बूथ जीता चुनाव जीता विजय मंत्र को लेकर पूरी तरह से सजग है और एक लंबी फौज का निर्माण किया है जो विरोधियों को बूथो पर ही धराशाही कर देंगे। भाजपा ने इसके लिए प्रत्येक बूथों पर 20 यूथ और बूथ की मैपिंग कर बेहतर ग्रेडिंग करने की मजबूत किला बंदी की है। इसके लिए इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के कुल 1811 और फूलपुर संसदीय क्षेत्र के कुल 2058 बूथो पर लगभग 18 से 20 पन्ना प्रभारियों की नियुक्त किया गया है। जिसका संचालन बूथ के त्रिदेव करेंगे जो बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी और संगठन के द्वारा निर्धारित बीएलए होगें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा प्रत्येक शक्ति केंद्रों में एवं प्रमुख चौराहों एवं ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में नुक्कड़ सभा की तैयारी की जा रही है। जिसमें प्रशिक्षित वक्ता डबल इंजन की सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालेंगे और विपक्ष पर हमला बोलेंगे। कहा कि इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी वक्ताओं का, सोशल मीडिया आईटी विभाग का कार्यशाला, की वोटर सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन, बूथ सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन, नुक्कड़ रैली, नुक्कड़ नाटक, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित ,अनुसूचित जनजाति, युवा, नारी शक्ति वंदन महिला, सम्मेलन एवं बड़े नेताओं की बड़ी जनसभा एवं रैली की तैयारी कर रही है।

नॉर्दन एवं फाफामऊ गोलरहित मैच ड्रा

- वीबीपीएस को पूर्ण अंक, गोल अन्डर 14 फुटबॉल प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। नॉर्दन फुटबॉल अकादमी के तत्वाधान में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल झलवा के फुटबॉल मैदान पर आज ÷गोल÷ फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर-14 बालक वर्ग के दूसरे मैच में नॉर्दन फुटबॉल अकादमी एवं फाफामऊ बॉयज को एक कड़े मुकाबले का मैच गोल रहित बराबरी पर छूटा।

अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक इंद्रनील घोष के अनुसार दोनों टीमों को एक एक अंक प्राप्त हुए जबकि दिन के दूसरे मैच में विष्णु भगवान ने नैनी बॉयज को 1-0 से हराकर लीग मैच में पूर्ण अंक प्राप्त किये। आयुष प्रजापति के पास पर स्वास्तिक ने यह गोल किया। प्लेयर ऑफ़ द मैच का पुरस्कार अमन एवं स्वास्तिक को मिला।

भानु प्रताप और फाफामऊ क्लब को मिली जीत

- संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। भानु प्रताप सिंह क्लब ने श्री सहायक क्लब को सात विकेट और फाफामऊ क्लब ने रिजवी एजुकेशनल ग्रुप को छह विकेट से हराकर संतोष दीक्षित मेमोरियल टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किए।

दौलत हुसैन मैदान पर शुक्रवार को खेले गए पहले मैच में श्री सहायक क्लब में टॉस जीतकर 16.1 ओवर में 139 रन (वर्तुल शुक्ला 36, बालकेश कुमार 28, निखिल शर्मा 20, अमन मिश्र 3/09, दिव्यांश यादव 2/07, सुब्रत प्रसाद तिवारी 2/27, अक्ष श्रीवास्तव 2/34) बनाए जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब ने 14.3 ओवर में तीन विकेट पर 145 रन (राहुल निषाद 46, नाबाद शुभम गुप्ता 46, अखिल कुमार कश्यप 28, बालकेश कुमार गुलशन वर्मा व अश्वनी तिवारी एक-एक विकेट) बना लिए राहुल को रेलवे के पूर्व क्रिकेटर शैलेंद्र श्रीवास्तव ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

दूसरे मैच में रिजवी एजुकेशनल ग्रुप में 14.4 में 82 रन (विवेक कुमार 18 रोशन सिंह 16, अश्वनी दुबे 3/18, ध्रुव प्रताप सिंह 3/25, प्रियांशु यादव 2/06) बनाए। जवाब में फाफामऊ क्लब ने 7 ओवर में चार विकेट पर 85 रन (अनुज सिंह परिहार 21 नाबाद, यादवेंद्र सिंह 19 नाबाद, जहुरुल 2/23, रवि भारती 2/30) बना लिए। ध्रुव प्रताप सिंह को पूर्व विजी ट्रॉफी क्रिकेटर एवं उत्तर प्रदेश अंडर-14 क्रिकेट टीम के मैनेजर मोहम्मद राशिद ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। प्रतियोगिता में कल दौलत हुसैन कॉलेज का मुकाबला भानु प्रताप सिंह क्लब से होगा।

पालिकाध्यक्ष मुबारकपुर के खिलाफ कारण बताओ नोटिस

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। नगर पालिका अध्यक्ष मुबारकपुर डाक्टर सबा शमीम के खिलाफ उत्तर प्रदेश शासन से कारण बताओ नोटिस जारी होने तथा वित्तीय अधिकार सीज करने पर वृहस्पतिवार को बागी सभासदों ने पटाखे फोड़े मिठाई बांटकर जश्न मनाया और अपनी जीत को लेकर माला पहनाकर एक दूसरे से खुशी का इजहार किया। मुबारकपुर में पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम व पिता पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम की मनमानी व अनियमिताओं के खिलाफ लामबंद होकर 16 सभासदों ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था।और विकास कार्य में पूरी शिथिलता बरतने का आरोप लगाया था। जिसकी जांच टीम गठित कर कराई थी।जांच में दोषी पाए जाने पर अधिकारियों ने शासन को रिपोर्ट सौंपी थी। उत्तर प्रदेश शासन ने कार्रवाई करते हुए पालिकाध्यक्ष मुबारकपुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिससे बागी सभासदों में खुशी है। मुबारकपुर नगर पालिकाध्यक्ष डाक्टर सबा शमीम के खिलाफ शिकायतों के आधार जिलाधिकारी आजमगढ़ ने विभिन्न टीम गठित कर जांच कराई थी। जांच आख्या शासन को विगत माह फरवरी के महीने भेजा गया था।जिसमे आठ आरोप लगाया गया था। आरोप सही पाए जाने पर उतर प्रदेश शासन ने पालिकाध्यक्ष मुबारकपुर को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए वित्तीय अधिकार को सीज कर दिया है। शासन के इस करवाई से पालिकाध्यक्ष के बागी सभासदों में खुशी का माहौल नगर पालिका कार्यालय के सामने बागी सभासदों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई और पठाखे भी फोड़े पालिकाध्यक्ष मुबारकपुर डाक्टर सबा शमीम व पिता पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम अहमद की मनमानी के खिलाफ लामबंद होकर 16 सभासदों ने जिलाधिकारी को जांच करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था साथ ही शासन को भी ज्ञापन भेजा था। जिलाधिकारी आजमगढ़ ने टीम बनाकर जांच कराई जिसकी आख्य शासन को भेजी। शासन ने उसका संज्ञान लेते हुए दोषी पाए जाने पर मुबारकपुर पालिकाध्यक्ष के खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी विनय मिश्र ने बताया कि कार्यालय में इस आसय का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। सोशल मीडिया पर पत्र वायरल यह जानकारी मिली है। खुशी मनाने वालों सभासद मोहम्मद नाजिर, इरशाद अहमद, इरफान अहमद उर्फगुड्डू, सुहेल अहमद, बेलाल हासिम, नुरुलहुदा, बसीर अहमद, तनवीर अहमद, अरविंद कुमार, नईमुद्दीन, डाक्टर फैजूरहमान, मुन्ना आदी शामिल हैं।

मतदान से पहले 7000 लोग किए गए पाबंद

- 32000 लाइसेंसी असलहे जमा

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। लोकसभा चुनाव में पहले चरण की वोटिंग समाप्त हो चुकी है। प्रयागराज में छठें चरण में मतदान होना है। मतदान से पहले कमिश्नट्रेट पुलिस ने अपनी कार्रवाई में तेजी लाना शुरू कर दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शांति भंग में चालान की बड़ी कार्रवाई जिले में हुई है। शहर में करीब 7 हजार लोगों को पाबंद किया गया है। इसके साथ-साथ पुलिस के रिकॉर्ड, सूचना संकलन के जरिए ऐसे लोगों को चिन्हित किया गया है जिनसे मतदान के दौरान किसी प्रकार की दिक्कत हो सकती है। देहात क्षेत्र में यह कार्रवाई काफी तेजी से चल रही है। ताकि माहौल बिगाड़ने वाले लोगों पर निगरानी रखने के साथ कार्रवाई की जा सके। शहर में विभिन्न थाने में 7000 लोगों को पाबंद किया गया है। उनमें से 4600 लोग करीब अपनी जमानत भी करा चुके हैं। मतलब वह जिला मजिस्ट्रेट के यहां पेश होकर हलफनामा दे चुके हैं, कि अब वह शरीफ नागरिक है। बहुत सारे ऐसे लोग भी हैं जिन्हे मुचलके पर छोड़ा गया है। इसके साथ 73 लोगों को गुंडा एक्ट के तहत नोटिस भेजी जा चुकी है। जिसमें 33 लोग ऐसे हैं, जो माफिया गैंग से जुड़े हैं या फिर अतीक-अशरफ के करीबी है। लोकसभा चुनाव में लाइसेंसी असलहों को जमा करने की प्रक्रिया भी तेजी से की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड में अब तक 42000 लाइसेंस है। सभी असलहों को जमा कराए जाने का सिलसिला शुरू कर दिया गया है। अब तक जिले में 32000 असलहे जमा किए जा चुके हैं। बहुत से लोगों ने असलहों को न जमा करने के कारण प्रार्थना पत्र लगाए हैं। कई मामले में कोर्ट तक पहुंचे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर असलहा न जमा करने की छूट दी गई है।

लोकसभा चुनाव में सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। इसको लेकर पुलिस टीम काफी सक्रिय है। पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा ने इसके लिए आईटी सेल की तीन टीमों का गठन किया है। यह टीम जिले भर में सोशल मीडिया की गतिविधियों पर निगाह रख रही है। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स समेत अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी या फिर पुराने वीडियो ऑडियो, फोटो अपलोड करने वालों या धार्मिक टिप्पणी करने वालों, गलत प्रचार करने वालों के खिलाफ निगरानी की जा रही है। आईटी एक्ट के तहत पिछले 3 महीने में 88 लोगों के खिलाफ मुकदमा की भी दर्ज किया जा चुका है।

एक साथ छह गांव में लगी भीषण आग लाखों का नुकसान

आजमगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत भूलंनडीह ताल से लगी आग जो कई गांव में पछुआ हवा के चलते जलते हुए पकड़ी चली गई और बुझने का नाम नहीं ली क्यों खेतों में पड़ी पलारी आग को जलने में काफी सहयोग दे रही है इस समय के घर सामान पैसे रुपए एवं गेहूं की खड़ी फसल वह बोझ पड़े हुए गेहूं के सब जलकर खाक हो गए चारों तरफ हाहाकार चीत्कार मची हुई है बताते चले की भुलंडीह ताल में मशीन से भूसा बना रहे इस्माइल अंसारी के ट्रैक्टर द्वारा मशीन से भूसा बनाया जा रहा था सुशील विश्वकर्मा पुत्र डॉक्टर चंद्रमणि विश्वकर्मा के खेत में भूसा बनाने का कार्य हो रहा था तभी भूसे के मशीन में पत्थर जाने के कारण चिंगारी निकली और भूसा मशीन तथा खेत में आग लग गई भूलनडीह ताल के पास से आग लगी क्रमशः कोहरौली राजगंज सीसरेड़ी पिछौरा कुंभ गांव तक आग की लपटे पहुंच गई।

शैलजा का स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में चयन

प्रयागराज। ईगल आई शूटिंग स्पोर्ट्स अकादमी की प्रशिक्षु शैलजा यादव का चयन शूटिंग स्पोर्ट्स कोटे से आर्मी में हुआ है। आर्मी मार्क्समेनशिप यूनिट इन्फैंट्री स्कूल महू में हुये चयन ट्रायल में शैलजा तीसरे स्थान पर रही थीं। अकादमी के पिस्टल कोच विजय चंदेल व राइफल कोच फरीद सिद्दीकी ने बताया कि शैलजा विगत दो वर्षों से शूटिंग की अभ्यास कर रही है और इतने कम समय में यह मुकाम हासिल कर लिया है। शैलजा का चयन भोपाल में 22 से 24 अप्रैल तक होने वाले इण्डियन टीम के ट्रायल के लिये भी हुआ है। परिवार व अकादमी में खुशी की लहर तब दौड पड़ी जब आर्मी से सेलेक्शन लेटर घर पहुंचा। शैलजा के पिता विजली विभाग मे एसडीओ और मां गृहणी है। शैलजा तीन बहने हैं, जिसमें से दो निशानेबाजी का अभ्यास करती है।

आजमगढ़ साहित्य महोत्सव में नवांकुरों को मिला मंच: प्रो. जूही

- 25 मई को होने वाले मतदान के लिए डॉ. प्रवेश सिंह ने दिलाई शपथ

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय डीएवी कॉलेज के हिंदी विभाग में गत फरवरी माह में सम्पन्न आजमगढ़ साहित्य महोत्सव-2024 में सफल छात्र छात्राओं और महोत्सव की सफलता के सूत्रधारों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजमगढ़ विश्विद्यालय के सांस्कृतिक परिषद की अध्यक्ष प्रो0 जूही शुक्ला, सचिव डॉ0 प्रवेश कुमार सिंह एवं प्रो0 गीता सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह की औपचारिक शुरुआत की। इसके बाद युवा कवि विजयेंद्र श्रीवास्तव 'करुण' ने अपनी कविता प्रस्तुति से गुरु शिष्य परंपरा का काव्यात्मक वर्णन से सबक मन मोह लिया। अपने उद्बोधन में प्रो0 जूही शुक्ला ने मा. जिलाधिकारी आजमगढ़ और महोत्सव के नोडल अपर जिलाधिकारी (वित्तध्राजस्व) को साधुवाद देते हुए कहा कि जनपद के उभरते कलाकारों और साहित्यकारों को इस महोत्सव के माध्यम से एक शानदार मंच मिला। सांस्कृतिक परिषद के सचिव डॉ0 प्रवेश सिंह ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय और जिला प्रशासन की शानदार सोच प्रतिफलित होती दिख रही है और नवोदित साहित्यकारों का एक समूह मिलना इस महोत्सव की बड़ी सफलता है। श्री सिंह ने लोकतंत्र के महासमर में निष्पक्ष और निर्भीक तरीके से शत प्रतिशत मतदान के लिए भी बच्चों को शपथ दिलाई गई और समाज मे मतदान के प्रति जागरूकता के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंत में उदैना अहिरौला पीजी कालेज की छात्रा पूजा तिवारी को प्रथम पुरस्कार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षता प्रो0 गीता सिंह व संचालन ले0 डॉ0 पंकज सिंह ने किया। इस अवसर पर, डॉ0 जयप्रकाश यादव, संजय पांडेय 'सरस', डॉ आशा सिंह, घनश्याम यादव, प्रथमेश तिवारी एवं अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

दुकान से रात में उखाड़ ले गए पानी का नल

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। अहरौला के बस्ती भुजबल बाजार में नहर के दक्षिण साइड चाय और समोसे की दुकान से रात में उचक्कों ने एक पानी की मशीन को खोल ले गए और इस प्रकार की घटना लगभग इस मार्केट में होती रहती है लेकिन अभी तक किसी का खुलासा हो नहीं पाया आज जब सुबह दुकान मालिक नीरज मोदनवाल पुत्र दिनेश मोदनवाल तथा राजेश मोदनवाल सुबह के दुकान पर आते हैं तो पता लगता है की नल किसी ने खोला गया, अब इसकी जानकारी आग की तरह पूरे मार्केट में फैल जाती है, चौक की सबसे बड़ी समस्या यह है कि मात्र वही एक पानी का साधन था गर्मी के इस मौसम में जिस प्रकार से लोग पानी के लिए परेशान है एक दूसरे के आसपास पहुंचने के बाद लोग पानी की तलाश करते हैं ऐसे में इस कड़ाके की धूप और गर्मी में लोग पूरी तरह से व्याकुल लगभग इस नल से दिन भर में 500 लोगों के आसपास इसका उपयोग होता था नीरज ने इसकी जानकारी अभी तक शासन व प्रशासन तक नहीं दी उनका कहना है कि तमाम लोगों के घर चोरियां हुई लेकिन अभी तक किसी का खुलासा नहीं हुआ तो क्या फर्क पड़ता है, हां दुख इस बात का है कि इस महंगाई और गरीबी में आता तो गीला हो ही गया, लेकिन ऐसी दुकान है जो बिना पानी की चल ही नहीं सकती इसलिए मजबूरन नई नल लगानी ही पड़ी ,इस मौके पर दिनेश मोदनवाल,बाबूराम यादव,झिंनक अग्रहरि, पूर्व प्रधान समदी नन्हे यादव, विनोद सिंह, जीवन पांडे आदि लोग।

शेयर बाजार में 4 दिन से जारी गिरावट पर लगा ब्रेक सेंसेक्स-निफ्टी ने निचले स्तर से की शानदार रिकवरी

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने आज निचले स्तर से शानदार वापसी

की। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव के कारण ये गिरावट और बढ़ गई। थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने बाजार पर पूरी तरह से अपना कब्जा कर लिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी ने न केवल हरे निशान में अपनी जगह बनाई, बल्कि जोरदार मजबूती के साथ बंद हुए। आज दिन भर के कारोबार के दौरान सेंसेक्स दिन के निचले स्तर से 1,393 अंक उछल गया। निफ्टी भी इंट्रा-डे में 400 अंक से अधिक की छलांग लगाने में कामयाब रहा। पूरे दिन का कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। रियल्टी, आईटी और पावर सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। सेंसेक्स और निफ्टी में रिकवरी होने के बावजूद ब्रॉडर मार्केट में आज लगातार बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.39 प्रतिशत के गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार चार दिन बाद लौटी मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 60 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 393.49 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 392.89 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 60 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,903 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,723 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,064 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 116 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,206 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 990 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,216 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 21 शेयर बढ़त के साथ और 9 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 489.34 अंक टूट कर 71,999.65 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने की वजह से ये सूचकांक 672.53 अंक की कमजोरी के साथ 71,816.46 अंक के स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार पर अपना कब्जा कर लिया, जिससे इस सूचकांक की स्थिति में सुधार होने लगा। बाजार में लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक निचले स्तर से 1,393.71 अंक उछल कर 721.18 अंक की मजबूती के साथ 73,210.17 अंक के स्तर पर पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 599.34 अंक की तेजी के साथ 73,088.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एयर इंडिया ने तेल अवीव की सभी उड़ानों को 30 अप्रैल तक किया निलंबित

नई दिल्ली (हि.स.)। इजराइल और ईरान के बढ़ते तनाव के मद्देनजर टाटा की अगुवाई वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने तेल अवीव की अपनी सभी उड़ानों को 30 अप्रैल तक निलंबित कर दिया है। एयर इंडिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये इस फैसले की जानकारी सार्वजनिक की है।

एयर इंडिया ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि मध्यपूर्व में उभरती स्थिति को देखते हुए तेल अवीव से आने-जाने वाली उड़ानों को हमने 30 अप्रैल, 2024 तक निलंबित कर दिया है। हम लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। हम अपने उन यात्रियों को सहायता प्रदान कर रहे हैं, जो पहले ही तेल अवीव आने और जाने के लिए बुकिंग करा चुके हैं।

कंपनी ने कहा कि ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे 24/7 संपर्क केंद्र को 011-69329333 या 011-69329999 पर कॉल करें या हमारी

वेबसाइट http://airindia.com पर जाएं। गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय ने भी ईरान और इजराइल के लिए यात्रा से संबंधित एडवाइजरी पहले जारी की थी, जिसमें भारतीयों को सलाह दी गई है कि अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें।

कंपनी ने कहा कि ग्राहकों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारे 24/7 संपर्क केंद्र को 011-69329333 या 011-69329999 पर कॉल करें। गौरतलब है कि विदेश मंत्रालय ने भी ईरान और इजराइल के लिए यात्रा से संबंधित एडवाइजरी पहले जारी की थी, जिसमें भारतीयों को सलाह दी गई है कि अगली सूचना तक ईरान और इजराइल की यात्रा न करें।

क्रिप्टो करेंसी मार्केट में तेजी का रुख, 65 हजार डॉलर के करीब पहुंचा बिटकॉइन

नई दिल्ली (हि.स.)। लगातार दो दिन की गिरावट के बाद क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज तेजी का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से कोई भी आभासी मुद्रा आज रेड जोन में नहीं है। इनमें से 9 क्रिप्टो करेंसी बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि एक क्रिप्टो करेंसी बिना किसी बदलाव के गुरुवार के भाव पर ही कारोबार कर रहा है। आज की तेजी के कारण बिटकॉइन एक बार फिर उछल कर 64 हजार डॉलर के स्तर के पार पहुंच गया है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से शुक्रवार शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 3.41 प्रतिशत की मजबूती के साथ 64,840.39 डॉलर यानी 54.12 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ उछल कर 3,101.11 डॉलर के स्तर पर आ गई थी। बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.05 प्रतिशत, बीएनबी 2.31 प्रतिशत, सोलाना 6.58 प्रतिशत, एक्सआरपी 1.55 प्रतिशत, टॉनकॉइन 13.36 प्रतिशत, डोजेकॉइन 2.58 प्रतिशत और कार्डानो 4.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, यूएसडी कॉइन के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है।

कॉइन मार्केट कैप के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 4.03 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप बढ़ कर 2.36 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 196.98 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में बढ़ोतरी होने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी तेजी आई है। इस अवधि में कुल 11,423 करोड़ डॉलर यानी 9.53 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो एक दिन पहले की तुलना में 4.13 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में तेजी आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.27 प्रतिशत मजबूत हुई है।

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में वर्ष 2025 के लिए दाख़िले की प्रक्रिया शुरु हो रही है

लखनऊ। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलूरु में डेवलपमेंट लीडरशिप कार्यक्रम में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए दाख़िला शुरू कर दिया है। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी ज़रुरी तारीख़ें निम्नलिखित हैं। आवेदन की आख़िरी तारीख़ मई 15, 2024, लिखित असाइनमेंट्स और साक्षात्कार जून जुलाई 2024, कक्षाओं की शुरुआत जनवरी 6, 2025।

यह डिप्लोमा 11 महीने चलेगा। यह एक पार्ट-टाइम डिप्लोमा है। इस डिप्लोमा को कुछ इस तरह से तैयार किया गया है, जिससे इस डिप्लोमा को करने वाले पढ़ाई के साथ-साथ अपना काम और रोज़गार भी जारी रख सकते हैं। यह डिप्लोमा तीन सत्रों में पूरा होगा। इन तीनों सत्रों के दौरान ऑन-कैंपस और ऑनलाइन, इन दोनों तरीकों से पढ़ाया जाएगा।

यह डिप्लोमा विकास के क्षेत्र में मध्यम से वरिष्ठ स्तर पर काम करने वाले लोगों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया है। यह डिप्लोमा उन लोगों के लिए बहुत मददगार होगा, जो पहले भूमिका में हैं या जल्द ही ऐसी भूमिका निभाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इस डिप्लोमा को करने के लिए विकास के क्षेत्र में कम-से-कम आठ वर्ष काम करने का अनुभव ज़रूरी है। गैर-सरकारी संगठनों, सामाजिक आंदोलनों और ज़मीनी स्तर के संगठनों में काम करने वाले लोग भी इसे कर सकते हैं।

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डेवलपमेंट की निदेशक ऋचा गोविल ने कहा है, विकास के क्षेत्र में कई के लोगों के पास में काम करने का कई वर्षों का गहरा अनुभव है। यह लोग अपने करियर के या तो बीच में हैं या वरिष्ठ स्तर काम करक रहे हैं। यह डिप्लोमा उन्हें अपने समृद्ध अनुभवों को एक-दूसरे के साथ बांटने में मदद करता है। प्रतिभागी, अपने समृद्ध अनुभवों को विकास से जुड़ी चिंताओं, विचारों और आगे किए जाने वाले कामों व उनके तरीकों को एक विकसित और गहरी समझ के साथ देख सकते हैं। यह कार्यक्रम उन्हें विकास संगठनों की प्रकृति और उनका नेतृत्व कैसे किया जाना चाहिए, इस बारे में सोचने का भी मौक़ा देता है।

यह डिप्लोमा आपकी दिए गए बिंदुओं पर मदद करेगा. इस डिप्लोमा से विकास के क्षेत्र में इतिहास में प्रक्रियाओं पर आपके दृष्टिकोण को और गहराई मिल सकेगी। इसके अलावा, यह भारत में विकास को आकार देने वाले अनुभवों के प्रति नज़रिए को भी और बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा। इस डिप्लोमा के बाद प्रतिभागी एक नई सोच के साथ अपने काम में योगदान दे पाएंगे। आप समानता, न्याय और स्थिरता को बढ़ावा देने वाले वैकल्पिक विकास के दृष्टिकोण और उसके परिणाम के बारे में सोच पाएँगे। अपने संगठन को समावेशी, सब की ज़रूरतों का ध्यान रखने वाली संस्था, सहयोगात्मक बनाने के लिए नेतृत्व क्षमताओं मज़बूत कर सकते हैं। वित्तीय प्रबंधन, संचार और डेटा विश्लेषण के लिए क्षमताओं को बढ़ाना।

ज़रूरी तारीख़ें

2025 दाख़िले तारीख़ें

आवेदन की आख़िरी तारीख़ मई 15, 2024

लिखित असाइनमेंट्स और साक्षात्कार जून - जुलाई 2024

कक्षाओं की शुरुआत जनवरी 6, 2025

इस कार्यक्रम के लिए आवेदन करने, कार्यक्रम के पाठ्यक्रम, पात्रता और फ़ीस के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट पर जाएँ:

https://azimpremjiuniversity.edu.in/programmes/development-leadership

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बारे में

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय, बेंगलूरु की स्थापना कर्नाटक सरकार के 'अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2010' के तहत की गई है।

प्रायोजक संस्था अज़ीम प्रेमजी फ़ाउण्डेशन ने विश्वविद्यालय को पूरी तरह से परोपकारी और गैर-लाभकारी संस्था के रूप में स्थापित किया है। इस विश्वविद्यालय का स्पष्ट सामाजिक उद्देश्य है - एक न्यायसंगत, समतापूर्ण, मानवीय और सस्टेनेबल समाज के बनाने में योगदान देना।

डाबर ग्लुकोज़ ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन

लखनऊ। डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज़ ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को

एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनर्जाइज़ इंडिया का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज़ ने आज लखनऊ की बीपी हलवासिया मेमोरियल इंडियन पैरा जूडो अकादमी में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस मौके पर श्री दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, श्री मुनव्वर अंजार, महासचिव, उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन, श्रीमती सुषमा अवस्थी-एनआईएस, मुख्य कोच भारतीय जूडो टीम आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। सत्र के दौरान श्रीमती सुषमा अवस्थी ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत ज़रूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं, जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस मौके पर डाबर ने इस एकेडमी के टॉप तीन एथलीट्स कार्तिक मिश्रा, अभिषेक यादव व रोजी को सम्मानित भी किया। डाबर इंडिया लिमिटेड में हेल्थ सप्लीमेन्ट्स के मार्केटिंग हैड श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली (हि.स.)। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर की उछाल के साथ 648.56 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि 12 अप्रैल 2024 को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब डॉलर रहा। इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.51 करोड़ डॉलर घटकर 564.65 अरब डॉलर रह गईं। हालांकि, स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.24 अरब डॉलर बढ़कर 55.79 अरब डॉलर हो गया है।

आरबीआई के मुताबिक 12 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 9.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.08 अरब डॉलर रह गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के पास भारत का आरक्षित जमा 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गया। उल्लेखनीय है कि विदेशी मुद्रा भंडार में सात हफ्ते बाद गिरावट आई है। इससे पिछले हफ्ते 5 अप्रैल को देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.88 अरब डॉलर की उछाल के साथ 648.56 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर था।

विश बैंड के नए सॉन्ग 'गलती' ने पॉप की दुनिया में एक नई क्रांति पेश की

नई दिल्ली। नियमों के अनुपालन की दुनिया में विश. अपने नए सिंगल, गलती में आजाद होकर पॉप संगीत के परिदृश्य में एक नई क्रांति लेकर आई हैं। यह नया इलेक्ट्रिफ़ाइंग ट्रैक सभी युवाओं के लिए निडरता से जीने का मैनिफेस्टो लेकर आया है।

गलती केवल एक गाना ही नहीं, बल्कि एक सोनिक सफर है, जो सामाजिक अपेक्षाओं से बेफिक्र होकरअपने दिल की तानों पर झूमने के लिए आमंत्रित करता है। अपनी आकर्षक बीट्स और आत्मविश्वास से भरे बोलों के साथ यह लोगों को अपनी मौलिकता अपनाने और हर पल का पूरा आनंद लेने की प्रेरणा देता है। इसका वीडियो बहुत आकर्षक है, जिसमें विश गर्ल्स अपने पूरे वैभव में दिख रही हैं। बोल्ड फैशन स्टेटमेंट से लेकर साहसी डांस मूव्स तक, वो हर फ्रेम में आत्मविश्वास और चंचल भावना प्रदर्शित करती हैं। यह व्यक्तित्व का जश्न है, और आत्म-अभिव्यक्ति की शक्ति प्रमाणित करता है। 'गलती' की प्रेरणा कैसे मिली, इस

बारे में विश गर्ल्स ने कहा, हम जिस दुनिया में रहते हैं वहाँ बंधनों को मानने और नियमों का पालन करने के लिए कहा जाता है। 'गलती' इसी भावना के खिलाफ हमारा विद्रोह है। यह हमारी कमियों को स्वीकार करने और गलतियों का जश्न मनाने के बारे में है। इस गीत में स्वतंत्रता की भावना के साथ सहजता और सौहार्द का जश्न मनाया गया है। हम 'गलती' को चुलबुले विद्रोह का प्रतीक बनाना चाहते हैं, जो लोगों को बेझिझक डांस करने और हर पल का जादू महसूस करने की प्रेरणा दे। विश. 22 सालों में भारत का पहला गर्ल्स ग्रुप है, जो सोनी म्यूजिक इंडिया के सहयोग से प्रसिद्ध संगीतकार और निर्माता मिकी मैकक्लेरी द्वारा बनाया गया है। गलती में इस बात पर बल दिया गया है कि सच्ची खुशी तब मिलती है जब आप खुद को वैसे ही स्वीकार करें, जैसे आप हैं, और जीवन को अपनी शर्तों पर जियें। गर्ल्स ग्रुप के दूसरे सिंगल के बारे में मिकी मैकक्लेरी ने कहा, ÷गलती एक मनोरंजक पार्टी गीत है, जिसमें स्वीकार किया गया है कि गलती हम सभी करते हैं। इसमें एक अन्य नए बे म्यूजिक हाउस कलाकार MxRZI ने रैप भी दिया है।

लिवाइस ने डेनिम का न्यू फिट कलेक्शन किया लॉन्च

लखनऊ। लिवाइस ने इस सीजन के लिए नया कलेक्शन भी लॉन्च कर दिया है। ब्रांड के कैंपेन न्यू फिट्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज में ब्रांड एंबेसडर और फैशन आइकन दीपिका पादुकोण को इस न्यू फिट्स में शामिल किया गया है। लूज़ फ़िट्स आपकी स्टाइलिंग को इजी और कंफर्टेबल बनाता है, जो 90 के दशक के स्टाइल से प्रेरित है। चाहे आपकी लो-वेस्ट हो या हाई-वेस्ट, लिवाइस आपके कम्फ़र्टेबल का पूरा ख्याल रखता है। लिवाइस ने फ्लेयर्ड जींस की अपनी रेंज में कई बदलाव किए हैं। फिट्स का रिबकेज फैमिली वास्तव में रिबकेज क्रॉप्ड बूट, रिबकेज वाइड लेग एक अतिरिक्त लेटेस्ट एडिशन रिबकेज बेल, के साथ आती है। जो कि एक सुपर बेल लेग रेंज है, जो आपके कई दिनों तक आराम देती है। एलएस एंड कंपनी, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका के मैनेजिंग डायरेक्टर और एसवीपी अमीषा जैन ने कहा, ÷ लिवाइस हमेशा महिलाओं की जींस में अग्रणी रहा है, जो क्वालिटी और फैशन को एक साथ लेकर आता है। हमारे उपभोक्ताओं के लिए, स्टाइल स्वयं की अभिव्यक्ति और विस्तार है और फिट लुक की यह सीरीज महिलाओं को हर अवसर के लिए वे विकल्प प्रदान करती है जिनकी उन्हें तलाश होती है। न्यू फिट्स, इनफिनिट पॉसिबिलिटीज महिलाओं के लिए इनोवेशन और एक्सपेरिमेंट करने का एक न्योता है। यह कलेक्शन 2,799 रुपये से शुरू होता है और भारत में लिवाइस के सभी स्टोर्स और ऑनलाइन levi.in पर उपलब्ध है।

एमजी मोटर इंडिया ने ग्लॉस्टर के लिए ओनरशिप एक्सपीरियंस कार्यक्रम का किया एलान

लखनऊ। ब्रिटिश ऑटोमोबाइल ब्रांड एमजी ने भारत की पहली ऑटोनोमस प्रीमियम एसयूवी एमजी ग्लोस्टर के लिए एक शानदार ओनरशिप एक्सपीरियंस कार्यक्रम की घोषणा की है नए शुरू किए गए कार्यक्रम का उद्देश्य कार रखरखाव पर शून्य व्यय सुनिश्चित करके अनुभव को और बेहतर बनाना है ताकि कार रखना पूरी तरह से तनावमुक्त अनुभव रहे इस कार्यक्रम के तहत, एमजी मोटर इंडिया ने ग्लोस्टर की कई अचंभित कर देने वाली विशेषताओं को बिक्री के बाद की सेवा के तौर पर पेश किया है।

ऑफ-रोडर एसयूवी एमजी ग्लॉस्टर ने प्रीमियम वाहन सेगमेंट में अपने लिए एक जगह बना ली है अपने बोल्ड डिजाइन, मजबूत निर्माण गुणवत्ता, शानदार सुविधाओं के साथ इसने ग्राहकों का दिल जीत लिया है और इसका मालिक बनने के अनुभव को एक कदम आगे ले गई है एमजी ग्लॉस्टर मालिक अब शून्य सेवा और मरम्मत लागत का आनंद ले सकते हैं।

मिल्कियत के पहले तीन वर्षों के लिए कार चलाने की 45,000 किमी की सीमा तक टूट-फूट का खर्च ग्राहकों की सुविधा के लिए एक नया मानक स्थापित करता है। इस कार्यक्रम के तहत, एमजी मोटर इंडिया वाइपर ब्लेड, इंजन ऑयल, ऑयल फिल्टर, इलेक्ट्रिकल वायरिंग, होसेस, मोटर और ब्रेक पैड जैसी वस्तुओं की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करेगी। रखरखाव की कोई लागत नहीं आएगी। इसके अलावा, एमजी मोटर इंडिया एक और पेशकश कर रहा है वाहन स्वामित्व के तीन साल बाद ग्लोस्टर ग्राहकों को सुनिश्चित बायबैक विकल्प दिया जा रहा है ग्राहक इस 3-वर्षीय कवरेज को 5 वर्ष/75000 किमी तक बढ़ाने के लिए प्लान खरीदने का विकल्प भी चुन सकते हैं एमजी ग्लॉस्टर बिना किसी सेवा लागत के एक पसंदीदा एसयूवी में से एक बन चुकी है।

ग्लॉस्टर 30 से अधिक सुरक्षा सुविधाओं के साथ लक्जरी प्रदान कर रही है। इसमें एक बेजोड़ ड्राइवर थकान रिमाइंडर सिस्टम शामिल है। यह विभिन्न सड़क स्थितियों में यात्रियों के आत्मविश्वास को मजबूत करती है। इसका ड्राइवर असिस्ट सिस्टम डोर ओपन वार्निंग, रियर क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट और लेन चेंज असिस्ट जैसी अग्रणी सुविधाओं से लैस है। यह इस प्रीमियम एसयूवी में बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह 2डब्ल्यूडी और 4डब्ल्यूडी वेरिएंट में उपलब्ध है, जिसमें छह या सात यात्री बैठ सकते हैं। इसका शक्तिशाली 2.0-लीटर डीजल इंजन, जिसमें 158.5 किलोवाट पावर के साथ सेगमेंट का पहला ट्विन-टर्बो वेरिएंट शामिल है।

प्रीमियम फीचर्स के अलावा, एमजी ग्लॉस्टर में सेवन मोड के साथ एक ऑल-टेरेन सिस्टम, एक डुअल पैनोरमिक इलेक्ट्रिक सनरूफ, मसाज और वेंटिलेशन के साथ 12-तरफा पावर-एडजस्टेबल ड्राइवर सीट और वायरलेस चार्जिंग शामिल है ग्लॉस्टर एडीएएस डीओडब्ल्यू, आरसीटीए और एलसीए जैसी नवीन सुविधाओं के साथ सुरक्षा को और बढ़ती है। यह यात्री और सड़क सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को लेकर बेहद सजग है।

एमजी ग्लॉस्टर कार जोशीले लोगों के लिए पसंदीदा विकल्प है। यह एक पूर्ण स्वामित्व पैकेज की पेशकश करती है जो प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में एमजी ग्लॉस्टर की स्थिति को मजबूत करता है। यह उन ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करती है जो असाधारण ड्राइविंग यात्रा के साथ-साथ परेशानी मुक्त ओनरशिप एक्सपीरियंस को भी तरजीह देते हैं।

आरटीआई एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष बने जहांगीर

मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। सूचना का अधिकार कार्यकर्ता ऐसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने कप्तानगंज विकास खंड के मलुकही गांव निवासी इंजीनियर जहांगीर खान को सुचना का अधिकार कार्यकर्ता ऐसोसिएशन का कुशीनगर जिला उपाध्यक्ष बनाया है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि ऐसोसिएशन के नितियों का कुशीनगर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कर आरटीआई कार्यकर्ताओ को अधिक से अधिक सदस्य बनायेंगे। जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ग्राम प्रधान अजीत कुमार सिंह, आयुष कुमार मिश्रा, आफताब आलम खान, अनिल कुमार मिश्र, अरविन्द सिंह, रोहित सिंह, जहीद खान, इरफान खान, कमलेश सिंह, अंगद यादव, मुन्ना गुप्ता, कयामुद्दीन, बजरंगी गुप्ता, राजकुमार गौतम, लौटन प्रसाद आदि ने बधाई दिया है।

पुलिस विभाग में किया गया पोस्टर वितरण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा हीट वेव से बचाव के दृष्टिगत शुक्रवार को जनपद के पुलिस विभाग में हीट वेव जागरूकता अभियान के अन्तर्गत राज्य आपदा प्रबन्धन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गए पोस्टर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक को वितरित किया गया। इस सम्बन्ध में उपलब्ध कराये गये उक्त पोस्टर के माध्यम से जनपद के समस्त पुलिस स्टेशन में कार्यरत ऐसे पुलिस कर्मियों जो कि फील्ड में रहकर धूप आदि में कार्य करते है उनकी जानकारी के लिए व्यापक प्रभावी सिद्ध होंगे। इसके साथ ही साथ पुलिस स्टेशन में आने जाने वाले आमजन सामान्य को भी हीट वेव से बचाव की जानकारी मिल सकेगी।

ईवीएम वीवीपैट मशीनों का हुआ प्रथम रेंडमाइजेशन

अमेठी अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में ईवीएम वीवीपैट मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया रेंडमाइजेशन के उपरांत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ चुनाव प्रक्रिया के संबंध में चर्चा की गई। जिसमें निर्वाचन को लेकर की गई तैयारी राजनीतिक दलों द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की अनुमति के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एडीएम वित्त व राजस्व अर्पित गुप्ता अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र जिलाध्यक्ष कांग्रेस प्रदीप सिंघल सहित अन्य अधिकारी तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मतदान केंद्रों पर किया गया डोर टू डोर जनसंपर्क

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज पथरदेवा विधानसभा के अंतर्गत रामपुर अवस्थी ग्राम में खंड शिक्षा अधिकारी पथरदेवा गोपाल मिश्र ने जनसंपर्क कर लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जांचने, न होने की स्थिति में जुड़वाने तथा एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने को कहा। पथरदेवा ब्लॉक के स्वीप नोडल केशव शाही ने ग्राम सभा मलवाबार में डोर टू डोर जनसंपर्क कर लोगों को बढ़ चढ़ कर मतदान करने की अपील की। ग्राम सभा मुंडेरा और अराजी जागु टोला में बीएलओ अभिषेक पांडेय ने ग्राम वासियों से संपर्क कर उन्हें एक जून को अवश्य मतदान करने की बात कही। रामपुर कारखाना विधान सभा में ग्राम सभा आमघाट में ज्ञानेश यादव ने ग्राम वासियों से जनसंपर्क कर उन्हें मतदान की महत्ता के बारे में बताया तथा बिना किसी भय, लोभ या प्रलोभन के निर्भीक होकर एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

देवरिया अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यकक्ष में सदर ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय परसिया मिस्कारी के प्रभारी प्रधानाध्यापिका अंकिता सिंह, सहायक अध्यापक सुधांशु कुमार राय एवं भलुअनी ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत ऊंच प्राथमिक विद्यालय गढ़वा के प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनिता मिश्र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा गत 13 अप्रैल को विधान सभा क्षेत्र-बरहज के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थल सं0 159 उच्च प्राथमिक विद्यालय गढ़वा न्याय पंचायत मिश्रौली उर्फ तरौली, विकास खण्ड-भलुअनी के विद्यालय पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका द्वारा चुनाव आयोग के निर्धारित मानक का अनुपालन करते हुए आदर्श एवं सराहनीय कार्य किया जाना पाया गया।

महिला की हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- ईट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर से महिला का था अवैध संबंध
- साथ रहने की जिद पर कर दिया था हत्या

फाजिलनगर, कुशीनगर। चौराखास पुलिस ने लगभग एक सप्ताह पूर्व हुए हत्या की घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया, जहां से तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

घटना की जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जीतेंद्र कुमार कालरा ने बताया कि बीते शनिवार को थाना क्षेत्र के उस्मानपुर गांव के नहर में एक महिला का शव मिला था। शव का शिनाख्त कराने के उपरान्त पीएम के लिए लिए भेज दिया गया था। जिसमें महिला की मृत्यु का कारण सिर में चोट लगने होने की पुष्टि हुई है। इसके बाद महिला के बेटे ने पुलिस को तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए छः अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दिया था। पुलिस जांच में यह तथ्य उभरकर सामने आया कि महिला का एक ईंट भट्ठे पर काम करने वाला हाथरस जिले के थाना हसायन ग्राम सिहुरी निवासी रवि रावल पुत्र मान सिंह से अवैध सम्बन्ध था और वह उसके साथ रहने की जिद्द कर रही थी। शुक्रवार शाम छः बजे रवि अपने साथ काम करने वाले अपने ही गांव के हरी सिंह पुत्र नौबत सिंह तथा चौराखास थाना क्षेत्र के खुशहाल टोला निवासी इसरूल अंसारी पुत्र जलद्दीन अंसारी के साथ उसके घर पहुंचा और उसके बाइक पर बैठाकर बगल के उस्मानपुर स्थित एक खाली मकान में ले गए उसे समझाने की बात किए तो वह साथ रहने की जिद्द करने लगी और बात बढ़ने लगी इसके बाद तीनों ने मिलकर उसके सिर को दीवाल से कई बार लड़ा दिया जिसके बाद वह वहीं गिर गई। इसके बाद तीनों उसके शव को बगल से निकली नहर में उगी झाड़ियों में छिपाकर भाग गए। इन लोगों को लगा कि पुलिस घटना को आत्महत्या मान ली है जिससे तीनों निश्चिंत होकर रहने लगे। लेकिन हत्या का मुकदमा दर्ज होने की जानकारी होने पर तीनों कहीं भागने के फिराक थे कि पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर तीनों को चौरा तिराहे के पास से गिरफ्तार करने में सफल हो गई। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि पकड़े गए तीनों आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। आरोपियों के गिरफ्तारी में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति, उपनिरीक्षक वेदप्रकाश सिंह, रामप्रकट मिश्र, आकाश दीप, प्रशान्त स्वरूप राय, सिपाही नंदकीशोर सिंह, विनय कुमार, महिला सिपाही बिन्दु यादव शामिल थी।

चूल्हे की चिंगारी से लगी आग में दो झोपड़ियां जली

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। पटहेरवा थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत पगरा पड़री छोटी हरिजन बस्ती में लगी आग में दो झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। एक ही व्यक्ति की संपूर्ण गृहस्थी अग्निकांड की भेंट चढ़ गई। प्रधान प्रतिनिधि ने अग्नि पीड़ित परिवार को सहायता प्रदान की तथा हल्का लेखपाल ने अहेतुक सहायता हेतु तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी।

उक्त गांव के डोमा प्रसाद के झोपड़ी के रसोईघर में शुक्रवार को सुबह सात बजे खाना बन रहा था कि चूल्हे से छिटकी चिंगारी से आग लग गई। शोर सुनकर जबतक लोग जुटते आग ने रिहायशी झोपड़ी को भी अपने चपेट में ले लिया।

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन इसके पूर्व दो मोबाइल फोन, चौकी, बिस्तर, पलंग, अनाज आदि जलकर राख हो गए। प्रधान प्रतिनिधि अशोक गोंड ने खाने-पीने की व्यवस्था की वहीं। हल्का लेखपाल खालिद अंसारी ने क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी।

प्रत्याशियों को आपराधिक इतिहास करना होगा सार्वजनिक

अवधनामा ब्यूरो

- साक्ष्य छिपाने पर खारिज हो सकता है नामांकन
- प्रारूप सी-1 भरकर तीन बार विज्ञापन प्रकाशन कराने का है निर्देश

कुशीनगर। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार को अपने आपराधिक इतिहास को अब सार्वजनिक करना होगा। इसके लिए प्रारूप सी-1 भरकर उन्हें तीन बार समाचार पत्रों में प्रकाशित कराना होगा। नामांकन पत्र दाखिल करते समय साक्ष्य छिपाने पर पर्चा भी खारिज किया जा सकता है। ऐसे में उम्मीदवार और राजनीतिक दल इसका शत-प्रतिशत अनुपालन अवश्य करें।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम वैभव मिश्र ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में चुनाव आयोग ने उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास यदि कोई हो तो उन्हें प्रसारित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों की ओर से आपराधिक पृष्ठभूमि के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाया गया है, तो उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित प्रारूप सी-1 में उम्मीदवार चयन से 48 घंटे के भीतर यह प्रकाशित कराना होगा कि आखिर आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले व्यक्ति को उम्मीदवार क्यों चुना गया। प्रकाशन की सूचना ऐसे राजनीतिक दलों को प्रारूप सी-1 में 72 घंटे के भीतर भारत निर्वाचन आयोग को भी प्रेषित किया जाना आवश्यक होगा। राजनीतिक दलों व अभ्यर्थियों के आपराधिक मामलों के प्रचार-प्रसार के लिए उन्हें फॉर्म सी-1 व सी-2 पर राष्ट्रीय व स्थानीय समाचार पत्रों एवं टीवी मीडिया में प्रसारित करवाना होगा।

स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल व संग्रहण स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनाम ब्यूरो

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम व सीडीओ

- मतदान से संबंधित सभी तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने का दिया निर्देश

कुशीनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा ने शुक्रवार दोपहर बाद उदित नारायण इंटर कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज पडरौना में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत बनाए जाने वाले स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल, ईवीएम वीवीपीएटी, सी यू, बी यू मशीनों के संग्रहण स्थल, वाहन पार्किंग, विद्युत, प्रकाश, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

इस क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उदित नारायण इंटर कॉलेज पडरौना में मतदान/मतगणना तथा स्ट्रांग रूम के सम्बंध में चल रही तैयारियों व सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित एआरओ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड एवं प्रांतीय खंड तथा अन्य उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सारी व्यवस्था शांतिपूर्ण सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम, वीवीपीएटी आदि मशीनों के संग्रहण हेतु क्रमवार टेबल विधानसभा वार चिन्हित पर्याप्त स्थल के अनुकूल लग जाने चाहिए तथा मतगणना टेबल एवं पोस्टल बैलेट काउंटिंग टेबल भी चिन्हित स्थल पर लगाने हेतु संबंधित अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया।

उन्होंने निर्देशित करते हुए सभी एआरओ को कहा कि विधानसभा वार काउंटिंग टेबल तथा रिसीविंग काउंटर्स की पूर्व तैयारी कर ले एवं जांच लें कि किसी भी प्रकार की कोई कमी अवशेष ना रहे। एआरओ टेबल विधानसभा वार उचित स्थान पर लगे तथा वाहन पार्किंग के साथ-साथ प्रवेश द्वार, विद्युत प्रकाश, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा तथा अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक को सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी पडरौना व्यास नारायण उमराव, उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह सहित समस्त जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

आसमान चूम रहे सब्जियों के दाम

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। मंहगाई के इस दौर में आम आदमी कराह रहा है। सब्जियों के दाम आसमान चूम रहे हैं महंगाई ने आम आदमी के रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। आम आदमी की थाली से सब्जियां दूर हो रही है।आलू सहित दाल और तिलहन के दाम भी आसमान चूम रहे हैं।

गरीब परिवार की थालियों से सलाद और हरी सब्जियां दूर हो गई हैं। कस्बे से लेकर ग्रामीण आंचल की बाजारों में सब्जियों की खरीदारी करने आये तमाम लोग सब्जी में आलू के दाम सुनकर परेशान देखे गए। बढ़ती मंहगाई के कारण अब गरीबों को आलू-प्याज की सब्जी भी मुश्किल से मिल रही है।

टमाटर, भिंड, कद्दू, परवर, कुंदरू लौकी मिर्च आदि के भाव आसमान चूम रहे है लोग मंहगाई से त्रस्त हैं। आम आदमी की रसोई का बजट बिगड़ गया है ऐसे में लोग व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

फाइटोप्लाज्मा बनता है सैकड़ों पौधों की बीमारियों का कारण : डॉ. स्मृति मल्ल

महायोगी गोरखनाथ विवि के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में वनस्पति विज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डॉ. स्मृति मल्ल ने बताया कि फाइटोप्लाज्मा दुनियाभर में सैकड़ों पौधों की बीमारियों का कारण बनता है। इससे कई फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे भी नष्ट हो रहे हैं। इन पौधों को संरक्षित करने की आवश्यकता है।

डॉ. मल्ल ने कहा कि घास, जड़ी-बूटियों और झाड़ियों से लेकर उच्च पौधों तक फाइटोप्लाज्मा रोगग्रस्त पौधे में अपने अलग-अलग विशिष्ट लक्षणों के लिए जाना जाता है। उन्होंने बताया कि आज फाइटोप्लाज्मा की पहचान के लिए नवीन तकनीकियां आ गई हैं जिन्हें अपनाकर इससे होने वाली बीमारियों से पौधों को बचाया जा सकता है। डॉ. मल्ल ने माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में करियर डेवलपमेंट से जुड़ी जानकारियां भी विद्यार्थियों संग साझा की। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ वक्ता का स्वागत करते हुए संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह ने कहा कि माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में हो रहे कार्यों से अवगत कराने के लिए संकाय छात्रों के लिए नियमित तौर पर मार्गदर्शक कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता प्रशासन डॉ. राजेन्द्र भारती, प्रज्ञा पांडेय, डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सृष्टि यदुवंशी ने किया।

वन्यजीव तस्करों के कब्जे से एसटीएफ ने 676 प्रतिबंधित जीवित तोते किया बरामद

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। तिनकोनिया रेंज के नंदानगर स्थित अंडरपास से 17 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि में वन विभाग व एसटीएफ ने घेराबंदी कर वन्यजीव तस्कर रईस अहमद, मोहम्मद इम्तियाज व मंसूर आलम को गिरफ्तार कर लिया है।

बताते चलें कि रौब दिखाने के लिए वन्यजीव तस्कर रईस अहमद खुद को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का नेता बताता है। रईस के खिलाफ कोतवाली और राजघाट थाने पर कई मुकदमें दर्ज हैं। अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) बार्डर यूनिट गोरखपुर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्रीय वन अधिकारी लव सिंह के नेतृत्व में पहुंची तिनकोनिया रेंज की टीम व एसटीएफ के सदस्यों द्वारा घेराबंदी कर तीन वन्यजीव तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक शमशाद नाम का तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया । पकड़े गए तस्करों के कब्जे से पिंजरे में कैद 676 प्रतिबंधित जीवित तोते रोज़ रिंग पैराकिट (सिटाकुला क्रैमेरी), 13300 (तीन हजार तीन सौ रुपए) रुपए नकदी, तीन मोबाइल फोन व सफेद रंग की एक बोलेरो गाड़ी बरामद किया गया है । उक्त अभियुक्तों को वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की सुसंगत धाराओं में (2, 9,16ख, 39, 48, 49ब, 50, 51 व 57) मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। तस्करों के मुताबिक वे प्रतिबंधित तोतों को गोरखपुर से बिहार बेचने के लिए ले जा रहे थे। तिनकोनिया वन रेंज के उप क्षेत्रीय वनाधिकारी अनिल कुमार सिंह, वन दरोगा अजीत प्रताप सिंह व विजय कुमार शुक्ल तथा वन रक्षक आकाश कुमार व सुनील कुमार ने (तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी कर रहे टीम को देखकर) भाग रहे वन तस्करों को दौड़ा कर पकड़ा लिया।

हर बूथ मजबूत करें कार्यकर्ता : सहजानंद राय

अवधनामा संवाददाता

- विकसित राष्ट्र का निर्माण हमारा संकल्प : शाही
- कार्यकर्ता ही हमारे सिपाही : शशांक

देवरिया। क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय पर संगठन की एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी सहजानंद राय ने कहा कि आसन्न लोकसभा चुनाव में जो भी अभियान या कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे उनमें उनमें सभी कार्यकर्ताओं को बढ़ चढ़ कर भाग लेना है। बूथ स्तर पर पन्ना प्रमुखों का सत्यापन करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों से संपर्क करें। बूथ समिति के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए घर घर जाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो सके इसका प्रयास सबको करना है।

बैठक को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा सरकार में जो विकास के कार्य हुए हैं उनसे जनता में ये संदेश गया है कि मोदी है तो मुमकिन है और मोदी के ऊपर लोगों का भरोसा है उन्होंने कहा कि अगर 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है तो नरेंद्र मोदी को पुनः देश का प्रधानमंत्री बनाना होगा। देवरिया सदर से लोकसभा के प्रत्याशी शशांक मणि ने सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ता ही पार्टी के सिपाही हैं और स्वयं को प्रत्याशी समझकर आप सभी को चुनाव लड़ना है। हर घर और हर मतदाता के पास जाना होगा कोई भी छूटने न पाए इस बात का ध्यान हमे रखना होगा। बैठक के प्रथम सत्र में सभी जनप्रतिनिधियों, पूर्व और वर्तमान पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई । दूसरे सत्र तथा तीसरे सत्र में मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी तथा मंडल में निवास करने वाले जिले और प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की बैठक हुई । तीन स्तरों में हुई इस बैठक में संगठन के विभिन्न चुनावी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया । बैठक को जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिला प्रभारी संतराज यादव, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, एम एल सी डा रतनपाल सिंह, सुरेंद्र कुशवाहा, जयप्रकाश शाही ने भी बैठक को संबोधित किया, इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, अंतर्यामी सिंह, प्रेमचंद मिश्रा, सी पी सिंह विजय बहादुर दुबे, राजेश मिश्रा, श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, रमेश सिंह, अजय शाही सभी मोर्चो के जिलाध्यक्ष, विधानसभाओं के संयोजक और प्रभारी, सहित सभी ब्लाक प्रमुख गण सभी नगर पंचायत अध्यक्ष तथा मंडल अध्यक्ष मंडल, प्रभारी गण उपस्थित रहे।

मास्टर ट्रेनर्स लोकसभा सामान्य निर्वाचन की महत्वपूर्ण कड़ी : डीएम

अवधनामा संवाददाता

अमेठी । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को पारदर्शी निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मास्टर ट्रेनरों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सीनियर मास्टर ट्रेनर देवेश शर्मा संजय श्रीवास्तव संजय वर्मा मोहम्मद असलम मोहम्मद फैजान तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण अजय सिंह के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट ईवीएम वीवीपैट की पूरी जानकारी उसमें आने वाले एरर तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों को मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी प्रथम द्वितीय व तृतीय के कार्यों एवं दायित्व के बारे में बताया गया।

डीएम ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज अपराह्न भाटपाररानी विधानसभा क्षेत्र के लगभग 13 मतदान केंद्रों में स्थित 24 बूथों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने सभी मतदान केंद्रों को निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप वोटर फ्रेंडली बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। नागरिकों के पास चुनाव के जरिये अपने पसंदीदा व्यक्ति को प्रतिनिधि के रूप में चुनने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि आगामी एक जून को होने वाले मतदान में सभी मतदाता बढ़चढ़ कर हिस्सा लें और जनपद का नाम सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले जनपदों में शामिल कराएं। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों एवं उनके प्रतिनिधियो को पत्र भी सौंपा और कहा कि गांव के जो भी मतदाता जनपद के बाहर प्रवास कर रहे हैं उन्हें मतदान के लिए आमंत्रित किया जाए। जिस तरह से दीपावली, दशहरा, होली, छठ एवं ईद जैसे पर्वों पर लोग घर आते हैं वैसे ही लोकतंत्र के महापर्व में घर आकर लोग मतदान करें और अपने नागरिक दायित्व का निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने मतदान केंद्र संविलियन विद्यालय भटवाँ पांडेय स्थित बूथ संख्या 192, 193, प्राथमिक विद्यालय खड़ेसर स्थित बूथ संख्या 194, 195, 196, उच्च प्राथमिक विद्यालय रघुनाथपुर में बूथ संख्या 197, 198, 199 और 200, प्राथमिक विद्यालय रुस्तम बहियारी स्थित बूथ संख्या 201, प्राथमिक विद्यालय नोनाड़ पांडेय स्थित बूथ संख्या 204, 205, प्राथमिक विद्यालय सिकरहटा स्थित बूथ संख्या 216 , प्राथमिक विद्यालय बलुआ स्थित बूथ संख्या 217, प्राथमिक विद्यालय छेरिहां स्थित बूथ संख्या 218, 219, बापू इंटरमीडिएट कॉलेज स्थित बूथ संख्या 220,221, 222, 223, प्राथमिक विद्यालय सोहनपुर स्थित बूथ संख्या 224, 225 तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रताप छपरा स्थित बूथ संख्या 226 का निरीक्षण किया।

चहलारीघाट व खैरा बाज़ार में स्थापित एसएसटी बैरियर का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता/निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों के लिए फ्लाईग स्क्रायड दल तथा स्टैटिक सर्विलांस टीमों का गठन किया गया है। जनपद में गठित की गयीं सभी टीमें अधिसूचना के दिनांक से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन की शुचिता को बनाये रखने के लिए गठित टीमें पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अत्यधिक प्रचार खर्चो, घूस की वस्तुओं का नकद या वस्तु के रूप में वितरण, अवैध हथियारों, गोला बारूद, मदिरा या असामाजिक तत्वों आदि की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएंगी। विधानसभा क्षेत्र महसी अन्तर्गत तैनात एफएसटी एवं एसएसटी टीमों की गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने बहराइच-सीतापुर मार्ग पर स्थित चहलारी पुल तथा खैरा बाज़ार में स्थापित किये गये एसएसटी बैरियर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि चेकिंग की कार्यवाही का पूर्ण विवरण पंजिका में दर्ज किया जाय तथा चेंकिंग की कार्यवाही करते समय वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाय तथा आमजन के साथ मित्रवत व्यवहार रखें।

प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मनाली चंद्रा ने संभाला कार्यभार

सुल्तानपुर। शहर के कलेक्ट्रेट स्थित किशोर न्याय बोर्ड में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट मनाली चंद्रा ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वह 2018 बैच की जूनियर जज रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका मूल निवास पड़ोसी जनपद प्रतापगढ़ है। उनकी शैक्षिक योग्यता एलएलएम रही है। इससे पहले उनका प्रथम चार्ज बदायूं जनपद में बतौर सिविल जज जूनियर डिवीजन रहा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) कानून के साथ संघर्ष में बच्चों (जेसीएल) से निपटने के लिए संबंधित प्राधिकरण है। जेसीएल का मतलब एक बच्चा है जिस पर अपराध करने का आरोप है। चंद्रा ने बताया कि 2009में अयोध्या से सुल्तानपुर में किशोर न्याय बोर्ड का कार्यभार देखा जाने लगा।

डीएम ने गेंहू क्रय केन्द्र का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने विकास खण्ड तेजवापुर अन्तर्गत गेहूं क्रय केन्द्र बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लि. ललईबाग का औचक निरीक्षण करते हुए क्रय केन्द्र प्रभारी अमरिका प्रसाद दीक्षित ने बताया कि अब तक ग्राम तेजवापुर के कृषक कुलदीप कुमार से 04 कुण्टल व ग्राम गौरीशंकरपुर रमपुरवा से 79 कुण्टल कुल 02 किसानों से 83 कुण्टल गेहूँ की खरीद की गई है। क्रय केन्द्र पर गेहूँ की कम आवक के बारे में जानकारी प्राप्त करने पर केन्द्र प्रभारी ने बताया कि अभी ज्यादातर खेतों में गेहूँ की फसल खड़ी है। कटान कम होने के कारण आवक कम है। जैसे जैसे कृषकों द्वारा गेहूँ की कटान की जाएगी, केन्द्र पर गेहूँ की आवक बढ़ती रहेगी। डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि क्षेत्र के कृषकों से मोबाइल पर सम्पर्क उन्हें क्रय केन्द्र पर अपनी उपज लाने हेतु प्रेरित करें। निरीक्षण के दौरान डीएम ने क्रय केन्द्र पर उपलब्ध उपकरणों के बारे में भी जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि किसानों के लिए छाया व पेयजल का माकूल बन्दोबस्त रखा जाय।

संक्षिप्त समाचार

चार जून के बाद बनेगी बंधुआ-धम्मौर सड़कः मेनका

सुलतानपुर। लोकसभा चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही जर्जर हो चुकी बंधुआ कला-धम्मौर सड़क के बनाए जाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस संबंध में टेंडर भी जारी हो चुका है। आचार संहिता लागू होने के कारण रोड का निर्माण कार्य नहीं कराया जा सका। टेंडर प्रक्रिया को ऑनलाइन चेक भी किया जा सकता है। यह बातें मेनका गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान बंधुआ कला बाजार में कही। वह यहां एक जनसभा को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार सिंह, एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष नंदलाल पाल, बंधुआ कला प्रधान प्रतिनिधि महताब अहमद, हरखी-दौलतपुर प्रधान प्रदीप अग्रहरि समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

जनपद पहुंचे व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक 2014 बैच के आई.आर.एस. आफिसर टी. सेंथिल मुरूगन जनपद पहुँच गये हैं। व्यय प्रेक्षक का मोबाइल नम्बर 7007768256 है। व्यय प्रेक्षक लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के सूट संख्या 03 में ठहरे हुए हैं। इच्छुक व्यक्ति प्रातः 09:30 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक व्यय प्रेक्षक से मुलाकात कर सकते है। व्यय प्रेक्षक के लाइज़न आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह का मो.न. 7518024026 है।

दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नहीं दाखिल किया नामांकन

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत नामांकन के दूसरे दिन भी 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। जबकि रमेश कुमार बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि, रामरूप पुत्र राम नरायन एवं वृक्षराम पुत्र पूसू द्वारा 01-01 नामांकन सेट प्राप्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि रमेश कुमार बाल्मीकि द्वारा वृहस्पतिवार को भी नामांकन का 01 सेट प्राप्त किया गया था।

राम प्यारे शिव शंकर इण्टर कालेज में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

बहराइच। मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत तहसील महसी के तत्वावधान में राम प्यारे शिव शंकर इण्टर कालेज शिवपुर में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तथा मौजूद लोगों को मतदाता शपथ दिलायी। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया तथा मतदाता जागरूकता पर आधारित मनमोहक गीत भी प्रस्तुत किये गये।

व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने किया क्षेत्र भ्रमण

अवधनामा संवाददाता

फ्लाईग स्क्रायड टीम की गतिविधियों से हुए रूबरू

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने वृहस्पतिवार को देर शाम विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत भ्रमण करते हुए धरसवां चौराहा के निकट वाहनों की जांच कर फ्लाईग स्क्रायड टीम की गतिविधियों को देखा तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एफएसटी प्रभारी अवर अभि. स.न.ख. चतुर्थ सुनील कुमार ने बताया कि टीम द्वारा अब तक 13 वाहनों की जांच की गई है। व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने वाहन जांच पंजिका का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप अपनी पदेन जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, व्यय प्रेक्षक के लाइज़न आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, एफएसटी में तैनात उप निरीक्षक कैलाश प्रसाद चौधरी, मुख्य आरक्षी राहुल नन्दन, आरक्षी सत्यवान यादव व धर्मेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

इन्दिरा स्टेडियम में समारोहपूर्वक आयोजित हुआ "मतदाता जागृति महोत्सव"

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम बहराइच में ''मतदाता जागृति महोत्सव'' का सफल आयोजन कर आमजन को मतदान का सन्देश दिया गया। मतदाता जागृति महोत्सव की विशेषता यह रही कि इसे समाज के सभी वर्गों द्वारा सहभागिता की गई। ''मतदाता जागृति महोत्सव'' में जहां महिला वर्ग के लिए रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया वहीं मूक बधिर बच्चों द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करके समाज के निःशक्त व दिव्यांगजन को मतदान का सन्देश दिया गया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण थारू जनजाति की बालिकाओं व ट्रांसजेण्डर वर्ग की मटका दौड़ रहीं।''

प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व. वीरेन्द्र शर्मा की पुण्यतिथि मनायी

अन्नपूर्णा भोजनशाला में हुआ आयोजन, जरूरतमंदों को कराया भोजन

अजय श्रीवास्तव



ललितपुर। प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष स्व.वीरेंद्र शर्मा की दसवीं पुण्यतिथि प्रेस क्लब के तत्वाधान में अन्नपूर्णा भोजनशाला जिला अस्पताल परिसर में प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में मनाई गई। सर्वप्रथम उपस्थित पत्रकार साथियों ने स्वर्गीय वीरेंद्र शर्मा जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के संरक्षक मनजीत सिंह सलूजा ने कहा कि स्वर्गीय वीरेंद्र शर्मा प्रेस क्लब के स्तंभ थे वह हर परिस्थिति में पत्रकारों की सहायता करते थे एवं पत्रकारों का मार्गदर्शन समय-समय पर करते रहते थे। प्रेस क्लब उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू ने कहा कि उनकी पत्रकारिता सकारात्मक थी वह अपनी लेखनी के माध्यम से नगर की समस्याओं को समय-समय पर उठाते रहते थे। प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने कहा कि स्वर्गीय वीरेंद्र शर्मा जी निडर,निष्पक्ष और कुशल लेखनी के धनी व्यक्ति थे वह हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि स्वर्गीय वीरेंद्र शर्मा जी छोटे बड़े सभी पत्रकार साथियों का सम्मान किया करते थे किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या होने पर वह हर समय पत्रकार साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते थे। आज वह हम सभी के बीच में नहीं है लेकिन उनके विचार और उनके द्वारा किए गए कार्य हम सभी को प्रेरणा देते रहेंगे। अन्य पत्रकार साथियों ने भी अपने-अपने वक्तव्य में स्वर्गीय शर्मा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपस्थित सभी पत्रकार साथियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर स्वर्गीय शर्मा जी को श्रद्धांजलि अर्पित की,इसके पश्चात अन्नपूर्णा भोजशाला में उपस्थित पत्रकार साथियों ने गरीबों एवं निराश्रित व्यक्तियों को भोजन परोसकर अपनी सेवाएं दी। श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी द्वारा किया गया।

महावीर व हनुमान जयंती पर्व पर बंद रहें मांस-मदिरा की दुकानें

पार्षद ने डीएम अक्षय त्रिपाठी को सौंपा ज्ञापन

अजय श्रीवास्तव



ललितपुर। आगामी समय में सम्पन्न होने वाले धार्मिक पर्वों पर मास, मदिरा, अण्डे की दुकान बंद कराये जाने की मांग को लेकर वार्ड नंबर 17 के पार्षद कुन्दन पाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को वार्ड पार्षद कुन्दन पाल ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश देने वाले भगवान महावीर जी की 21 अप्रैल को जयंती है। तो वहीं 23 अप्रैल को हनुमान जयंती है, इन पर्वो पर मास, मदिरा व अण्डे की दुकानें बंद किया जाना आवश्यक है। उन्होंने मांग की कि 20 अप्रैल से 23 अप्रैल तक मास, मदिरा, अण्डे की दुकानें पूर्ण तरीके से बंद कराई जाये, इसके अलावा मास मदिरा अण्डे की दुकानों को शहर के बाहर किसी एक स्थान पर खुलवाया जाये। साथ ही साथ दुकानों के बाहर पर्दे आदि लगवाये जाये, जिससे कि खुले में बिक रहे मास, अण्डे व मदिरा की दुकानों पर सीधे ओर से लोगों की नजर न पड़े।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **13.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जाएगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद एफ.डी.आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

निविदा सूचना सं.	03102024 दिनाक 18.04.2024		
निविदा संख्या	1. 07-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 2. 08-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25		
कार्य का नाम	1. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत महाकुम्भ-2025 के दौरान अतिक्रमण को रोकने के लिए पीआरजी-पीवाईजीएस स्टेशनों के बीच सुरक्षा बाड़/सीमा दीवार के प्रावधन का कार्य। 2. सहायक मण्डल इंजीनियर-प्रयाग के अंतर्गत प्रयाग स्टेशन और विभिन्न कॉलोनियों (रेस्ट हाउस कॉलोनी, बीस क्वार्टर कॉलोनी, माल गोदाम कॉलोनी, स्टेशन कॉलोनी, आदि) एवं वे साइड स्टेशन कॉलोनियों (THW, SYC, PLP, URPR, BYHA, ARP, RMC, LGO, SWE etc.) में पुरानी/क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों और फिटिंग के बदले में जल आपूर्ति प्रणाली का प्रतिस्थान का कार्य।		
अनुमानित लागत	1. ₹2,32,04,670.98	2. ₹3,89,71,299.19	
धरोहर राशि	1. ₹2,66,000/-	2. ₹3,44,900/-	
कार्य समापन की अवधि	1 एवं 2 के लिए: स्वीकृत पत्र की तिथि से 06 माह		
निविदा डालने का प्रारंभ	29.04.2024	वेबसाइट	www.ireps.gov.in
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	13.05.2024 को 15:00 बजे		

नोटः निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1168/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-

01083/01084 लोकमान्य तिलक (ट) – गोरखपुर – लोकमान्य तिलक (ट) विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 01083		स्टेशन	गाड़ी सं. 01084	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	23:50	लोकमान्य तिलक (ट)	00:25	---
04:20	04:30	लखनऊ	19:45	19:55
09:30	---	गोरखपुर	---	15:30

चलने के दिन : 01083 लोकमान्य तिलक (ट) से दिनांक 20.04.2024 को तथा 01084 गोरखपुर से दिनांक 22.04.2024 को
स्थान : शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : ठाणे, कल्याण जं., नाशिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., विरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

03415/03416 मालदा टाउन – लालकुआँ – मालदा टाउन विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 03415		स्टेशन	गाड़ी सं. 03416	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	17:15	मालदा टाउन	23:45	---
06:10	06:15	वाराणसी	09:40	09:45
19:05	---	लालकुआँ	---	21:05

चलने के दिन : 03415 मालदा टाउन से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तथा 03416 लालकुआँ से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : बड़हरवा, साहिबगंज जं., भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., पटना जं., आरा, बक्सर, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, लखनऊ, बरेली, बरेली सिटी, इज्ज़तनगर एवं किच्छा स्टेशन।

02396 आनंद विहार (ट)–धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 02396 आगमन	प्रस्थान
आनंद विहार (ट)	---	19:20
धनबाद	16:45	---

चलने के दिन : 02396 आनंद विहार (ट) से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : 2 टियर वाता. एवं शयनयान
ठहराव : नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, पहाड़पुर, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं० दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।

09523/09524 ओखा – दिल्ली सराय रोहिल्ला – ओखा सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 09523		स्टेशन	गाड़ी सं. 09524	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	10:00	ओखा	13:50	---
10:20	---	दिल्ली सराय रोहिल्ला	---	13:20

चलने के दिन : 09523 ओखा से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तथा 09524 दिल्ली सराय रोहिल्ला से दिनांक 24.04.2024 से 26.06.2024 (प्रत्येक बुधवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर, विरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर जं., आबूरोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा जं., बाँदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुड़गांव एवं दिल्ली कैंट स्टेशन।

06071/06072 कोच्चुवेली – ह. निज़ामुद्दीन – कोच्चुवेली सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 13 फेरे

गाड़ी सं. 06071		स्टेशन	गाड़ी सं. 06072	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	14:15	कोच्चुवेली	07:10	---
20:40	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	04:10

चलने के दिन : 06071 कोच्चुवेली से तत्काल प्रभाव से दिनांक 31.05.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक तथा 06072 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 22.04.2024 से 03.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : कोल्लम जं., कायमकुलम जं., चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै, काटपाडी जं., चित्तूर, तिरुपति, रेणिगुंटा जं., गूडूर जं., ओंगोल, विजयवाड़ा जं., वरंगल, बल्हारशाह, नागपुर, बैतूल, इटारसी जं., भोपाल, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

01667/01668 रानी कमलापति–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. – रानी कमलापति एक्स. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 01667		स्टेशन	गाड़ी सं. 01668	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	09:20	रानी कमलापति	15:35	---
20:15	20:25	लखनऊ	04:50	04:55
23:45	---	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं.	---	01:05

चलने के दिन : 01667 रानी कमलापति से दिनांक 22.04.2024 से 24.06.2024 (प्रत्येक सोमवार) तथा 01668 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से दिनांक 23.04.2024 से 25.06.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 3 टियर वाता.
ठहराव : भोपाल, विदिशा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, भीमसेन, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं. एवं अमेठी स्टेशन।

09044 बरौनी जं. – बान्द्रा टर्मिनस अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09044 आगमन	प्रस्थान
बरौनी जं.	---	10:20
बाराबंकी जं.	01:33	01:35
बान्द्रा टर्मिनस	07:05	---

चलने के दिन : 09044 बरौनी जं. से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण, सूरत, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

09016 भागलपुर–वलसाड विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09016 आगमन	प्रस्थान
भागलपुर	---	05:00
लखनऊ	00:30	00:40
वलसाड	02:30	---

चलने के दिन : 09016 भागलपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी, समस्तीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फ़र्रूखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

09032 गोरखपुर–वलसाड अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09032 आगमन	प्रस्थान
गोरखपुर	---	05:00
लखनऊ	10:30	10:40
वलसाड	12:30	---

चलने के दिन : 09032 गोरखपुर से दिनांक 20.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : बस्ती, गोंडा, बाराबंकी, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, फ़र्रूखाबाद, मैनपुरी जं., शिकोहाबाद जं., टूण्डला, आगरा किला, भरतपुर, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, रतलाम, दाहोद, गोधरा, वडोदरा, भरुच, अंकलेश्वर, सायण, सूरत एवं उधना स्टेशन।

09048 मालदा टाउन–उधना अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

स्टेशन	गाड़ी सं. 09048 आगमन	प्रस्थान
मालदा टाउन	---	20:00
बाराबंकी	21:33	21:35
उधना	01:00	---

चलने के दिन : 09048 मालदा टाउन से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : सामान्य
ठहराव : साहिबगंज ज., भागलपुर, सुलतानगंज, मुंगेर, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी जं., ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरुच जं., सायण एवं सूरत स्टेशन।

07031/07032 सिकंदराबाद – ह. निज़ामुद्दीन – सिकंदराबाद विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 22 फेरे

गाड़ी सं. 07031		स्टेशन	गाड़ी सं. 07032	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	20:45	सिकंदराबाद	06:30	---
02:00	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	04:00

चलने के दिन : 07031 सिकंदराबाद से दिनांक 21.04.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तथा 07032 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 23.04.2024 से 02.07.2024 (प्रत्येक मंगलवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : काजीपेट, रामगुंडम, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूरकागजनगर, बल्हारशाह, नागपुर, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर एवं आगरा छावनी स्टेशन।

07621/07622 हजूर साहिब नान्देड – ह. निज़ामुद्दीन – हजूर साहिब नान्देड विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 04 फेरे

गाड़ी सं. 07621		स्टेशन	गाड़ी सं. 07622	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	08:45	हजूर साहिब नान्देड	00:35	---
14:00	---	ह. निज़ामुद्दीन	---	21:40

चलने के दिन : 07621 हजूर साहिब नान्देड से दिनांक 20.04.2024 से 27.04.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 07622 ह. निज़ामुद्दीन से दिनांक 21.04.2024 से 28.04.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पूर्णा, परभणी, सेलू, परतूर, जालना, औरंगाबाद, मनमाड़, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, आगरा छावनी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

05583/05584 रक्सौल – आनंद विहार (ट) – रक्सौल एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी — 02 फेरे

गाड़ी सं. 05583		स्टेशन	गाड़ी सं. 05584	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	13:30	रक्सौल	05:30	---
03:45	03:55	मुरादाबाद	13:00	13:10
07:15	---	आनंद विहार (ट)	---	09:00

चलने के दिन : 05583 रक्सौल से दिनांक 20.04.2024 को तथा 05584 आनंद विहार (ट) से दिनांक 21.04.2024 को
स्थान : शयनयान
ठहराव : नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, मुरादाबाद एवं गाज़ियाबाद स्टेशन।

05537/05538 दरभंगा जं. – दौराई – दरभंगा जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

गाड़ी सं. 05537		स्टेशन	गाड़ी सं. 05538	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	13:15	दरभंगा जं.	06:50	---
04:48	04:58	सीतापुर जं.	16:10	16:20
22:30	---	दौराई	---	23:45

चलने के दिन : 05537 दरभंगा जं. से दिनांक 04.05.2024 से 29.06.2024 (प्रत्येक शनिवार) तथा 05538 दौराई से दिनांक 05.05.2024 से 30.06.2024 (प्रत्येक रविवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : सीतामढ़ी, बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., शाहजहाँपुर, बदायूँ, कासगंज, हाथरस सिटी, मथुरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर जं., किशनगढ़ एवं अजमेर जं. स्टेशन।

08103/08104 टाटानगर जं. – वाराणसी जं. – टाटानगर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 20 फेरे

गाड़ी सं. 08103		स्टेशन	गाड़ी सं. 08104	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
---	21:05	टाटानगर जं.	22:30	---
08:00	---	वाराणसी जं.	---	09:30

चलने के दिन : 08103 टाटानगर जं. से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (प्रत्येक गुरूवार) तथा 08104 वाराणसी जं. से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (प्रत्येक शुक्रवार) तक।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : पुरुलिया जं., बोकारो स्टील सिटी, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम एवं पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी /जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय द्वारा डॉ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार हमीरपुर में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाइजेशन किया गया। इसके तहत कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की मदद से जनपद में उपलब्ध ईवीएम को 228 हमीरपुर एवं 229 विधानसभा में आवंटित किया गया। रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम आवंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। कंप्यूटर ऐप के माध्यम से जनपद में उपलब्ध सभी ईवीएम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है। कंप्यूटर अपने रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया करने पर इन मशीनों को विधानसभा वार वितरित कर देता है। जिसके बाद कोई दल यह आरोप नहीं लगा सकेगा कि जानबूझकर कोई मशीन किसी विशेष विधानसभा में भेजी गई है 228 हमीरपुर में 455 मतदेय स्थलों के सापेक्ष 582 बीयू सीयू तथा 618 वीवी पैट 229 विधानसभा राठ में 565 बैलट यूनिट कंट्रोल यूनिट 618 वीवीपैट प्रथम रेण्डमाइजेशन के अनुसार प्रदान किए गए। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि समस्त राजनैतिक दल नामांकन की प्रक्रिया को समझ लें, यदि कोई भी दिक्कत उनके सामने आती है तो ऑफिसर उनके समस्या के निदान हेतु तत्पर हैं यदि कोई उम्मीदवार ऐसा है जिसके विरुद्ध क्रिटिकल वाद दायर है, तो सी वन फार्म निर्धारित प्रारूप पर सूचना अवश्य भरे, जिनको एक

राष्ट्रीय समाचार पत्र तथा दो स्थानीय स्तर पर समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया जाना जरूरी होता है। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर भी कम से कम तीन बार चलाया जाना होता है। सभी राजनैतिक दल अपने.अपने इलेक्शन एजेंट भी चुन ले, तथा मांगे जाने पर उनकी सूचना भी उपलब्ध करा दें, कमिश्निंग के दौरान ईवीएम वीवीपैट की तैयारियों के समय स्वयं अथवा अपना प्रतिनिधि भेजें, जिससे मशीनों की प्रक्रिया को समझ सके, दल वाहन, रैली, जुलूस, जनसभा, आदि की अनुमति अवश्य लेलें राजनैतिक दलों को उड़न दस्ता टीम एवं स्टेटिक टीम के बारे में भी बताया गया। बैठक के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा जाहिर की गई। पृच्छाओं का भी समुचित उत्तर जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। सभी राजनैतिक दल चुनावी प्रक्रिया से संतुष्ट नजर आए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार ए0आर0ओ0 228 हमीरपुर पवन प्रकाश पाठक ए0आर0ओ0 239 राठ विपिन कुमार शिवहरे, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी खालिद अंजुम, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार, तहसीलदार राठ, तहसीलदार सदर, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता दृगपाल सिंह तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि लक्ष्मी रतन साहू भाजपा, रामकरण अहिरवार बसपा, हसन खान समाजवादी पार्टी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे

अपोलो अस्पताल ग्रुप शाखा का हुआ शुभारंभ

नरैनी। असाध्य रोगों के लिए अपोलो अस्पताल ग्रुप हैदराबाद की शाखा का शुभारंभ पनगरा गांव में किया गया। स्वास्थ्य सेवा के लिए कोविड समय से संचालित मल्टी सुपर स्पेशियलिटी टेलीक्लिनिक शाखा का शुभारांभ पनगरा गांव में समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डा दिनेश राजपूज ,डा अभिषेक पशु चिकित्सा अधिकारी, शांती स्वारूप मिश्रा सीएचओ पनगरा के साथ टेलीक्लिनिक क्वाडिनेटर कुमारी अंजली तिवारी बीएससी नर्सिंग की अगुवाई में अपोलो टेलीक्लिनिक शाखा का फीटा काट शुभारांभ किया गया । डा दिनेश राजपूत ने बताया कि टेलीक्लिनिक जागरूक लोगो को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा उपलब्ध कराती है बताया शासन द्वारा संजीवनी टेलीक्लिनिक जिला अस्पताल द्वारा संचालित है आने वाले समय पर इस तकनीकि का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ ले सकेंगे।

ग्राम पंचायत गढ़ा में निकली मतदाता जागरूकता रैली

अवधानामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। मौदहा विकास खंड के ग्राम गढ़ा में स्वीप के अंतर्गत कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम गढ़ा में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत रैली का आयोजन किया गया ई-रिक्शा में माइक लगाकर प्रचार प्रसार किया गया। रैली के माध्यम से गांव में भ्रमणकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में शामिल छात्र छात्राएं व महिलायें मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर घूमी और गलियों में माइक से नारे लगाए। जिसमें सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो। अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं शामिल रहे। ग्राम विकास अधिकारी नितेश सिहं ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधान सोनम सिंह। प्रधानअध्यापक, पंचायत सहायक कामिनी, जितेंद्र, अजय सिंह, अशोक सिंह,, अमित सिंह, राजू,समूह की महिलाएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि उपस्थित रहीं।

आदर्श आचार संहिता के अनुपालन व नामांकन हेतु मजिस्ट्रेटों की तैनाती

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन,2024 के लिए कार्यक्रम निर्गत किया गया है। जनपद में 80-राबर्ट्सगंज (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन,2024 के नाम निर्देशन की प्रक्रिया कलेक्ट्रेट लोढ़ी, सोनभद्र में सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन की संवीक्षा 15

मई,2024 (बुधवार) को, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 17 मई,2024 (शुक्रवार) को (राजकीय अवकाश दिनों को छोड़कर)। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने तथा आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को मजिस्ट्रेट के रूप में पदाभिहित किया गया है। निखिल यादव उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज-94544 16847 को निर्धारित स्थल डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार से हाईवे के दोनों तरफ, सुभाष चन्द्र यादव अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सोनभद्र-9005860763 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार पर, अजय कुमार सिंह उप जिलाधिकारी ओबरा-9454416847 को कलेक्ट्रेट गेट पर तथा सहदेव कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सोनभद्र-9454417640 को कलेक्ट्रेट कैम्पस के अन्दर सम्पूर्ण नामांकन स्थल के लिए तैनात किया गया है।

शस्त्र फैक्ट्री संचालित करने वाले गिरफ्तार

- पुलिस ने 23 अदद निर्मित तमंचा एवं बन्दूक किये बरामद

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2024 को सकुशल सम्पन्न करायें जाने के दृष्टिगत अपराध नियन्त्रण एवं अवैध असलहों के निर्माण, बिक्री व संचालन के विरुद्ध चलायें जा रहें अभियान के क्रम में राठ पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चेकिंग में मामूर थी कि मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि थाना राठ क्षेत्र सैना रोड पर स्थित खाली पड़ा सरकारी कचरा घर में कुछ लोग

नाजायज असलहें बना रहे हैं । मुखबिर खास की सूचना के विश्वास कर थाना राठ पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बतायें गयें स्थान की घेराबन्दी करते हुए दबे पाव एकाएक दबिश देकर मौके से अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे दो अभियुक्त भान सिंह पुत्र धरनीधर निवासी ग्राम लहदरा थाना हरपालपुर मध्य प्रदेश व राजू विश्वकर्मा पुत्र स्वामीदीन निवासी ग्राम चिल्ली थाना राठ जनपद हमीरपुर को भारी मात्रा में अवैध निर्मित व अर्द्धनिर्मित शस्त्र/कारतूस तथा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने वाले उपकरणों व एक अदद मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना राठ पुलिस द्वारा धारा 3/5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा।

स्थान बदल बदलकर सुरक्षित स्थानों पर अभियुक्त द्वारा किया जाता था काम अभियुक्त भान सिंह पुत्र धरनीधर व राजू विश्वकर्मा पुत्र स्वामीदीन उपरोक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि उन लोगो के द्वारा स्थान बदल-बदल कर खेतों व निर्जन पड़े मकानों,स्थानों व किसी कोठरियों, ट्यूबेल जैसे सुरक्षित स्थानों का चयन करके तमंचो का निर्माण व पुरानें बन्दूकों व तमंचो की मरम्मत भी करते है तथा बन्दूकों एवं तंमचो को बनाकर घूम फिरकर मध्य प्रदेश व आस-पास के जनपदों में ले जाकर अच्छे दामों पर बेचा करते है। उससे जो भी धन प्राप्त होता है उसे अभियुक्तों के द्वारा आपस में बांट लिया जाता है तथा उसी से अपने परिवार का भरण-पोषण किया जाता है।

नामांकन न्यायालय जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट में होगा सम्पन्न

सोनभद्र। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 16 मार्च,2024 द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन,2024 एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन,2024 के लिए कार्यक्रम निर्गत किया गया है। 80-राबर्ट्सगंज(अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा उप निर्वाचन-2024 के नामांकन/नाम वापसी/संवीक्षा/प्रतीकों के आवंटन की प्रक्रिया सम्पन्न कराया जाना है। उन्होने बताया कि 80-राबर्ट्सगंज (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए रिटर्निंग आफिसर श्री चन्द्र विजय सिंह, सहायक रिटर्निंग आफिसर उप जिलाधिकारी घोरावल, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज, उप जिलाधिकारी ओबरा (अ0ज0जा0), उप जिलाधिकारी दुद्धी (अ0ज0जा0), उप जिलाधिकारी चकिया (अ0जा0) को नामित किया गया है, जहां निर्देशन पत्र एवं अन्य कार्यवाही न्यायालय, जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सोनभद्र में की जायेगी, इसी प्रकार से 403-दुद्धी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए रिटर्निंग आफिसर सुरेश राय उप जिलाधिकारी दुद्धी तथा सहायक रिटर्निंग आफिसर तहसीलदार दुद्धी, खण्ड विकास अधिकारी दुद्धी, खण्ड विकास अधिकारी बभनी, खण्ड शिक्षा अधिकारी दुद्धी, खण्ड शिक्षा अधिकारी बभनी को नामित किया गया है और निर्देशन पत्र एवं अन्य कार्यवाही न्यायालय वन बन्दोबस्त कलेक्ट्रेट सोनभद्र में किया जाना निर्धारित है।

कबूतरबाजों के मकड़जाल में फंस रहे है युवा

अवधानामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। कस्बा मौदहा सहित क्षेत्र में कबूतर बाजों ने अपना मकड़जाल फैला रखा है, खाड़ी देशों में बेरोजगारों को अच्छी नौकरी व अच्छी तनख्वाह दिलानें के नाम पर प्रति व्यक्ति लाखों रुपए की वसूली की जाती है। तो वहीं कुछ कबूतरबाज तो स्टांप पेपर पर पैसे न लेने की बात लिखा कर अपने पास रख लेते हैं। परंतु जब विदेश भेजे गए युवकों को इन कबूतरबाजों के द्वारा बताया गया कार्य व तनख्वाह नहीं मिलती है तो ये युवक परेशान होते हैं और कई तो बुरी तरह फंस जाते हैं, और जब इन युवकों के परिजनो को इन कबूतरबाजों के द्वारा ठगी का एहसास होता है तो वह कोतवाली के चक्कर लगाने को मजबूर हो जाते हैं।

बताते चलें कि कस्बा मौदहा सहित आसपास के क्षेत्र में बेरोजगार युवकों को नौकरी दिलाने के नाम पर सऊदी अरब, दुबई, कुवैत, ओमान सहित अन्य देश, विदेश (खाड़ी देश) भेजने के नाम पर कबूतरबाजों द्वारा अच्छा खासा जाल फैलाया गया है। और ये कबूतरबाज युवकों को अच्छी नौकरी व अच्छी तनख्वाह का झांसा देकर उनसे तीन से चार लाख रुपए वसूलकर उन्हें विदेश भेज देते हैं, परंतु वहां पहुंचने पर उन्हें जो कार्य बताया जाता है, न तो वह कार्य मिलता है और न ही तनख्वाह। जिसके कारण कुछ युवक तो मजबूरी में वहीं रह कर जो कार्य मिलता है वो करने लगते हैं, क्योंकि उनके परिजनों ने उन्हें विदेश भेजवाने के नाम पर लाखों रुपया इन कबूतरबाजों को दिया है, जो कहीं जमीन बेचकर या कर्ज लेकर दिया होता हैं, उसकी भरपाई करनी पड़ेगी। तो वहीं कुछ युवक अपने परिजनों को वहां की जानकारी देते हैं की उन्हें जो बताया है वह कार्य नहीं मिला, उन्हें वापस बुला लें, जिसको लेकर परिजन इन कबूतरबाजों के चक्कर लगाते हैं, परंतु जब इनके द्वारा नहीं सुना जाता है, तो परिजन कोतवाली के चक्कर काटने को मजबूर हो जाते हैं, इस तरह ठगी का शिकार हुए युवकों के परिजनों ने पहले भी कोतवाली में कबूतरबाजों के खिलाफ तहरीर दी हैं, परंतु इन कबूतरबाजों की सेटिंग इतनी अच्छी होती है कि मामला तुरंत सेटलमेंट करा दिया जाता है। इन कबूतरबाजों की जड़े इतनी मजबूत हो चुकी हैं कि अब इन्हें प्रशासन का भी डर नहीं हैं, और यह धड़ल्ले से युवकों को अच्छी नौकरी अच्छी तनख्वाह का स्वप्न दिखाकर अपने चंगुल में फंसाने के कार्य में लगे हुए है। गौरतलब हो कि कस्बे सहित क्षेत्र में कबूतरबाजो का मकड़जाल सक्रिय हैं जिसमे पुलिस प्रशासन भी गोपनीय ढ़ग से मदद करता है जिससे क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को विदेशों में अच्छी नौकरी का झांसा देकर ठगने का काम कबूतर बाज कर रहे हैं,लेकिन इनके प्रभाव और धनबल के कारण पुलिस बजाए कार्यवाही करने के समझौते पर अधिक ध्यान देती है और राजीनामा होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेती है। अभी दो दिन पहले ऐसे ही एक मामले में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई थी।

हिण्डालकों रेनूसागर द्वारा विशिष्ट चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/अनपरा। हिण्डालकों रेनूसागर ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के अर्न्तगत ग्रामसभा सिन्दूर के ग्राम मकरा में विशिष्ट चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अर्न्तगत हिण्डालको रेनूसागर चिकित्सालय के बालरोग चिकित्सक डा0 श्याम सुन्दर, दन्त चिकित्सक डा0 राजेश कुमार सिंह व चिकित्सक डा0 मनोज कुमार द्वारा कुल 114 ग्रामीणों का परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की गयी । कार्यक्रम में म्योरपुर से आये चिकित्सा अधीक्षक डा0 पी एन सिंह व उनकी टीम ने इस कार्य की बहुत सराहना की। कार्यक्रम शुभारम्भ के

पूर्व वरिष्ठ समाजसेवी राम सेवक यादव ने चिकित्सकों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया,ततपश्चात संयुक्त रूप से चिकित्सको द्वारा फीता काट कर विशेष चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम के साथ ही ग्राम मकरा में स्वच्छता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे रेनूसागर के अधिकारीगण कुंज बिहारी दुबे,बृजेश कुमार सिंह, परमेश्वर सगारे, अल्कनंदा सिंह, अभिलाष झा व मकरा विद्यालय के बच्चें सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीण विकास विभाग के प्रभारी अनिल झा ने कार्यक्रम का सञ्चालन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि बदलते मौसम में सभी अपने आप को सुरक्षित रखते हुए आवश्यक कार्यो को अंजाम दे,अंत में उन्होंने सभी चिकित्सको व उनके सहयोगी साथ ही आगुंतकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम सफल बनाने के लिए ग्रामीण विकास विभाग टीम का सहयोग सरहनीय रहा।

गेहूं खरीद केंद्रों का एसडीएम और तहसीलदार ने किया निरीक्षण

बांदा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्र व तहसीलदार पैलानी विकास पांडे ने पी सी यफ द्वारा संचालित केंद्रीय उपभोक्ता भंडार द्वारा खरीदे जा रहे खप्टिहाकला में गेहूं को लेकर खरीद केंद्र के कार्यवाहक प्रभारी सुनील कुमार सिंह से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि यहां 2275 रुपए प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है साथ ही साथ अब तक कुल 1700 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है यह खरीद केंद्र 9 अप्रैल से शुरू हुआ था जो लगातार चल रहा है वही बताया कि पीसीएफ द्वारा बोरियां सेंटर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है लेकिन बोरियां ना होने के चलते गेहूं की खरीद प्रभावित हो रही है।

आधा दर्जन से अधिक किसानों की फसल जलकर खाक

- मौके पर दमकल मौजूद होने के बाद भी आग नही हो सकी काबू
- आग से किसानों व रहवासियों में हड़कंप

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। शाहगंज थानांतर्गत नरैना, ओईनी,देवरी गांव मे गेहूं के खेत मे अचानक लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है,आग की चपेट मे तीन गांव के एक

दर्जन से अधिक किसानो की खड़ी फसल जलकर खाक हो गयी।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी भी आग बुझाने मे सफल नही हुई। आग अभी भी आगे की तरफ तेजी से बढ़ रही है।नरैना गांव निवासी गुलाब सिंह ने बताया कि मेरी 06 बीघा उर्दी 10 हस्ती पाइप जलकर खाक हो गया ।वही श्रीनिवास सिंह का 6 बीघा उर्दी 10 हस्ती पाइप, राकेश सिंह 06 बीघा उर्दी 12 हस्ती जलकर नष्ट हो गया । रब्बू सिंह का ट्रैक्टर भी 25 प्रतिशत जल गया। जीत्तन का 6 बीघा गेहूं अब तक खाक हो गया है।देवरी गांव मे भी आग पर अभी तक काबू नही पाया गया गया है।स्थानीय पुलिस व दमकल के कर्मचारी मौके पर किसानो के सहयोग से आग बुझाने के प्रयास मे लगे हुए है।

मेरा सोनभद्र मेरी शान एक जून को करें मतदान

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। शुक्रवार sveep के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी ,जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में अपेक्षित प्रतिशत से कम मतदान वाले बूथों में शामिल आदर्श प्राथमिक विद्यालय उरमौरा में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के sveepनोडल अनिल कुमार (प्रवक्ता , राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज) ने विद्यालय के बच्चों, शिक्षक ,शिक्षिकाओं ,उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं

जनमानस को मतदान के महत्व के बारे में विस्तृत रूप से बताते हुए अनिवार्य रूप में मतदान करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। लोकसभा चुनाव में जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से गतिमान रैली में सोनभद्र हमारी शान है ,1 जून को मतदान है ,, उम्र 18 पूरी है मतदान देना जरूरी है,, सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो,, जैसे नारों से उरमौरा गांव की गलियां गूंजायमान रही। कार्यक्रम में sveep नोडल शिक्षक आनंद त्रिपाठी द्वारा उपस्थित समस्त जनों को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। एवं जन जागरण का प्रयास किया गया ।इस कार्यक्रम मे विद्यालय प्रधानाध्यापिका इशरत जहां,सहायक अध्यापिका कोमल साहू, गजाला परवीन इत्यादि ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

रैली निकालकर किया गया जागरूक, मतदान जरूर करें

अवधानामा संवाददाता

बबेरू। कस्बे में जेपी शर्मा इंटर कालेज की छात्राओं के द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान जहां मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान करने का आवाहन किया गया, वहीं अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने अग्निकांडों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया।

जागरूकता रैली के दौरान छात्राओं ने मतदान करने का आवाहन लोगों से कहा। कहा गया कि मतदान से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। इसलिए आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान जरूर करें। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में जेपी शर्मा इंटर कॉलेज के छात्राओं के द्वारा अग्निकांडो से बचाव हेतु कस्बे पर जागरूकता रैली निकल गई है। वहीं ग्रामीण और नगर वासियों को अग्नि से बचाव हेतु जागरूक किया गया। वहीं मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के द्वारा बताया गया की 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्नि सेवा सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के तहत आज कॉलेज के बच्चियों के द्वारा अग्नि से बचाव हेतु कस्बे पर रैली निकाली गई है। जिसमें कहीं भी आग लग जाए तो आग से कैसे बचाव किया जाएगा इसको लेकर लोगों को जागरूक किया गया है। इस मौके पर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर श्याम मनोहर राव शिक्षक प्रदुम सिंह, नरेंद्र गुप्ता सहित अन्य शिक्षक व सैकड़ो की संख्या में छात्राएं मौजूद रही। इसके साथ ही मतदान करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया गया। कहा गया कि मतदान करने से राष्ट्र को मजबूती मिलती है।

आरटीई योजना के अन्तर्गत हमीरपुर में प्री-प्राईमरी में प्रवेश पानें से बच्चे हैं वंचित

- विभागीय अज्ञानता व लापरवाही के कारण अभिभावकों को नही मिल रहा योजना का लाभ
- मासूमों को सरकारी योजना के अन्तर्गत शिक्षा पानें से वंचित रखने का जिम्मेदार कौन?

हिफजुर्रहमान

हमीरपुर। किसी भी विकास शील देश की तरक्की तभी सम्भव है जब वहां की सरकर/सरकारें अपनें नागरिकों को शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतरीन सुविधाएं कम दामों पर तथा आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों को मुफ्त में मुहैय्या कराती हैं। शिक्षा के बिना इन्सान का सही अर्थ में इन्सान बनना अधूरा रहता है इसलिए शिक्षा हासिल करना हर इन्सान के लिए जरूरी है।

आरटीई कानून क्या है? शिक्षा का अधिकार अधिनियम को (आरटीई) अर्थात राईट टू एजुकेशन कहते हैं यह एक महत्वपूर्ण कानून है जो भारत में शिक्षा प्रणाली में एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतीक है। इसके लागू होने के साथ ही शिक्षा का अधिकार देश में मौलिक अधिकार बन गया है।

इसे अगस्त 2009 में संसद द्वारा पारित किया गया था। जब यह अधिनियम 2010 में लागू हुआ, तो भारत उन 135 देशों में से एक बन गया जहां शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है।हालांकि इसके बाद भी कई ऐसी खामियां व चुनौतियां हैं, जिसके कारण देश के हजारों बच?चे अनिवार्य शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।

निजी स्कूलों में पूर्व प्राथमिक व कक्षा एक में गरीब परिवारों के बच्चों को निशुल्क दाखिला दिलाया जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTàß) के तहत बच्चों को मुफ्त



दाखिला दिलाने के लिए कई चरण में प्रकिया की जाती है इस समय तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया जारी है। अभिभावक वेबसाइट https://rte.upsdc. gov.in के माध्यम से आनलाईन आवेदन कर सकते हैं आवेदन के बाद लाटरी द्वारा बच्चों का चुनाव होता है लाटरी में जिन का नाम आजाता है उन की शेष सरकारी औपचारिकताओं को पूरा करनें के पश्चात प्राईवेट स्कूलों में दाखिला दिलाया जाता है जिस की फीस स्कूल को सरकार द्वारा दी जाती है।

प्री-प्राईमरी में प्रवेश पानें से बच्चे वचिंत क्यो?

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा तक सभी बच्चों की समान पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों को नए स्कूलों की स्थापना और वर्तमान विद्यालयों के उन्नयन कार्य में भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) आधारित स्कूल मैपिंग करने का सुझाव दिया था

और यह मैपिंग शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में वर्णित मानदंडों पर आधारित होनी चाहिए। दस्तावेज में कहा गया है कि जीआइएस आधारित स्कूल मैपिंग करने का बुनियादी उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बस्तियों/गांवों की स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों तक स्वीकार्य गुणवत्ता मानदंडों के तहत पहुंच हो तथा संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके लेकिन जनपद हमीरपुर में 333 स्कूलों में से मात्र दस स्कूलों में ही आरटीई योजना के अन्तर्गत प्री-प्राईमरी में प्रवेश के लिए सीट आवंटित हैं बाकी स्कूलों में प्री-प्राईमरी की मैपिंग ही नही की गयी जिस से बच्चे प्रवेश पानें से वंचित है सब से बड़ी लापरवाही मौदहा ब्लॉक मे हुयी है जहाँ एक भी स्कूल में प्री-प्राईमरी की सीटें उपलब्ध नहीं है। सुमेरपुर ब्लाक में मात्र एक स्कूल में प्री-प्राईमरी की सीट उपलब्ध है।सरीला नगर पंचायत में एक स्कूल, हमीरपुर नगरपालिका परिषद में दो स्कूलों में, कुरारा में पांच स्कूलों में तथा मुस्करा में एक स्कूलों में प्री-प्राईमरी के लिए सीटें है 333 स्कूलों में मात्र 10 स्कूलों में सीटों का होना दर्शाता है कि घोर लापरवाही की गयी है ऐसे में उन गरीब अभिभावकों का क्या होगा जो आरटीई के अन्तर्गत प्रवेश लेना चाहते है उन के मासूमों का एक वर्ष बर्बाद होनें को है इस घोर लापरवाही के लिये आखिर जिम्मेदार कौन है क्या दोषियों के विरुद्ध विभाग कठोर कारवाई करेगा या फिर इस भयानक गलती को भी एक दूसरे पर दोषारोपण कर के पल्ला झाड़ लिया जाएगा। सरकार को चाहिए कि कोई भी योजना को लागू करनें से पहले सम्बन्धित विभाग व अधिकारियों का प्रशिक्षण व उन की जिम्मेदारी तैर कर दे जिस से सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल सके।

इस सम्बन्ध में जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलोक कुमार सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शीघ्र ही मैपिंग सही कर ली जाएगी। लेकिन सच्चाई यह है कि मैपिंग का कार्य जनवरी माह में ही पूरा कर लिया जाता है और सेशन के मध्य मैपिंग नही होती लेकिन अधिकारी का कहना है तो देखना होगा कि मैपिंग चौथे चरण की प्रक्रिया से पूर्व यदि होजाती है तो बच्चों का वर्ष बर्बाद होनें से बच जाऐगा। अन्यथा गरीबों के बच्चों बड़ा नुकसान होजाऐगा सरकारी विभाग और अधिकारियों का क्या वह तो सन और तारीख बदलते ही इधर-उधर हस्तांतरित कर दिये जाते है और जो नये अधिकारी आते है वह कमियों का सारा ठेकरा पहले वालों के सर डाल कर अपना पल्ला झाड़ लेते है क्योंकि नुकसान तो देश की जनता का होता है किसी अधिकारी या कर्मचारी थोड़ा होता है।

देश में हो रहा भूतपूर्व बदलाव: मुख्यमंत्री योगी

पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में परिवर्तन

अवधनामा ब्यूरो

अमरोहा/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के शिल्पी के रूप में विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि आज देश में सुरक्षा का बेहतर वातावरण सभी को प्राप्त हो रहा है। इतना ही नहीं, दुनिया में 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान और गौरव बढ़ा है। वर्तमान में देश में जो परिवर्तन हो रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है। यह परिवर्तन दुनिया के लिए कौतुहल और आश्चर्य का विषय बना हुआ है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच से ही संभव हो पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत करने के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने का काम किया है। साथ ही, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाएं इसकी मिसाल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि यह सब जनता जर्नादन के लोकतांत्रिक मूल्यों के इस्तेमाल से संभव हो पाया है। ऐसे में एक बार फिर आपको अपने वोट के जरिये देश को सशक्त और मजबूत सरकार देनी है। वहीं यह सब सिर्फ मोदी सरकार दे सकती है। देश में चारो ओर मोदी सरकार की गूंज सुनायी दे रही है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि इसे साकार किया जाए।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी, विधान परिषद सदस्य सरदार हरि सिंह ढिल्लों, विधायक महेंद्र खड़गवंशी, राजीव तरारा, हरेंद्र सिंह तेवतिया, बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

पहली बार स्थानीय प्रत्याशियों से राजनाथ सिंह की घेराबंदी

लखनऊ। लखनऊ, अदब और तहजीब के साथ सियासत का ऐसा शहर है, जहां से होकर दिल्ली के दरवाजे खुलते हैं। ऐसे में सभी पार्टियां उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पर कब्जा जमाना चाहती हैं। यही वजह है कि बीते तीन दशक में पहली बार सपा, बसपा और कांग्रेस सहित प्रमुख विपक्षी दलों ने किसी बाहरी नामचीन या फिर बॉलीवुड के सितारों पर दांव नहीं लगाया है। इस बार गठबंधन के तहत सपा ने लखनऊ मध्य के विधायक एवं पार्टी के कद्दावर नेता रविदास मेहरोत्रा और बसपा ने लखनऊ उत्तरी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके सरवर अली को मैदान में उतारकर चुनाव को रोमांचक बना दिया है। जीत का ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो मतगणना के बाद ही पता चलेगा।

भाजपा अपनी नाकामियों को छिपाने के लिये लेती है धर्म का सहारा: अजय राय

अवधनामा ब्यूरो

प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में भारत की भोली-भाली जनता को छलते हैं

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुक्रवार को अमरोहा की रैली में दिये भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए धर्म का सहारा लेती है। आज एक बार फिर पीएम मोदी वही पुरानी स्क्रिप्ट पढ़ते नजर आए। आज मोदी जी मोहम्मद शमी की भरे मंच से तारीफ कर रहे हैं, जबकि 2021 में इन्हीं के लोगों और इन्हीं की बोई नफरत की राजनीति ने मोहम्मद शमी को पाकिस्तान के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी न कर पाने की वजह से गद्दार तक घोषित कर दिया था। श्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर भाषण में भारत की भोली-भाली जनता को छलते हैं। वे यूरिया के बढ़ते दामों पर चर्चा तो नहीं करते मगर अमेरिका से तुलना जरूर करते हैं। वे यह भूल जाते हैं कि अमेरिका की प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय 19415 रुपये है वहीं भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन आय मात्र 620 रुपये है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महंगाई से पीड़ित आम आदमी के जख्मों पर मरहम लगाने के बजाए प्रधानमंत्री विकसित देशों का उदाहरण दे बच निकलने का रास्ता देखते हैं। वे यह नहीं बताते कि क्यों प्रदेश में गन्ने की कीमतें 360 रुपये प्रति क्विंटल पर अटकी है, क्यों पड़ोसी राज्यों जैसे हरियाणा में 391 रुपये प्रति क्विंटल, पंजाब में 386 रुपये से कम क्यों है। प्रधानमंत्री यह भी नहीं बता पा रहे कि पिछले 3 सालों में खेती की बढ़ती लागत से खेती का क्षेत्रफल लगभग 4000 हेक्टेयर कम हो गया। प्रधानमंत्री इस सवाल पर भी मौन हैं कि क्यों गन्ना किसानों का भुगतान वक्त से नहीं हो पा रहा है।

पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया है: केशव प्रसाद मौर्य

2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को उन्नाव एवं लखीमपुर खीरी में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों को संबोधित करते हुए कहा कि अब पिछले रिकार्ड को तोड़ने का समय आ गया हैं। उन्होंने कहा 2024 का लोकसभा चुनाव भारत को 100 वर्ष आगे ले जाएगा। यह चुनाव विकसित भारत का चुनाव है। विपक्षी इंडी पार्टनर्स को फिर से घर बैठाने का समय आ गया है। जनता को मोदी जी पर भरोसा है, इसलिए प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलेगा। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि 2014 से 17 तक सपा कि सरकार थी, लेकिन जब 2017 का चुनाव हुआ तो भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश की जनता ने 300 प्लस विधायक देकर सरकार बनाकर समाजवादी मुखिया के अहंकार को गिरा दिया। 2024 का चुनाव वह हार चुके हैं, भाजपा 400 सीटें पाकर चुनाव जीत चुकी हैं। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि टुकड़े-टुकड़े समूह को सबक सिखाने के लिए अबकी बार 400 पार चाहिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार समाप्त करने के लिए भाजपा को 400 पार सीटें चाहिए। 30 करोड़ दीदियों को लखपति बनाने के लिए 400 पार चाहिए। भारत के वैज्ञानिक हर गृह पर यान भेज सके, इसलिए चार सौ पार चाहिए। कमल का फूल ही सुशासन और मोदी की गारंटी है। सपा, बसपा और कांग्रेस से मुक्ति के लिए भाजपा को ही जिताना होगा।

रील बना रहा युवक पानी की टंकी में गिरा, मौत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के आशियाना के रतनखंड इलाके में पानी की टंकी पर चढ़कर रील बना रहा युवक संतुलन बिगड़ने से उसके भीतर गिर गया और डूबकर मर गया। उसके साथी ने इलाकाई लोगों को बुलाया। पुलिस और दमकल को सूचना दी गई। दमकल ने हाइड्रोलिक मशीन की मदद से टंकी के भीतर से युवक का शव निकाला। रजनीखंड निवासी सिक्योरिटी गार्ड राकेश अग्रवाल का बेटा शिवांश अग्रवाल (19) बृहस्पतिवार शाम चार बजे रुचिखंड निवासी दोस्त प्रभात के घर जाने की बात कहकर निकला था। शाम करीब पांच बजे प्रभात के साथ वह रतनखंड स्थित पानी की टंकी पर पहुंचा। इसके बाद शिवांश टंकी पर चढ़ गया और प्रभात मोबाइल से वीडियो शूट कर रील बनाने लगा।

मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं: चौधरी

सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकारा: भूपेंद्र सिंह चौधरी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण के मतदान के रुझानों से स्पष्ट है कि हाथ और साइकिल चारों खाने चित हो चुके हैं। उन्होंने कहा प्रथम चरण में हुए मतदान के बाद उत्तर प्रदेश की सभी 8 सीटों पर कमल खिल चुका है। सपा और इंडी गठबंधन के झूठे प्रचार को जनता ने नकार दिया है। आम चुनाव 2024 की शुरुआत में ही इनके गठबंधन की हवा निकल गई है। इनके वादे और घोषणाएं सब झूठे और बेबुनियाद हैं। वो चाहे जिस डॉक्टर को ले आएं, लेकिन सपा गठबंधन का अब किसी डॉक्टर के पास कोई इलाज नहीं है।

उन्होंने पहले चरण के चुनाव के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर चुनाव आयोग, मतदान कर्मियों, सुरक्षा बलों सहित सभी मतदाताओं का अभिनंदन करते हुए लोकतंत्र के महायज्ञ को निर्विघ्नता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए बधाई दी एवं मतदाताओं का आभार जताया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने मुरादाबाद के बूथ संख्या 249, मतदान केन्द्र बिलसोनिया इंटर कॉलेज सिविल लाईन में परिवार के साथ मतदान किया। चौधरी ने कहा कि विपक्ष के लोग वोटों का अंकगणित जोड़ रहे हैं, लेकिन वो भूल गए हैं की पीएम मोदी अंकगणित से नहीं बल्कि वोटर्स के साथ केमिस्ट्री बनाकर , उनके सुख दुख का ध्यान रखके, उनके हितों में योजनाएं बनाकर एक कनेक्ट बनाते हैं।

मजलिसे सैय्युम आज

लखनऊ। शिया पी.जी. कॉलेज में बॉटनी के प्रोफेसर रहे डॉ. आबिद अली खान के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे सैय्युम शनिवार को आयोजित होगी। विक्टोरिया स्ट्रीट के बजाजा स्थित मस्जिदे शहरयारी में शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना तनवीर अब्बास नजफी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी दिन बजाजा स्थित स्वर्गीय के आवास पर शाम 4 बजे होगी। गोल्ड मेडलिस्ट प्रो. डॉ. आबिद अली खान शिया कॉलेज से वर्ष 2023 में सेवानिवृत्त हुए थे। स्वर्गीय ने 100 से अधिक शोधपत्र और 50 से अधिक पुस्तकें लिखी हैं। स्वर्गीय का निधन गुरुवार सुबह हुआ था, जिन्हें पुत्तन साहिबा की कर्बला में सुपुर्दे खाक किया गया। स्वर्गीय के परिवार में पत्नी प्रो. अजीज खान, दो पुत्र मुर्तजा आबिद और मुस्तफा आबिद हैं।

भाजपा का पहले दिन, पहला शो फ्लाप: अखिलेश

जनता को पसंद नहीं आई अदाकारी: अखिलेश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के पहले दिन सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि भाजपा का पहले दिन, पहला शो फ़्लाप हो गया है। जनता को अब न भाजपाइयों की अदाकारी अच्छी लग रही है, न कहानी, न घिसे-पिटे डॉयलॉग्स। भाजपा की खिड़की खाली है। उन्होंने कहा कि देश की जागरूक जनता को अपने नये भविष्य को चुनने के लिए अग्रिम बधाई और जिन समाजों ने परंपरा से हटके इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को खुलकर समर्थन व वोट दिया है और लगातार दे रहे हैं, उन सभी की नई राजनीतिक चेतना को नमन। पहले चरण के चुनाव में यूपी की आठ सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में मतदान हो रहा है। पहले चरण में 102 लोकसभा सीटों पर मतदान किया जा रहा है।

प्रदेश में सर्वाधिक गर्म प्रयागराज, दिन का तापमान 43.6

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। चढ़ते तापमान और लू का अहसास करातीं गर्म हवाओं ने शुक्रवार को प्रदेश में सर्वाधिक गर्म बनाया। प्रयागराज सर्वाधिक गर्म रहा। यहां पर दिन का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन के पारे में बृहस्पतिवार की अपेक्षा 1.4 और रात के पारे में 2.5 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं प्रदेश में बरेली, शाहजहांपुर, मेरठ, अलीगढ़ में दिन का पारा 39 डिग्री से 40 डिग्री के बीच रहा। सामान्य से अधिक तापमान हो जाने से पूरा प्रदेश गर्मी से बेहाल रहा। अधिकतम तापमान में 4 डिग्री तक की वृद्धि दर्ज की गई है।

29.4 डिग्री सेल्सियस पर सर्वाधिक गर्म बुलंदशहर में रात

बस्ती में ही न्यूनतम तापमान 19 डिग्री रहा। प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में रात का पारा 22.8 डिग्री से 29..4 डिग्री (फतेहगढ़) के बीच रहा। फतेहगढ़ में रात सर्वाधिक गर्म रही। बुलंदशहर में पारा 29 डिग्री, बाराबंकी में 27 डिग्री, वाराणसी में 26..8 डिग्री सेल्सियस रहा न्यूनतम तापमान। पूरे प्रदेश में रात का पारा सामान्य से 4.7 डिग्री तक अधिक रहा।

यहां सर्वाधिक गर्म हो सकती हैं रातें, रहें अलर्ट

मौसम वैज्ञानिक मो. दानिश के मुताबिक, प्रयागराज, प्रतापगढ़ वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर में रात के सर्वाधिक गर्म रहने की चेतावनी जारी की गई है।

इस सीजन में सर्वाधिक गर्म

आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शुक्रवार इस सीजन में सर्वाधिक गर्म रहा है। फिलहाल लू या हीट वेव कंडीशन कहीं नहीं है। हवाओं की रफ्तार काफी तेज है।

प्रवास कार्यक्रम

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह

लखनऊ। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार 20 अप्रैल को मथुरा के प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सायं 04:30 बजे छठीकरा वृन्दावन रोड, वैष्णोदेवी मंदिर प्रियाकान्त जू मंदिर के बीच का मैदान, मथुरा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार 20 अप्रैल को भीलवाडा, उदयपुर और जोधपुर (राजस्थान) के प्रवास पर रहेगें।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह बजे भीलवाड़ा (राजस्थान) में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02:00 बजे उदयपुर, (राजस्थान) में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् सायं 06 बजे जोधपुर (राजस्थान) में जनसभा एवं रोड शो करेंगे।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) भाजपा धर्मपाल सिंह

लखनऊ। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शनिवार 20 अप्रैल को जौनपुर और गाजीपुर के प्रवास पर रहेगें। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह बजे जौनपुर तथा दोपहर 02:30 गाजीपुर में आयोजित विभिन्न संगठनात्मक बैठकों को सम्बोधित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार 20 अप्रैल को कानपुर और इटावा के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह बजे घंटा घर चौराहा, कानपुर में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 0 बजे मोतीझील कलेट्रेट के सामने, इटावा में भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शनिवार 20 अप्रैल को सीतापुर और शाहजहांपुर के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सुबह बजे ग्रीन फील्ड स्कूल, हरगांव, सीतापुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 0 बजे मंदनापुर रोड, काठ रामलीला मैदान के पास, ददरौल, शाहजहांपुर में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

लखनऊ। केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा शनिवार 20 अप्रैल को फर्रूखाबाद और कन्नौज के प्रवास पर रहेगें। बीएल वर्मा सुबह नारायण आश्रम, फर्रूखाबाद में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे स्टार कोल्ड, छिबरामऊ, कन्नौज में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

प्रदेश सरकार मंत्री श्रीमती गुलाब देवी

लखनऊ। प्रदेश सरकार में मंत्री श्रीमती गुलाब देबी शनिवार 20 अप्रैल को मेरठ के प्रवास पर रहेगी तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होगी।

तृतीय चरण में नाम वापसी की अंतिम तिथि 22 अप्रैल

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तृतीय चरण की 10 लोकसभा सीटों के लिए कुल 182 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन के अंतिम दिन 19 अप्रैल को 85 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया। इसके पहले 97 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में तृतीय चरण की 10 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 19 अप्रैल को 85 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, उसमें:-

8-सम्भल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 19 अप्रैल को 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 09 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

16-हाथरस (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 19 अप्रैल को 07 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। 18-आगरा (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 19 अप्रैल को 06 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 05 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

19-फतेहपुर सीकरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 19 अप्रैल को 07 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

20-फिरोजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 19 अप्रैल को 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसके पहले 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था।

21-मैनपुरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 19 अप्रैल को 07 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

पीछे से घुसी पिकअप, चालक की मौत

लखनऊ। लखनऊ के गोसाईगंज के गंगागंज में बृहस्पतिवार देर रात सुल्तानपुर हाइवे पर स्थित उजमा हाउस के पास बने कट से टर्न हो रहे ट्रक में तेज रफ्तार में आ रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर पीछे से जा घुसी। हादसे में चालक समेत पिकअप सवार 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

सूचना पाकर गंगागंज चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आननफानन घायलों को सीएचसी गोसाईगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने पिकअप चालक को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य पांच लोगों की हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

उधर, हादसे के बाद ट्रक लेकर भाग रहे चालक को एसआई चंद्रशेखर सिंह ने पीछा कर पकड़ लिया।

हज कमेटी ऑफ इंडिया ने किरायें में की भारी कटौती

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हज कमेटी ऑफ इंडिया ने मुकद्दस हज यात्रा के लिए किराये की धनराशि में भारी कटौती की है। कमेटी ने तीसरी और आखिरी किस्त की घोषणा कर दी है। चयनित हज यात्रियों को हज यात्रा की तीसरी किस्त 27 अप्रैल तक जमा करना होगी। लखनऊ से सऊदी अरब जाने वाले हज यात्रियों को इस वर्ष कुल धनराशि के रूप में 3,39,100 रुपये जमा करने होंगे जबकि दिल्ली से जाने वाले प्रदेश के हज यात्रियों को 3,30,100 रुपये जमा करना होगा। हज 2023 में लखनऊ से रवाना होने वाले हज यात्रियों को 3,60,348 रुपये और दिल्ली से रवाना होने वाले हज यात्रियों ने 3,44,867 रुपये जमा किये थे। मुकद्दस हज यात्रा के लिए चयनित प्रदेश के हज यात्री अब तक दो किश्तों के रूप में कुल 2,51,800 रुपये जमा कर चुके हैं। लखनऊ से सऊदी अरब रवाना होने वाले हज यात्रियों को तीसरी किस्त के रूप में 87,300 और दिल्ली से रवाना होने वाले हज यात्रियों को 78,300 रुपये 27 अप्रैल तक जमा करना है। लखनऊ से हज यात्रा पर रवाना होने वाले हज यात्रियों को इस वर्ष 21,248 रुपये और दिल्ली से रवाना होने वाले हज यात्रियों को 14,767 रुपये की बचत होगी।

लैक्सर ने क्रिएटिव न्यूटैक को भारत में अपना वितरक नियुक्त किया

लखनऊ। फ्लैश मेमोरी प्रोडक्ट्स में 25 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, लैक्सर इस सेगमेंट में टॉप ग्लोबल ब्रांड है। तेजी से और अधिक टिकाऊ प्रोडक्ट्स बनाने के लिए, लेक्सर दुनिया भर में पेश करने वाली लैक्सर दुनियाभर में जाना-पहचाना नाम है। पिक्चर्स हों या वीडियो रिकॉर्डिंग्स, लैक्सर के मेमोरी सॉल्यूशंस शानदार परफॉरमेंस और भरोसे के साथ आते हैं। लैक्सर ने अब आधिकारिक रूप से न्यूटैक को भारत में अपने वितरक के रूप में नियुक्त करता है ताकि इसके फ्लैश मेमोरी सॉल्यूशंस को टैक्नोलॉजी पसंद करने वाले हर यूज़र तक आसानी से पहुंचाया जा सके। 1992 में स्थापित क्रिएटिव न्यूटैक ने आईटी, इमेजिंग, लाइफस्टाइल और रिटेल सिक्योरिटी इंडस्ट्रीज़ में अत्याधुनिक उत्पादों को पेश कर अपनी पहचान बनायी है।

जन्नत-उल-बकी के पुन: निर्माण के लिए हुआ प्रदर्शन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सऊदी अरब स्थित जन्नत-उल-बक़ी के विध्वंस के खिलाफ और पवित्र मजारों के पुनः निर्माण के लिए आज जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में सऊदी अरब सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मजलिस-ए-उलमा-ए-हिंद की ओर से आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में आले सऊद के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये गए, साथ ही जन्नत-उल-बक़ी के पुनः निर्माण की मांग भी की गई। नायब इमामे जुमा मौलाना सरताज हैदर जैदी ने कहा कि सभी मुसलमानों को संयुक्त रूप से रसूले खुदा (स) की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ), अइम्माए मासूमीन (अ.स), रसूले खुदा की पत्नियों और उनके सहाबियों के पवित्र मजारों के पुनः निर्माण की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब आले सऊद की हुकूमत खत्म हो जाएगी और जन्नत-उल-बकी का पुनः निर्माण होगा। मौलाना सईदउल हसन नकवी ने कहा कि बकी में पैगम्बर के परिवार और साथियों की कब्रों को आले सऊद ने ध्वस्त कर दिया था ये कहते हुए कि जो लोग इन कब्रों पर जाते हैं वे उनकी इबादत करते हैं। यह केवल मुस्लिम दुनिया को धोखा देने के लिए था, क्योंकि कोई भी मुसलमान किसी कब्र की इबादत नहीं करता, बल्कि इन कब्रों का सम्मान करता है। मौलाना इस्तफा रजा, मौलाना शबाहत हुसैन और डॉ हैदर मेहंदी ने भी सऊदी हुकूमत से जन्नत-उल-बक़ी के पुनः निर्माण की मांग की। मौलाना आदिल फराज ने कहा कि जन्नत-उल-बक़ी की तामीर और बैतउल-मुकद्दस की आज़ादी का मसला एक दूसरे से अलग नहीं है। याद रखना चाहिए जब तक कुद्स आजाद नहीं होगा जन्नत-उल-बकी का निर्माण भी मुमकिन नहीं है। अंत में मौलाना फिरोज हुसैन जैदी ने दुआ कराई। विरोध प्रदर्शन में गाजा में जारी इजरायली बर्बरता के खिलाफ भी नारे लगाए गए और तत्काल युद्धविराम की मांग की गई।

कर्बला मुंशी मुजफ्फर अली में मजलिस कल

लखनऊ। सऊदी अरब के मदीना मुनव्वरा स्थित जन्नतुल बकी की तामीर के लिए वक्फ कर्बला मुंशी मुजफ्फर अली गोसाइगंज में रविवार को एक मजलिस का आयोजन दोपहर 2 बजे किया जायेगा। मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद खिताब करेंगे। इसके बाद शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर जन्नतुल बकी के पुन- निर्माण के लिए सउदी हुकूमत से मांग की जायेगी।

मतदान का भाजपा को जनता ने पूरी तरह नकारा: डॉ. सी.पी. राय

अवधनामा ब्यूरो

भाजपा के पिछले 10 साल के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है: कांग्रेस

लखनऊ। कांग्रेस ने शुक्रवार को सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव के पहले चरण के बाद कहा कि जनता ने प्रदेश की 8 सीटों सहित देश की 102 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को पूरी तरह नकार दिया है। भाजपा इस चुनाव में बुरी तरह हारने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि भाजपा के पिछले 10 साल के झूठे वादों की पोल खुल चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार देश चलाने में पूरी तरह अक्षम और अयोग्य साबित हो चुके हैं। डॉ. राय ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में चली सत्ता विरोधी लहर आखिरी चरण तक आते-आते बवण्डर साबित होगी। डॉ. राय ने दावा किया कि भाजपा को जनता ने जितने भारी समर्थन से दो बार चुनाव जिताया था अब उतने ही ज्यादा वोटों से इस बार शिकस्त देकर सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मुद्दों पर फ्लॉप हो चुकी सरकार के प्रति जनता में भारी निराशा है। भ्रष्टाचार आसमान छू रहा है तो देश का रुपया पाताल में है। महंगाई ने देशवासियों की कमर तोड़ दी है और बेरोजगारी पिछले 45 साल का रिकार्ड तोड़ अपने चरम पर है। हर दिन देश के दो किसान और दो नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। किसान और युवा पिछले कई सालों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलित हैं, उन्हें रोजगार के बजाए मुकदमा, पुलिस की लाठियां और आंसू गैस के गोले मिलते रहे। डॉ. राय ने कहा कि महिलाओं की बात की जाए तो उनके प्रति प्रधानमंत्री की बड़ी-बड़ी बातें पूरी तरह से निरर्थक साबित हो चुकी हैं। जितनी भी परेशानियां हैं वह देश की आबादी के 85 प्रतिशत हिन्दुओं की भी हैं, लेकिन उन मुद्दों पर न बोलने, हिन्दुओं का साथ न देने से हिन्दुओं की ठेकेदारी का दंभ भरने वाले आरएसएस की असलियत भी सामने आ चुकी है।